www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:36

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.06 न्यू | 15.05 अधि |
| धर्मशाला | 7.02 न्यू | 21.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72271.94 |
| निफ्टी | 21741.90 |

सोना 63,970 चांदी 78,300

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | मंगलवार, 2 जनवरी 2024 | 18 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 15 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए

पठानिया परिवार ने जनसाली में बनवाया था श्रीराम का मंदिर...पेज 3

# सरयू के तट पर स्थापित होगी भगवान राम की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा

अनंत ज्ञान विशेष

**नव वर्ष** 2024 का शुभारंभ हो चुका है। नव वर्ष के पहले महीने में ही श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होने जा रहा है।




अब केवल चंद दिनों का फासला बचा है। अयोध्या में रामलला के विराजने के दिन का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। इसके लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। वहीं, 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के समय ही राम की नगरी अयोध्या में भगवान राम की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाई जाएगी, जो दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा होगी। इस मूर्ति को अयोध्या के सरयू नदी के तट पर स्थापित किया जाएगा।



## 823 फुट होगी प्रतिमा की ऊंचाई, जिसे पंच धातुओं के मिश्रण से बनाया जाएगा

**बेंगलुरु** के जीएल भट्ट, मैसूर के अरुण योगीराज और राजस्थान के सत्यनारायण पांडेय ने रामलला की तीन मूर्तियां बनाई हैं। इनमें मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने 51 इंच लंबी रामलला की मूर्ति बनाई है, जिसमें भगवान राम धनुष और तीर धारण किए हुए हैं।

## गर्भगृह में मोदी और योगी समेत पांच लोग रहेंगे

**प्राण** प्रतिष्ठा के समय गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संघ प्रमुख मोहन भागवत और मंदिर के आचार्य (मुख्य पुजारी) मौजूद रहेंगे। सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी प्रभु श्रीराम को आईने में उनका चेहरा दिखाएंगे।

## लग्जरी होटल को मात दे रही आधुनिक टेंट सिटी



**भव्य** जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व ही पूरी दुनिया के श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा है। ऐसे में, उनकी आवभगत के लिए पीएम मोदी के विजन और सीएम योगी के क्रियान्वयन के फलस्वरूप अयोध्या में कई प्रकार की सुविधाओं का विकास हो रहा है। इन्हीं में से एक है यहां की आधुनिक टेंट सिटी, जिसे अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) डेवलप कर रही है। एडीए की ये टेंट सिटीज डबल ऑक्यूपेंसी वाली लग्जरी व सेमी लग्जरी कैटेगरी सुइट बेस्ड हैं। यहां ठहरने वाले श्रद्धालुओं को प्रकृति की छांव में पौराणिक व आधुनिक अयोध्या के समावेश की अनुभूति होगी।

## अयोध्या पर जजों ने सर्वसम्मति से लिया था फैसला : सीजेआई



सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को राम मंदिर मामले में फैसलों को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि अयोध्या मामले में न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया था कि फैसला किसने लिखा है, उसका उल्लेख नहीं होगा। एक इंटरव्यू में सीजेआई ने कहा कि संघर्ष के लंबे इतिहास और विविध दृष्टिकोणों को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या मामले में एक स्वर में फैसला सुनाने का निर्णय लिया था। तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली विशेष बेंच (जिसमें जस्टिस शरद अरविंद बोबडे, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ (अब सीजेआई), जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस अब्दुल नजीर) ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था। इसके अलावा सीजेआई चंद्रचूड़ ने समलैंगिग विवाह पर कहा कि अदालतों की पीठ में शामिल जजों के लिए फैसला करना कभी भी व्यक्तिगत नहीं होता, कोई पछतावा भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि समलैंगिक जोड़ों को अपने अधिकार हासिल करने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी, इसे स्वीकार करना होगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### दक्षिण ब्राजील में मुठभेड़; सात गैंगस्टर ढेर, हथियार बरामद

**रियो डी जनेरियो।** दक्षिणी ब्राजील में पुलिस और एक आपराधिक गिरोह के बीच मुठभेड़ में सात गैंगस्टर मारे गए। दक्षिणी पराना राज्य की राजधानी कूर्टिबा के पारोलिन जिले में गोलीबारी हुई। सैन्य पुलिस ने कहा कि उन्हें साइट पर 10 हथियार, दो बुलेटप्रूफ जैकेट, एके-47 के कारतूस और पिस्तौल को लंबी दूरी की आग्नेयास्त्रों में बदलने के उपकरण मिले हैं।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग का मुख्य सदस्य राजस्थान में गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने वांटेड अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की ओर से संचालित सोपू गिरोह का सदस्य है। जोधपुर में विश्नोइयों की ढाणी निवासी अनिल बिश्नोई को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पर 25,000 रुपए का इनाम था और वह पिछले चार साल से वांटेड था।

### शीतलहर की चपेट में दिल्ली और पंजाब समेत 19 राज्य

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत देश के 19 राज्यों में कोहरे ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। विजिबिलिटी कम होने के कारण 21 ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं चल सकीं। वहीं, जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी होने से श्रीनगर में पारा माइनस पांच डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। डल झील पर हल्की बर्फ की परत देखने को मिली है। पंजाब के कई जिलों में तापमान में भारी गिरावट आई है।

## टॉप स्टोरीज

शिमला के जुब्बल में आग ने मचाया तांडव, सात घरों के 80 कमरे जलकर राख ...पेज 2

सीएम ने किए 198 करोड़ की 13 परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास ...पेज 3

नए 'हिट एंड रन कानून' का विरोध आठ राज्यों में ड्राइवर्स की हड़ताल ...पेज 16

एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634

ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065

# हाटी को एसटी का दर्जा

## सुक्खू कैबिनेट की हरी झंडी के बाद अधिसूचना जारी

- नए साल के पहले दिन गिरिपार के लोगों को मिला तोहफा
- तीन लाख से ज्यादा लोग होंगे लाभान्वित
- 56 साल से संघर्षरत थे इस समुदाय के लोग

अरविंद शर्मा, शिमला

**सुक्खू** सरकार ने हाटी समुदाय को जनजातीय का दर्जा दे दिया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सरकार ने हाटी को जनजातीय का दर्जा देने की अधिसूचना जारी कर दी है। नए साल पर सरकार ने कैबिनेट की बैठक में सौगातें दी हैं।

प्रदेश मंत्रिमंडल ने बेरोजगार युवाओं के लिए राजीव गांधी स्टार्टअप स्कीम चरण दो को शुरू करने की मंजूरी दी है। सुखाश्रय योजना के तहत दिव्यांग बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए इंटीग्रेटिड स्कूल और कॉलेज खोलने की भी मंजूरी प्रदान की है।

कैबिनेट के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रेसवार्ता में कहा कि केंद्र सरकार से हाटी समुदाय को जनजातीय का दर्जा देने को लेकर क्लेरिफिकेशन मांगी गई थी। शनिवार रात को इसकी सूचना आई है और 10 घंटे में ही प्रदेश सरकार ने अपनी घोषणा के अनुरूप हाटी समुदाय को न केवल जनजातीय का दर्जा दिया, बल्कि इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। 56 साल से संघर्षरत थे। इस समुदाय के 154 पंचायतों के तीन लाख से ज्यादा लोग होंगे लाभान्वित होंगे। तीन जनवरी को सीएम खुद नाहन में हाटी समुदाय के बीच में होंगे और वहां उनको संबोधित करेंगे। (अनंत ज्ञान)



शिमला में सोमवार को मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### राजीव गांधी स्टार्टअप से सोलर प्लांट लगा सकेंगे बेरोजगार

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि गांव में रहने वाले बेरोजगारों को स्टार्टअप स्कीम से जोड़ा जाएगा। सरकार ने राजीव गांधी स्टार्टअप योजना चरण दो शुरू करने जा रही है। सीएम ने कहा कि इस योजना के तहत बेरोजगार युवा अपनी बंजर हो चुकी जमीन पर सोलर पावर प्लांट लगा कर आय के साधन जुटा सकते हैं। तीन बीघा जमीन दी जाएगी, जिस पर वह सोलर प्लांट लगा सकेंगे। इसके लिए बेरोजगार युवाओं को जमीन के साथ 10 फीसदी सिक्योरिटी मनी देनी होगी। 40 लाख में 100 किलोवॉट का सोलर प्लांट लगेगा, जिसकी सिक्योरिटी मनी चार लाख जमा करवानी होगी, बाकी पैसे का इंतजाम सरकार करेगी और हर महीने संबंधित व्यक्ति को 20 हजार दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर व्यक्ति 200 किलोवॉट का प्लांट लगाता है, तो हर महीने का 40 हजार रुपए संबंधित व्यक्ति को सरकार देगी। इस योजना के लिए सरकार 240 करोड़ रुपए की इक्विटी बिजली बोर्ड को देगी।

- बेरोजगार युवाओं को देनी होगी जमीन के साथ 10 फीसदी सिक्योरिटी मनी

### दिव्यांगों के लिए खुलेंगे स्कूल और कॉलेज

**प्रदेश** सरकार ने दिव्यांगों के लिए स्कूल और कॉलेज खोलने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई के लिए अब तक स्टैंडर्ड का कोई कॉलेज नहीं है। इसे देखते हुए कैबिनेट ने नए साल के पहले दिन दिव्यांगों के लिए योजना लाने का फैसला लिया है, जो आने वाले समय में धरातल पर नजर आएगा। दिव्यांग की क्वालिटी एजुकेशन के लिए लेटेस्ट मॉडल की शिक्षण सुविधा देंगे और कालेज बनाने का कैबिनेट ने फैसला लिया है। आधुनिक सुख सुविधा से लैस इंटीग्रेटिड स्कूल एवं कॉलेज का निर्माण किया जाएगा।

### आठ जनवरी से होगी गांव के द्वार योजना शुरू

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि आठ जनवरी से सरकार गांव के द्वार योजना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के सभी सदस्य और विधायक अपनी-अपनी पंचायतों का दौरा करेंगे और योजनाओं के बारे में बताएंगे।

# प्रदेश में पेट्रोल-डीजल के लिए मची अफरा-तफरी

- ज्यादातर पंप हो गए ड्राई, वाहनों की लगी लंबी-लंबी लाइनें
- आज से बसें, ट्रक और सब्जी की सप्लाई पर पड़ेगा असर
- हड़ताल के कारण पेट्रोल-डीजल लेकर नहीं पहुंचे टैंकर



हमीरपुर में सोमवार को पेट्रोल पंप पर लगा दोपहिया वाहनों का जमघट।

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**देशव्यापी** ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल का असर हिमाचल में भी पड़ा है। पेट्रोल-डीजल पंप लगभग ड्राई हो गए हैं। सोमवार को दिनभर वाहन चालक डीजल और पेट्रोल की मारामारी में लगे रहे।

हर कोई पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल भरवाने के लिए पहुंच रहा था और शाम होते-होते यहां पंप ड्राई हो गए। प्रशासन ने अब इन पेट्रोल पंपों में इमरजेंसी के लिए पेट्रोल-डीजल रखने की हिदायतें दी हैं। रसोई गैस की भी मंगलवार से किल्लत होने वाली है, क्योंकि सिलेंडर लेकर आने वाले गाड़ियां हिमाचल नहीं पहुंच रही हैं। हिंदुस्तान पेट्रोलियम के प्रदीप कुमार भारद्वाज का कहना था कि टैंकर तेल लेकर नहीं पहुंच रहे हैं। हिमाचल में करीब 700 से 800 पेट्रोल पंप हैं और सभी पेट्रोल-डीजल पंप ड्राई हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### हमीरपुर में 42 और कांगड़ा में 132 पेट्रोल पंप

**हमीरपुर** में करीब 42 पेट्रोल पंप हैं। सभी लगभग ड्राई हो गए हैं। कांगड़ा जिले में 132 के करीब हैं। इन पर भी इक्का-दुक्का पंपों को छोड़कर बाकी सभी ड्राई हैं। मंडी में भी 60 से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ तेल बचा है, बाकी सभी ड्राई हो चुके हैं। शिमला के पेट्रोल पंपों पर तो ड्राई के फट्टे लग गए हैं।

> **कुछ** पेट्रोल पंपों पर तेल है, लेकिन अब यह समस्या राष्ट्रीय स्तर की है। इसलिए इस बारे में और ज्यादा कुछ कहा नहीं जा सकता।
> **-अरविंद शर्मा, खाद्य आपूर्ति नियंत्रक, हमीरपुर।**

## रामपुर के खनोटू में खाई में गिरी कार; तीन की मौत, एक जख्मी

**शिमला।** शिमला जिले के रामपुर में रविवार रात को एक अनियंत्रित कार खाई में गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक सवार घायल हुआ है। घायल का खनेरी अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह हादसा रामपुर की नोगली-तकलेच सड़क पर खनोटु के पास पेश आया। मृतकों की पहचान प्रकाश चंद नेगी (52) पुत्र फियान दास गांव खनोटु, तहसील रामपुर, महावीर पुत्र (32) सुभाष चंद्र गांव करदाल, तहसील सलूनी, चंबा जिले के रूप में हुई है। योगादत (37) पुत्र ब्रह्मानंद गांव व डाकघर डांनसा, तहसील रामपुर की मौत हुई है। घायल ओमकार चंबा जिले का रहने वाला है। एएसआई तकलेच देवराज ने बताया कि तीन व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। घायल का खनेरी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



खाई में गिरी अनियंत्रित कार।

## मूसेवाला मर्डर का मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ आतंकी घोषित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्र सरकार ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के राइट हैंड और पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ को आतंकी घोषित किया है।



गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि गोल्डी बराड़ प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है। गृह मंत्रालय ने कहा कि गोल्डी बराड़ को सीमा पार स्थित आतंकवादी एजेंसियों का समर्थन मिलता है और वह कई हत्याओं में शामिल रहा है।

## जापान में 7.4 तीव्रता का भूकंप, मलबे में दबे कई लोग

### तीन घंटे में लगे 30 झटके; समुद्र में उठ रही चार फुट ऊंची लहरें, सुनामी का खतरा

एजेंसी, टोक्यो

**जापान** में सोमवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद यहां सुनामी आ गई। वाजिमा शहर में करीब चार फुट ऊंची (1.2 मीटर) लहरें उठ रही हैं। जापान के तट पर सुनामी की लहरें टकरा रही हैं।

तीन घंटे में भूकंप के 30 झटके लगे हैं। कई लोग मलबे में फंस गए हैं। वहीं, हजारों घरों की बिजली गुल हो गई है। सड़कों पर चौड़ी दरारें आ गई हैं। भूकंप के झटके महसूस किए जाने के तुरंत बाद जापानी सरकार ने सुनामी की चेतावनी जारी कर दी है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव ने कहा कि खतरा अभी टला नहीं है। कोस्टल एरिया में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा गया है। वाजिमा शहर में एक बिल्डिंग गिर गई है और मलबे में कई लोग दब गए हैं। शहर के हजारों घरों में बिजली नहीं है। जापान सरकार ने लोगों से इशिकावा, निगाता, तोयामा और यामागाता प्रांतों के तटीय इलाकों को छोड़ने के लिए कहा है। प्रमुख सड़कें बंद और कई ट्रेनें रोक दी है। नॉर्थ कोरिया और रूस ने अपने सखालिन आइलैंड में अलर्ट जारी किया है।



जापान में आए भूकंप के बाद सड़क पर आई दरारें।

### भारतीय दूतावास ने जारी किए इमरजेंसी नंबर

**जापान** में सोमवार को तेज भूकंप और सुनामी के बाद भारतीय दूतावास ने एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित करके भारतीय नागरिकों के लिए आपातकालीन नंबर जारी किए हैं। दूतावास ने कहा कि किसी भी सहायता के लिए आपातकालीन नंबरों और ई-मेल आईडी पर संपर्क करें।

**योजना** सबसे ताकतवर फाइटर जेट किया जाएगा अपग्रेड, विरुपाक्ष रडार से लैस होगा

# 20 साल तक वायुसेना के बेड़े में रहेगा सुखोई-30

एजेंसी, नई दिल्ली

**वायुसेना** सुखोई-30 एमकेआई युद्धक विमानों का सेवाकाल 20 से अधिक वर्ष बढ़ाने की योजना बना रही है। इन विमानों को करीब दो दशक पहले वायुसेना में शामिल करना प्रारंभ किया था। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायुसेना अपने विमानों का सेवाकाल बढ़ाने के लिए एयरफ्रेम एवं विमान के अन्य हिस्सों पर व्यापक परीक्षण करती है और ऐसा करने का उसके पास अनुभव भी है। जेट में कई टेस्ट और बदलाव किए जाएंगे।

वायुसेना के अधिकारियों ने कहा कि सुखोई को अपग्रेड करने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की मदद ली जा रही है। यह रूसी फाइटर जेट सितंबर 2002 से वायुसेना में शामिल है। लेटेस्ट एवियोनिक्स, हथियार और देश में तैयार हुए विरुपाक्ष रडार से लैस किया जा रहा है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारतीय वायुसेना सक्रिय रूप से अपने उपकरण सूची को स्वदेशी बनाने के मिशन पर काम कर रही है। जल्द भारतीय कंपनियों से तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के उपकरण खरीदने की तैयारी है।

- कई टेस्ट और बदलाव किए जाएंगे



- इंडियन एयरफोर्स के पास 260 से ज्यादा सुखोई-30 एमकेआई हैं।
- 2002 में एयरफोर्स के फ्लीट में किया था शामिल

### 12 सुखोई फाइटर जेट खरीदे जाएंगे

**सितंबर** 2023 में भारत सरकार ने 45,000 करोड़ रुपए के नौ रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। इसके तहत 12 सुखोई लड़ाकू प्लेन (एसयू-30 एमकेआई) और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें ध्रुवास्त्र खरीदी जाएंगी। साथ ही डोर्नियर विमान का अपग्रेडेशन किया जाएगा।

### उतरलाई एयरबेस के अलावा अन्य जगहों पर हैं मिग-21 तैनात

**नवंबर** 2023 में बाड़मेर के उतरलाई एयरबेस पर तैनात मिग-21 की एक स्क्वाड्रन को सुखाई-30 एमकेआई की स्क्वाड्रन से रिप्लेस किया गया था। इस एयरबेस पर सुखाई-30 एमकेआई की दो स्क्वाड्रन तैनात हैं। बाड़मेर जिले में पिछले नौ साल में आठ मिग क्रैश हो चुके थे। इसके बाद मिग-21 को एयरबेस से हटाने की चर्चा शुरू हुई थी। हालांकि देश में उतरलाई के अलावा बाकी जगहों पर मिग-21 की तैनात है।

# एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट मिशन लांच, 'ब्लैक होल' की होगी स्टडी

## भारत का पहला और दुनिया का दूसरा मिशन

- इस साल ड्रॉप टेस्ट, 12 मिशन होंगे लांच
- हेलिकॉप्टर से ड्रॉप टेस्ट भी करेंगे : एस सोमनाथ

एजेंसी, बेंगलुरु

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को एक और इतिहास रच दिया है। एक्सपोसैट (एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट) मिशन को लांच किया गया। इसका उद्देश्य ब्लैक होल जैसे आकाशीय पिंडों के रहस्यों का अध्ययन करना है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी (इसरो) के चेयरमैन एस सोमनाथ ने बताया कि साल 2024 गगनयान मिशन की तैयारियों का साल होगा।

इस साल इसरो ने 12 मिशन लांच करने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही हम हेलिकॉप्टर से ड्रॉप टेस्ट भी करेंगे, जिसमें पैराशूट सिस्टम की जांच की जाएगी। इसी तरह के कई ड्रॉप टेस्ट किए जाएंगे।



**21** मिनट बाद पृथ्वी की 650 किलोमीटर ऊपर की कक्षा में स्थापित किया।

### नए साल की शानदार शुरुआत : पीएम



**हमारे** वैज्ञानिकों की बदौलत 2024 की शानदार शुरुआत हुई। एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट मिशन स्पेस सेक्टर में भारत की क्षमता को बढ़ाएगा। देश को अभूतपूर्व ऊंचाई तक ले जाने के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और संपूर्ण अंतरिक्ष जगत को बहुत शुभकामनाएं।

# नए साल के पहले दिन मंदिरों में लगीं श्रद्धालुओं की कतारें, भक्तों ने नवाया शीश

नववर्ष के पहले दिन प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों, माता के मंदिरों में शीश नवाने वालों का तांता लगा रहा। सोमवार सुबह जब मंदिरों के कपाट खुले तो मां के दर्शन करने वालों की पंक्तियां लग चुकी थीं। माता के मंदिरों चिंतपूर्णी, ज्वाला मुखी, नयना देवी, बगलामुखी, शूलिनी माता मंदिर, चामुंडा माता मंदिर व बाबा बालक नाथ मंदिर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। नए साल के मौके पर मंदिरों के बाहर समाजसेवियों ने लंगरों का भी आयोजन किया।


नयना देवी माता मंदिर


चामुंडा माता मंदिर


चिंतपूर्णी माता मंदिर



बाबा बालक नाथ मंदिर


बगलामुखी माता मंदिर


शूलिनी माता मंदिर


ज्वाला जी माता मंदिर

## राम जी का अयोध्या धाम


**भगवान** श्रीराम के भव्य मंदिर का सपना, जो कि पूरी दुनिया के करोड़ों लोगों ने एक साथ देखा था, वह अब साकार होने जा रहा है। भगवान श्रीराम के इस भव्य मंदिर के बनने से भक्तों का कल्याण होगा। अयोध्या में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की सभी को अग्रिम बधाई।

**सुदर्शना ठाकुर, अध्यक्ष राधा एनजीओ मनाली एवं प्रसिद्ध समाजसेवी।**


**अयोध्या** में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के मंदिर का बनना हम सभी देशवासियों के लिए बड़े ही हर्ष और गौरव का विषय है। करोड़ों भक्तों की उम्मीदों का यह भव्य मंदिर हम सभी भक्तों के लिए कल्याणकारी सिद्ध हो ऐसी कामना करती हूं।

**कल्पना ठाकुर, पूर्व मिसेज क्लासिक एशिया इंटरनेशनल 2017 एवं पर्यावरणविद।**


**अयोध्या** नगरी में भगवान श्रीराम मंदिर का भव्य मंदिर बनने से देश दुनिया में सनातन प्रेमियों में उत्साह है। मंदिर निर्माण से यहां धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर की सभी सनातन प्रेमियों को अग्रिम शुभकामनाएं।

**उमेश शर्मा**
**नगर निगम सोलन कर्मचारी।**


**प्रभु** श्री राम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का सभी को बेसब्री से इंतजार है। सनातन प्रेमियों को आख़िरकार सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले से न्याय मिला है। अब प्रभु राम फिर से अपने गर्भ गृह में स्थापित होंगे। इससे खुद को गौरव की अनुभूति हुई है।

**नरेश ठाकुर**
**सपरून, सोलन।**

## हाटी समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की भेंट

**शिमला।** सिरमौर जिले के हाटी समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को यहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में अधिसूचित करने के लिए आभार व्यक्त किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार को विगत शनिवार सायं केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ है और सोमवार को राज्य सरकार ने इस संबंध में अविलंब अधिसूचना जारी कर दी। उन्होंने कहा कि तीन जनवरी को सिरमौर जिले के अपने प्रस्तावित दौरे के दौरान वह हाटी समुदाय को इस दर्जे की औपचारिक घोषणा करेंगे। इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हाटियों को नए साल का तोहफा

## गिरिपार के लोगों ने मनाया जश्न, केंद्र के स्पष्टीकरण के बाद प्रदेश सरकार ने लागू किया एक्ट

**प्रीति चौहान, पांवटा साहिब**

जिला सिरमौर के ट्रांसगिरी क्षेत्र के हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा मिल गया है। हाटी को एसटी का दर्जा देने को लेकर केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मिलने के बाद सुक्खू सरकार ने यह निर्णय लिया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

गिरिपार क्षेत्र के जिस हाटी समुदाय को बड़ी खुशखबरी का इंतजार था वह नए वर्ष के पहले ही दिन मिल गई। हिमाचल प्रदेश सरकार ने हाटी एसटी अधिनियम को राज्य में लागू कर दिया है। इस बाबत प्रिंसिपल सेक्रेटरी ओंकार चंद शर्मा ने एक पत्र जारी कर दिया है, जिसमें हाटी समुदाय को एसटी दर्जा लागू करने की बात कही गई है। इसके बाद पूर्व विधायक बलदेव तोमर ने भी यह पत्र शेयर कर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का अपना वादा निभाने के लिए आभार जताया है। कयास लगाए जा रहे थे कि हाटी समुदाय के जनजातीय घोषित होने के अधिनियम को हिमाचल सरकार नव वर्ष के पहले दिन प्रदेश में लागू कर सकती है।


शिमला में पत्रकारों को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

हालांकि इसे लागू करते-करते प्रदेश सरकार को करीब चार माह का समय लग गया, लेकिन हाटी समुदाय के लोगों को अब उनका हक मिल गया। बता दें कि रविवार 31 दिसंबर 2023 को हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और शिलाई के पूर्व विधायक बलदेव तोमर ने पांवटा साहिब में पत्रकार वार्ता कर खुलासा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने हाटी मामले पर केंद्र सरकार से जो स्पष्टीकरण मांगा था। वह स्पष्टीकरण केंद्र ने भेज दिया है।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते थे कि यह मुद्दा कभी भी हल नहीं होगा, मगर आज वह पल आया है कि कई वर्षों पहले जो सपना देखा था वह पूरा हुआ है। उन्होंने समस्त क्षेत्र वासियों को बधाइयां दीं।

### तीन लाख लोगों को मिला लाभ

**हाटी** समुदाय में करीब तीन लाख लोग चार विधानसभा क्षेत्र शिलाई, श्रीरेणुकाजी, पच्छाद तथा पांवटा साहिब में रहते हैं। जिला सिरमौर की कुल 269 पंचायतों में से ट्रांसगिरी में 154 पंचायतें आती हैं। इन 154 पंचायतों की 14 जातियों तथा उपजातियों को एसटी संशोधित विधेयक में शामिल किया गया है। ट्रांसगिरी क्षेत्र में हाटी समुदाय के लोग 1967 से उत्तराखंड के जौनसार बाबर को जनजाति दर्जा मिलने के बाद से संघर्षरत थे। लगातार कई वर्षों तक संघर्ष के बाद केंद्रीय कैबिनेट ने हाटी समुदाय की मांग को 14 सितंबर 2022 को अपनी मंजूरी दी थी।

## स्कूटी-जीप की टक्कर में दो वर्षीय बच्चे की मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पुलिस थाना घुमारवीं के अंतर्गत गांव हारकुकार के पास एक स्कूटी तथा जीप की टक्कर में राह चलते दो वर्षीय बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद घुमारवीं के तहत आने वाले हारकुकार कस्बे के पास एक स्कूटी चालक दोपहर करीब तीन बजे अपने दो बच्चों को स्कूल से घर वापस ला रहा था कि अचानक एक दो वर्षीय बच्चा स्कूटी के आगे आ गया।

स्कूटी चालक ने उसे देखकर अचानक ब्रेक लगाई, लेकिन इससे पहले की स्कूटी रुक पाती पीछे से आ रही एक जीप ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इसके टक्कर के बाद जीप स्कूटी को काफी दूर तक घसीटती हुई अपने साथ ले गई, जिनकी चपेट में राह चलता बच्चा भी आ गया। इस घटना में स्कूटी चालक उसके के दोनों बच्चे तथा राह चलता बच्चा घायल हो गए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से घायल बच्चों तथा स्कूटी चालक को सिविल अस्पताल घुमारवीं में पहुंचाया, जहां पर बच्चे को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया, जबकि स्कूटी पर सवार बच्चों में से एक बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे एम्स अस्पताल बिलासपुर रेफर कर दिया गया, जबकि दूसरे बच्चे का सिविल अस्पताल घुमारवीं में ही इलाज किया जा रहा है ।

# शिमला के जुब्बल में आग ने मचाया तांडव

## करोड़ों का नुकसान; सात घरों के 80 कमरे जलकर राख, मौके का जायजा लेने पहुंचा प्रशासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला जिले के तहत जुब्बल के परोंठी में घरों में भीषण आग लग गई, जिसमें सात घरों के लगभग 80 कमरे जलकर राख हो गए। आग लगने की यह घटना रविवार रात करीब सवा एक बजे सामने आई है। जुब्बल फायर स्टेशन को इसकी सूचना रात करीब डेढ़ बजे मिली। आग की सूचना मिलते ही जुब्बल, कोटखाई, रोहड़ू और चिड़गांव से करीब आधा दर्जन दमकल वाहन मौके पर पहुंचे, मगर तब तक आग ज्यादातर घरों को अपनी चपेट में ले चुकी थी।

इस अग्निकांड में ज्यादातर लोग घरों से कुछ भी सामान बाहर नहीं निकाल पाए। आग के समय गांव के कुछ परिवार ऐसे भी हैं, जो घटना के वक्त घर पर नहीं थे। वे शिमला में थे और न्यू ईयर का जश्न मना रहे थे।


जुब्बल के परोंठी में घरों में भीषण आग लगने से उठती लपटें।

आग पर छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू लिया गया है, लेकिन ज्यादातर परिवारों का सामान जलकर रखा हो गया है। गनीमत यह रही कि आग की इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। आग पर सुबह सात बजे तक काबू पाया जा सका। हालांकि इसके बाद भी घरों से धुंआ उठ रहा था। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचकर आग से हुए नुकसान के आकलन में जुटा हुआ है।

### बंजार में अढ़ाई मंजिला मकान में लगी आग



**बंजार।** नववर्ष के पहले दिन बंजार घाटी की खाड़ागाढ़ पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव कोठाची में सुबह करीब 11 बजे काठकूनी शैली से बना छह कमरों के अढ़ाई मजिला मकान अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि गांव से कुछ दूरी पर बने मकान में एक हिस्से से अचानक भड़की। आग से उठता धुआं देख कर ग्रामीण सकते में आ गए। यह मकान बालक राम (49) पुत्र झड़ू राम गांव कोठाची तहसील बंजार जिला कुल्लू का था । फायर इंचार्ज मान सिंह ने बताया गया कि दमकल विभाग को जब इस आगज़नी के बारे में सूचना मिली तो दमकल विभाग फौरन अपनी टीम के साथ आगज़नी वाले जगह पर पहुंचा। सड़क गांव से लगभग 400 मीटर दूर होने व संकरी होने के कारण दमकल का छोटा वाहन ही घटनास्थल तक जा पाया पर दमकल विभाग व ग्रामीणों की मुस्तेदी से पेयजल पाइपों से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। आग इस कदर भड़क चुकी थी कि देखते ही देखते पूरा मकान आग की चपेट में आ गया, जिस समय आग भड़की उस समय बालक राम का परिवार अपने खेतों पर कार्य करने के लिए गया हुआ था। निचली मंजिल में पशुओं को वक्त रहते निकाल लिया गया, मगर घर पर रखा सारा जरूरी सामान आग की भेंट चढ़ गया। बताया जा रहा है कि इस आगजनी की घटना में लगभग 15 लाख की संपत्ति जल कर राख हो गई।

### शिक्षा मंत्री ने आग लगने की घटना पर व्यक्त किया दुख

**शिमला।** शिक्षा मंत्री राहित ठाकुर ने जुब्बल उपमंडल के अंतर्गत ग्राम परोंठी में रविवार रात को घरों में आग लगने की घटना पर दु:ख व्यक्त किया है। इस दुखद घटना के कारण दस परिवार प्रभावित हुए हैं।



शिक्षा मंत्री ने प्रशासन को सभी प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवारों को 1.50 लाख रुपए की फौरी राहत राशि, 28 कंबल, सात किचन सैट व अन्य राहत सामग्री उपलब्ध करवाई गई है। बता दें कि इस अग्निकांड में सात घरों के लगभग 80 कमरे जलकर राख हो गए। आग लगने की यह घटना रविवार रात करीब सवा एक बजे सामने आई है।

# गुरुग्राम की मिसेज संवेदना के सिर सजा न्यू ईयर क्वीन का ताज

## रोपड़ के नीता-राजेश को मिला बेस्ट डांसिंग कपल का अवार्ड

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

विश्व प्रसद्ध पर्यटन नगरी मनाली के क्लब हाउस में पर्यटन निगम द्वारा आयोजित नववर्ष संध्या में हरियाणा के गुरुग्राम की मिसेज संवेदना के सिर पर न्यू ईयर क्वीन का ताज सजा है। पर्यटन निगम मनाली के क्लब हॉउस में आयोजित कार्यक्रम में संवेदना को न्यू ईयर का ताज पहनाया गया।



इस अवसर पर मनाली क्वीन के हाथों से नववर्ष का केक भी कटवाया गया। पंजाब के रोपड़ निवासी मिसेज नीता व मिस्टर राजेश बेस्ट डांसिंग कपल के अवार्ड से सम्मानित किए गए। बेस्ट डांसिंग कपल का खिताब भी इसी जोड़ी ने जीता, जबकि दिल्ली के मिस्टर दीपक और मिसेज शालिनी ने लेमन डांस में बेहतरीन प्रस्तुति से खिताब पर कब्जा जमाया। पर्यटन निगम ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर क्लब हाउस को दुल्हन की तरह सजाया था। सैलानियों का स्वागत कुल्लवी वाद्य यंत्रों की धुन पर टोपी और मफलर पहनकर किया गया। पर्यटन विकास निगम के उपमहाप्रबंधक बीएस ओक्टा ने बताया कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर पर्यटकों के लिए आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए। मनाली क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। (अनंत ज्ञान)

### छह हजार में बिका केक

**नववर्ष** की पूर्व संध्या पर क्लब हाउस में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान रात 12ः00 बजे परिणाम घोषित किए गए। मनाली क्वीन के एलान के बाद केक काटा गया। इस वर्ष की मनाली क्वीन बनी संवेदना ने केक काटा। संवेदना के साथ केक काटने के लिए केक की बाकायदा बोली लगाई गई। केक की बोली छह हजार में छूटी। मनाली के सुंदर ठाकुर ने छह हजार में केक की बोली लगाई। उन्होंने मनाली क्वीन बनीं संवेदना के साथ केक काटा। संवेदन ने बताया कि वह पति के साथ नव वर्ष मनाने मनाली आई है। अटल टनल व बर्फ से ढकी वादियां देखकर वो खासे उत्साहित हुए। उन्होंने कहा कि मनाली बहुत सुंदर शहर है। इसकी सुंदरता बनाए रखने में सभी को अपना सहयोग देना चाहिए।

टिप्पणी

## पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर बोले- गिरिपार क्षेत्र के लोगों को शुभकामनाएं

# हमने जो वादा किया था, वह निभा दिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा दिए जाने संबंधित अधिसूचना जारी होने पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि गिरिपार क्षेत्र के हाटी समुदाय के साथ किया अपना वादा मैंने निभा दिया। सभी को शुभकामनाएं, जो हक 56 साल पहले मिल जाना चाहिए था। उसके लिए आज भी रोड़े अटकाने का प्रयास हुआ।

राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद भी हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देने से रोकने का प्रयास किया गया। एक स्पष्ट निर्देश होने के बाद भी स्पष्टीकरण के नाम पर पांच महीनें तक चीजों को अटकाने की कोशिश हुई। यह दुखद है। उन्होंने कहा कि वह आश्वस्त हैं कि जनजातीय दर्जा मिलने के बाद विकास के दृष्टि से पीछे रह गए हाटी समुदाय के लोग भी तेजी से आगे बढ़ेंगे और परस्पर सौहार्द बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि हाटी समुदाय को यह दर्जा 1968 में ही मिल जाना चाहिए था, जब उत्तराखंड के जौनसार बावर के जौनसारी समुदाय को मिला था, क्योंकि हाटी समुदाय और जौनसारी समुदायों के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक के साथ ही भौगोलिक समानता भी थी, तब गिरिपार के साथ अन्याय हुआ था।


फाइल फोटो

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस समय सरकार को हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के प्रावधानों में अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए थी, उस समय कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने उस कानून को अटकाने, भटकाने और लटकाने के तरीके खोजने में अपनी ऊर्जा खर्च कर रही थी। आखिरकार स्पष्टीकरण के नाम पर इस कानून को लागू करने से रोकने का प्रयास किया गया, जबकि हमारी सरकार के समय बने ड्राफ्ट में ही सरकार द्वारा पूछे गए तीनों सवालों के स्पष्ट जवाब थे। उच्च न्यायालय द्वारा भी कुछ छात्रों को प्रोविजनल सर्टिफिकेट दिया गया, जिसके बाद किसी प्रकार के शक की गुंजाइश ही खत्म हो गई थी, लेकिन फिर भी अधिसूचना जारी करने में देरी हुई। सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करने में देरी से हजारों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है।

### अगस्त माह में राष्ट्रपति ने किया था अनुमोदित

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि जब उन्हें मौका मिला था तो उन्होंने गिरिपार के क्षेत्र के लोगों का दुख समझा और हाटी समुदाय जनजातीय दर्जा दिलाने की दिशा में युद्ध स्तर पर काम किया। मुख्यमंत्री के रूप में एक नोडल एजेंसी का गठन किया। जो हाटी समुदाय से जुड़े तमाम तथ्यों की जानकारी जुटा सके। नोडल एजेंसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी शोध पत्रों को एकत्रित कर क्षेत्र की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्तर पर हर पहलू को जांचा परखा और वर्ष 2021 में रिपोर्ट को हिमाचल प्रदेश की कैबिनेट द्वारा केंद्र सरकार को भेजी। इस रिपोर्ट पर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संज्ञान लिया गया और रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया ने हाटी जनजाति को 13 अप्रैल, 2022 को एक कबीले के रूप में पंजीकृत किया। इसके बाद 16 दिसंबर, 2022 को केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा से 26 जुलाई, 2023 को राज्यसभा से भी पारित होने के बाद चार अगस्त को राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित कर दिया गया। पहली जनवरी को हिमाचल सरकार द्वारा इसकी अधिसूचना जारी हुई।



## रिज पर नए साल का जश्न



शिमला के रिज मैदान पर नववर्ष के मौके पर नाचते पर्यटक। इस दौरान सैलानियों ने खूब मौज-मस्ती की।

### चंबा के स्वतंत्रता सेनानी ध्यान सिंह पुरी ने करवाया था खंडित मूर्तियों का जीर्णोद्धार

# पठानिया परिवार ने जनसाली में बनवाया था श्रीराम का मंदिर

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा के शासकों से लेकर यहां की आवाम ने यहां की हर गली-मोहल्ले में देवी-देवताओं के मंदिरों का निर्माण करवाया है। इसी कड़ी में वार्ड जनसाली में भगवान श्रीराम-सीता माता का मंदिर स्थित है।

इस मंदिर का निर्माण भगवान श्रीराम के प्रति आस्था रखने वाले पठानिया परिवार द्वारा करीब पांच सौ वर्ष पूर्व करवाया गया, लेकिन मंदिर के निर्माण के कई वर्ष गुजरने के बाद मंदिर में रखी गई भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण की मूर्तियां किहीं कारणों चलते करीब सौ वर्ष पूर्व खंडित हो गईं, जिनका एक बार फिर जीर्णोद्धार कार्य चंबा के स्वतंत्रता सेनानी ध्यान सिंह पुरी के अनुदान से संभव हो पाया। (अनंत ज्ञान)



### लक्ष्मी-नारायण मंदिर संग्रहालय में मौजूद आज भी खंडित मूर्तियां

**वार्ड** जनसाली में मौजूद सीता-राम मंदिर में करीब सौ वर्ष पूर्व भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण की मूर्तियां किहीं कारणों के चलते खंडित हो गई थीं, जिन्हें आस्था व प्राचीन निशानी के तौर भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर में मौजूद संग्रहालय में रखा गया है। जयपुर से काले संगमरमर युक्त जयपुर से लाई गई भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण की मूर्तियां वार्ड जनसाली में स्थित सीता-राम मंदिर में भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण की मूर्तियां खंडित होने से श्रद्धालुओं की पूजा में विघ्न पड़ गया। जब इस बात का संज्ञान चंबा के नामी स्वतंत्रता सेनानी ध्यान सिंह पुरी को हुआ तो उन्होंने इस दिशा में राजपुरोहित परिवार के पंडित बद्रीप्रसाद शर्मा से इस बात की चर्चा करने सहित अपने अनुदान से खंडित मूर्तियों के स्थान पर तीनों नई मूर्तियां स्थापित करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर अन्य मंदिर कमेटी सदस्यों से विचार-विर्मश के पश्चात सभी ने इस प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति व्यक्त की गई, लेकिन दुंभाग्यवश उनका निधन हो गया और वे मूर्तियां स्थापित होते नहीं देख पाए, लेकिन अपने निधन से पूर्व उन्होंने पंडित बद्रीप्रसाद मूर्तियों के निर्माण के लिए अनुदान राशि सौंप दी थी।





### मूर्तियों की बनावट करती है अपनी ओर आकर्षित

**पांच** सौ पूर्व निर्मित वार्ड जनसाली में सीता-राम मंदिर में आस्था से जुड़ी नायाब कला देखने को मिलती है। मंदिर के मुख्य द्धार पर भगवान श्रीगणेश विराजमान हैं, जबकि मंदिर में सर्वप्रथम स्थापित की गई भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण की आशीर्वाद मुद्रा में मूर्तियां तीन बड़ी-बड़ी शिलाओं से निर्मित की गई हैं। मूर्तियों की बनावट श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करती है। इन मूर्तियों के खंडित होने पर इनके स्थान पर आशीर्वाद मुद्रा में ही काले संगमरमर से भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण की मूर्तियां पुनः स्थापित की गई। वहीं भगवान श्रीराम के ठीक चरणों में पक्षीराज गरुड़ महाराज व दोनों ओर बाघ, तो मूर्तियों के दाएं तरफ केसरी पत्थर युक्त पवन पुत्र एवं भगवान श्रीराम परम भक्त हनुमान जी की तरफ विराजमान है। वहीं, भगवान श्रीराम मंदिर में विशेष रूप से दीवार पर महर्षि परशुराम की प्रतिमा भी उकेरी गई है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने राज्यपाल को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं





**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह वर्ष प्रदेशवासियों के लिए सुख और समृद्धि लाएगा। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कैबिनेट मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, प्रो. चंद्र कुमार, रोहित ठाकुर, अनिरुद्ध सिंह, विक्रमादित्य सिंह, राजेश धर्माणी और यादविंद्र गोमा भी इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ थे। उन्होंने भी राज्यपाल को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इससे पहले, राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पीएस राणा, हिमाचल प्रदेश के मुख्य सूचना आयुक्त आरडी धीमान, हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत बाल्दी और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और प्रमुख लोगों ने इस अवसर पर राज्यपाल को बधाई दी। पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी राजभवन में राज्यपाल से भेंट की और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। राजभवन के सभी सदस्यों और राज्य रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों ने राज्यपाल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल का अभिनंदन किया और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि वर्ष 2024 सभी के जीवन में समृद्धि, उन्नति और खुशहाली लाएगा।

### कुल्लू में लोगों को दी नववर्ष की बधाई, कहा-परियोजनाओं से स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को होगा लाभ

# सीएम ने किए 198 करोड़ की 13 परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को जिला कुल्लू के प्रवास के दौरान जिला के लिए 198 करोड़ रुपए की 13 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय निवासी और पर्यटक दोनों ही लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री ने राज्य के समान विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि ये विकास परियोजनाएं कुल्लू जिले के विकास में मील पत्थर साबित होंगी। मुख्यमंत्री ने 20 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सब्जी मंडी बंदरोल तथा 9.07 करोड़ से रायसन में ब्यास नदी पर बने डबललेन पुल का लोकार्पण किया। उन्होंने नेहरू कुंड (बाहंग) में ब्यास नदी पर बुरवा और शनाग संपर्क मार्ग को जोड़ने वाले 6.44 करोड़ से बने स्टील ट्रस ब्रिज, जगतसुख नाला पर 4.07 करोड़ और चक्की नाला पर 3.37 करोड़ से बने आरसीसीटी-बीम पुलों, पतलीकूहल में 20 लाख से बने विवेकानंद पुस्तकालय, मनाली में 7.83 करोड़ रुपए से बनी ईको-फ्रेंडली मार्केट मढ़ी, सोलंगनाला में 54 लाख से तैयार वे साइड सुविधाएं और सजला में 29 लाख की लागत से निर्मित आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने 130.18 करोड़ की लागत से भबेली जिंदौर सड़क के रखरखाव और टारिंग, 3.59 करोड़ रुपये की बंदरोल दीदारी शरण सड़क, 1.49 करोड़ की फ्लेन से ग्राहन सड़क और 10.86 करोड़ से ब्यास नदी के दाहिने किनारे पर ग्राम कटराईं, 15 मील बड़ाग्रां बिहाल और आसपास के क्षेत्रों के लिए बाढ़ सुरक्षा कार्यों की आधारशिलाएं भी रखीं।





कुल्लू में परियोजनाओं का उद्घाटन करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### मनाली में जगह-जगह मुख्यमंत्री का स्वागत

**सुक्खू** ने कहा कि नव वर्ष के अवसर पर प्रदेश सरकार ने राज्य के युवाओं के लिए सौर ऊर्जा क्षेत्र में राजीव गांधी स्वरोज़गार स्टार्ट-अप योजना के चरण-2 को शुरू करने का भी निर्णय लिया है। इससे पहले, मनाली आगमन पर विभिन्न स्थानों पर लोगों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक भुवनेश्वर गौड़, पूर्व मंत्री खीमी राम, पूर्व विधायक रघुबीर सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेसराम आजाद, एपीएमसी कुल्लू के अध्यक्ष राम सिंह मियां, एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव, उपायुक्त आशुतोष गर्ग, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा आदि उपस्थित थे।

### आने वाले दस सालों में हिमाचल बनेगा देश का सबसे समृद्ध राज्य

**कुल्लू।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सोमवार दोपहर बाद भुंतर एयर पोर्ट पहुंचे, जहां कांग्रेस के विधायक भुवनेश्वर गौड़ सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने उनका कुल्लू आगमन पर स्वागत किया। मंगलवार को मुख्यमंत्री राष्ट्रीय स्तर के विंटर कार्निवाल का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि आने वाले दस सालों में हिमाचल प्रदेश देश का सबसे समृद्ध राज्य बनेगा। सरकार पिछली सरकार के जो अधूरे कार्य हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रही है।

प्रदेश में इतनी बड़ी आपदा आई। पर्यटन पूरी तरह चरमरा गया था, जिसे फिर से पटरी पर लाया गया। आज हम पर्यटन को एक बार फिर से शुरू करने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा आपदा प्रभावितों को मिलने वाले मुआवजे की राशि को बढ़ाया गया। कानून बदला गया जहां प्रभावितों को एक लाख मिलता था उसे बढ़ा कर सात लाख किया तो वही आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए प्रभावितों को जहां मात्र पांच हजार मिलते थे उसे एक लाख रुपए किया गया।

### सत्या चौहान ने मौत के बाद किया देहदान

**शिमला।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (सीपीआईएम) की हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी ने पूर्व महापौर व पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय चौहान की माता सत्या चौहान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है व उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। पार्टी ने सत्या चौहान के 84 वर्ष की उम्र में हुए देहांत को जनवादी आंदोलन के लिए एक भारी क्षति बताया है। पार्टी ने सत्या चौहान द्वारा देहदान करने के निर्णय को आम जनमानस के लिए बेहद प्रेरणादायक कदम बताया है, जिस से न केवल आने वाली पीढ़ियां देहदान के लिए प्रेरित होंगी, अपितु यह मेडिकल साइंस के लिए भी बेहद लाभदायक सिद्ध होगा। पार्टी राज्य सचिव डॉ. ओंकार शाद ने कहा कि सत्या चौहान का देहदान आईजीएमसी शिमला के मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित एनाटमी विभाग में किया गया। इस दौरान उनके बेटे राजेन्द्र चौहान, संजय चौहान, पोते, पोतियां, रिश्तेदार, शिमला शहर के लोग, विभिन्न पार्टियों के नेतागण व आईजीएमसी के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने की हमारा हक छीनने की हर संभव कोशिश : बलदेव तोमर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व विधायक बलदेव तोमर ने हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा दिए जाने की अधिसूचना जारी होने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि छह दशक से ज्यादा लंबी लड़ाई आज निर्णायक स्थिति में पहुंची और हमें हमार हक मिला।

उन्होंने कहा कि यह लड़ाई प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के हर प्रकार के सहयोग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के आशीर्वाद के बिना असंभव थी। कांग्रेस ने हमें हमारे हक से दूर रखने का हर संभव प्रयास किया। राष्ट्रपति द्वारा कानून पास होने के बाद भी उसे पांच महीनें तक लटकाए रखा, जिस स्पष्टीकरण की मांग को लेकर यह बिल अटकाया गया था, उसका पूरा स्पष्टीकरण जयराम सरकार के समय बनाए गए ड्राफ्ट में मौजूद था। सरकार की इस लेट लतीफी की वजह से हजारों युवाओं के भविष्य साथ खिलवाड़ हुआ। हाटी समुदाय को जनजातीय घोषित करने से इस क्षेत्र की अढ़ाई लाख लोग लाभान्वित होंगे। बलदेव तोमर ने कहा कि यह लड़ाई इतनी आसान नहीं थी, जो हक राजनीतिक रसूख के कारण जौनसार बाबर को 56 साल पहले मिल गया था, वह हमें बीजेपी के कारण आज जाकर मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीपी नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सभी का आभार जताते हुए कहा कि सभी के सहयोग के बिना यह लड़ाई संभव नहीं थी। बलदेव तोमर ने कहा कि गिरिपार क्षेत्र को जनजातीय दर्जा देने की पहल बीजेपी ने शुरू की थी।

# सियासी अग्नि हैं मुकेश, वीरभद्र सिंह थे राजनीतिक नरेश

## 2003 से लगातार जीते चुनाव, आज प्रदेश के प्रथम उपमुख्यमंत्री हैं अग्निहोत्री

**अरविंद शर्मा, शिमला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को नेता के रूप में काफी निखारने का मौका पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के नेतृत्व में मिला, जो उनके राजनीतिक गुरु और गॉडफादर के रूप में जाने जाते हैं। पिछली सरकार में वह सिंह के पसंदीदा लोगों में से एक थे।


पहले संतोखगढ़ के नाम से जाना जाने वाला हरोली शायद एकमात्र निर्वाचन क्षेत्र है, जो लगातार ब्राह्मण नेताओं को राज्य विधानसभा में लौटा रहा है। पत्रकारिता से राजनीति में आए मुकेश अग्निहोत्री हिमाचल की राजनीति में पहले उपमुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। मुकेश अपने पिता ओंकार नाथ की राजनीतिक विरासत संभाल रहे हैं।

उनके पिता भी कांग्रेस टिकट पर विस चुनाव लड़ चुके हैं। उनकी हार के बाद मुकेश को संतोषगढ़ विस क्षेत्र से कांग्रेस ने चुनावी मैदान में उतारा था। ऊना जिले के गोंदपुर जयचंद के रहने वाले मुकेश अग्निहोत्री ने राजनीति में सीधे ही विधायकी से कदम रखा। मुकेश का जन्म पंजाब के संगरूर में नौ अक्तूबर 1962 को डीपीआरओ रहे ओंकार चंद शर्मा के घर हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा ऊना जिले में ही हुई। उनके बड़े भाई चिकित्सक डॉ. राकेश अग्निहोत्री हैं। उनकी तीन बहनें हैं। विदेश में पढ़ाई कर चुकी उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री पीएचडी कर रही हैं। पत्नी सिम्मी अग्निहोत्री प्रोफेसर हैं। अग्निहोत्री का ससुराल मंडी शहर में है। मुकेश ने गणित विषय में एमएससी की डिग्री ली। फिर बाद में पब्लिक रिलेशन विषय में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा किया और पत्रकार बन गए। (अनंत ज्ञान)



### विपक्ष में रहकर सरकार को घेरते थे मुकेश

**शिमला** के पत्रकार मुकेश अग्निहोत्री को एक बार अपनी नौकरी के लिए संघर्ष करना पड़ा था। हालाँकि, राजनीति में शामिल होने के बाद, उन्होंने लगातार चार चुनाव जीते, कैबिनेट मंत्री के पद तक पहुँचे और बाद में विपक्ष के नेता बने। अब वह एक विधायक के रूप में अपने पांचवें कार्यकाल के लिए आराम से तैयार हैं। हालाँकि, 60 वर्षीय अग्निहोत्री इस चुनाव में बस इतना ही नहीं चाहते हैं। वह हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की दौड़ में भी शामिल हो गए हैं।



### दो दशक तक की पत्रकारिता

**राजनीति** में आने से पहले मुकेश अग्निहोत्री शिमला और दिल्ली में पत्रकार के रूप में करीब दो दशक सेवाएं दे चुके हैं। दिल्ली में ही पत्रकारिता करते हुए मुकेश की कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से नजदीकियां बढ़ी। बाद में वह पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह के करीबियों में शुमार रहे। यहीं से उन्होंने पत्रकारिता से राजनीति में कदम रखा। वर्ष 1993 में वीरभद्र सिंह के सीएम बनने पर मुकेश के पिता पंडित ओंकार चंद शर्मा को प्रदेश एग्रो पैकजिंग विभाग का उपाध्यक्ष बनाया गया था। 1998 के विस चुनाव में मुकेश के पिता ओंकार शर्मा को कांग्रेस ने संतोषगढ़ क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया, लेकिन उन्हें भाजपा प्रत्याशी पंडित जयकिशन शर्मा से हार का सामना करना पड़ा। साल 2003 के विस चुनाव में मुकेश को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया। मुकेश पहली बार ही चुनाव जीते। वीरभद्र सरकार में सीपीएस रहे। 2007 में संतोषगढ़ विस क्षेत्र से चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। वर्ष 2012 में डिलिमिटेशन होने के कारण संतोषगढ़ ऊना विस क्षेत्र में चला गया। हरोली विधानसभा क्षेत्र का उदय हुआ। तीसरी दफा मुकेश ने हरोली क्षेत्र से चुनाव लड़ा और जीते। साल 2017 में उन्होंने लगातार चौथी दर्ज की, लेकिन सरकार भाजपा की बनी।

**पर्यटन**

### दो झीलों तथा दो विधानसभा क्षेत्रों का शहर है धर्मशाला, मैक्लोडगंज खुद में समेटे है विदेशी शहर का स्वरूप

# मैक्लोडगंज शहर में हैं तेल अवीव और मिनी ल्हासा


**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

खूबसूरत धर्मशाला शहर तथा किसी औपनिवेशक शहर सा लगने वाला मैक्लोडगंज सालों से देशी तथा विदेशी यायावरों की पसंदीदा सैरगाह रहा है। इसके कुछ अहम कारण है। मैक्लोडगंज शहर को तेल अवीव और मिनी ल्हासा यूं ही नहीं कहा जाता, बल्कि देश के बाहर विदेशी संस्कृति से जुड़ाव यहां का आवागमन इसके पिछे हैं।

यहां की सड़कों पर भारतीय, तिब्बती तथा विदेशी चेहरों की चहलकदमी मैक्लोडगंज को विदेश के किसी छोटे से शहीर के रूप में दर्शाती है। नववर्ष को लेकर इस बार धर्मशाला के पर्यटन कारोबार में तेजी नजर आ रही है। धर्मशाला दशकों से पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, तो किसी औपनिवेशक शहर सा लगने वाला मैक्लोडगंज इसका प्रमुख आकर्षण है। यह शहर खुद में कई खूबियों को समेटे हुए है।

### दो झीलों का है यह शहर

**मैक्लोडगंज** के पास ही जहां क्षेत्र के लोगों की अगाध श्रद्धा की प्रतीक तथा सैलानियों की पसंदीदा जगह डल झील है। हालांकि लगातार रिसने के कारण इसका आस्तित्व खतरे में है। वहीं, यहां की करेरी झील भी पर्यटकों की पसंद है।



यहां तेल अवीव के नाम से जाना जाने वाला धर्मकोट है, तो यहीं मिनी ल्हासा भी है। धर्मकोट में इसराइली यायावरों की अपेक्षाकृत ज्यादा आमद की वजह से इसे तेल अवीव कहा जाता है। वहीं, दूसरी और निर्वासित तिब्बती सरकार का मुख्यालय होने के कारण इसे मिनी ल्हासा कहा जाता है। भागसू नाग के नाम से हुए भागसूनाग में स्थित पौराणिक में पहाड़ों से होकर आते पानी में पर्यटक नहाकर आनंद का अनुभव करते हैं। इसके अलावा धर्मशाला में स्थित कांगड़ा कला संग्रहालय में इस जगह के कलात्मक और सांस्कृतिक चिन्ह, शताब्दी की बहुमूल्य कलाकृतियां और मूर्तियां, पेंटिंग, सिक्के, बरतन, आभूषण, मूर्तियां, पांडुलिपियां और शाही परिधान यहां बहुत ही सलीके से संजो कर रखे गए हैं। साल 2023 में आईसीसी वर्ल्ड कप के पांच मैचों की मेजबानी के बाद पूरे विश्व ने यहां एचपीसीए के अंतराष्ट्रीय स्टेडियम के आकर्षण को अनुभव किया है। इसके अलावा भी कुछ ऐसा है, जो धर्मशाला को खास बनाता है। (अनंत ज्ञान)

### यहां से चलती है प्रदेश और निर्वासित तिब्बत सरकार

**शीतकालीन** सत्र में जहां तपोवन स्थित विधानसभा भवन से प्रदेश की सरकार चलती है, तो वहीं मैक्लोडगंज में निर्वासित तिब्बति सरकार की विधानसभा स्थित है। लिहाजा यहां दो विधानसभाओं का होना इसकी विशिष्टता है।



### यहां हैं दो शहीद स्मारक



**धर्मशाला** के कचहरी के पास भारत-पाक युद्ध के शहीदों याद में जहां शहीद स्मारक है तो वहीं, मैक्लोडगंज में तिब्बती धर्म गुरु दलाईलामा के बावास के पास तिब्बती की आजादी के लिए कुर्बानियां देने वाले शहीदों को समर्पित तिब्बती राष्ट्रीय शहीद स्मारक है।

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा सोलन और शिमला में पांच जनवरी को करेंगे जनसभा

**अनंत ज्ञान, सोलन**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पांच जनवरी, को हिमाचल प्रदेश पधार रहे हैं। शिमला संसदीय क्षेत्र के भाई-बहन अपने हर दिल अजीज नेता का अभिनंदन करेंगे।

भाजपा ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ प्रांतों के चुनाव में नड्डा की अध्यक्षता व नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में प्रचंड जीत दर्ज की है। शिमला संसदीय क्षेत्र के लोग सोलन व शिमला में जगत प्रकाश नड्डा का स्वागत करेंगे। प्रातः 9:00 बजे सोलन मॉलरोड पर रोड शो एवं अभिनंदन समारोह होगा और दोपहर 1:00 बजे होटल पीटरहॉफ शिमला में अभिनंदन समारोह होगा। सायं काल 6:00 बजे भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश की कोर ग्रुप की बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष संबोधित करेंगे। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि तीन बड़े राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत ने देश का संपूर्ण माहौल भाजपामय कर दिया है और नरेंद्र भाई मोदी देश के अभिजीत नेता के रूप में उभरे हैं। डॉ. बिंदल ने कहा कि 2024 का वर्ष एक बार फिर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का वर्ष शुरू हुआ है और पीएम मोदी व भाजपा के साथ ही देश की तरक्की सुनिश्चित होनी है। नरेंद्र भाई मोदी ने 2047 तक भारत को दुनिया का सबसे श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने का काम शुरू किया है और हम सब लोगों को मिलकर उसे पूरा करना है।

हैप्पी बर्थडे



जवाली के स्वर्णिम धवन को जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं।



रक्कड़ के कृष भारद्वाज को जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं।

## बनखंडी में तीन गाड़ियों में टक्कर

**देहरा।** देहरा के समीप बनखंडी में सोमवार को तीन गाड़ियों में टक्कर हो गई। यह तीनों गाड़ियां देहरा की तरफ जा रहीं थीं। हालांकि इस हादसे में किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि जब ये तीनों ही गाड़ियां देहरा की तरफ जा रही थीं तो बनखंडी में जाम लगने के कारण गाड़ियां रुक रुक कर चल रहीं थीं। इतने में पीछे से आ रही एक कार ने आगे चल रही कार को टक्कर मार दी। इससे आगे वाली कार अगली कार से टकरा गई। वहीं, एसएचओ हरिपुर पवन कुमार ने भी मौके पर पहुंच कर हादसे का निरीक्षण किया और गाड़ियों को बीच सड़क से हटाया। बाद में आपसी रजामंदी हो जाने पर पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। बहरहाल, देहरा के समीप बनखंडी में सोमवार को तीन गाड़ियों में टक्कर हो गई। यह तीनों गाड़ियां देहरा की तरफ जा रहीं थीं। हालांकि इस हादसे में किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है।

## नए यातायात कानून बनाने पर भड़के ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल से दिखने लगा असर, पेट्रोल भराने को लेकर लोगों में मची होड़

# 5 पेट्रोल पंप हुए ड्राई

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

पूरे प्रदेश को पेट्रोल तथा डीजल की आपूर्ति करने वाले ऊना टर्मिनल में चालकों की हड़ताल से प्रदेश में पेट्रोल व डीजल के संकट की आशंका जोर पकड़ रही है। इसी बीच प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा के पांच पेट्रोल पंप ड्राई हो चुके हैं। हिट एंड रन को लेकर भारत सरकार तथा चालकों के बीच जारी गतिरोध के बीच कांगड़ा में इसका असर दिखना शुरू हो गया है। जिला के कुल 120 में से जसूर के वर्मा फिलिंग स्टेशन, कांगड़ा के धौलाधार, डमटाल के नरूला, इंदोरा के शहीद बीएस कटोच तथा सदवां के शहीद जगजीवन शर्मा सर्विस स्टेशन में इंधन पूरी तरह खत्म हो चुका है। हालांकि जिले में पेट्रोल पंपों पर अभी तक इंधन की राशनिंग नहीं हो रही। वहीं इंधन खत्म होने की आशंका के चलते लोगों में टंकी फुल करवाने की होड़ मची हुई है जिससे दूसरे पेट्रोल पंपों पर भी जल्द ही पेट्रोल-डीजल खत्म होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

उधर, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से सरकारी तथा एमर्जेंसी वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर इंधन देने के निर्देश दिए गए हैं। यहां बताते चलें कि भारत सरकार की ओर से हिट एंड रन कानून मे संशोधन के बाद विभिन्न ड्राइवर यूनियनें इसके खिलाफ खड़ी हो गई हैं। इसी कड़ी में देशव्यापी हड़ताल के पहले ही दिन देश भर में इसका असर दिख रहा है तो वहीं ऊना में दो दिन पहले ही हड़ताल होने के कारण पूरे प्रदेश के लिए संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार ऊना प्रदेश का ऐसा टर्मिनल है जहां से पूरे प्रदेश में पेट्रोल तथा डीजल की आपूर्ति होती है तो वहीं ऊना में दो दिन पहले से जारी हड़ताल ने प्रदेश के पेट्रोल पंपों के खाली होने की पृष्ठभूमि पहले ही लिख दी है। वहीं, डीजल न मिलने पर निगम ने सुंदरनगर से बसों के सभी रूट बंद करने का फैसला लिया। (अनंत ज्ञान)



ढारू स्थित पेट्रोल पंप के बाहर लगी लोगों की भीड़।

### लोगों से संयम रखने की अपील

**उधर,** इस बारे में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरूषोत्तम सिंह पंवर ने बताया कि जिले के 120 में पांच पेट्रोल पंप ड्राई हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंपों को सरकारी तथा एंबुलेंस जैसे आपात वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर इंधन देने तथा एसेंसिशियल स्टॉक रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हड़ताल खत्म होने पर आपूर्ति पहुंच जाएगी। उन्होंने लोगों से संयम रखने की अपील करते हुए जितना जरूरी हो उतना ही इंधन भरवाने की अपील की। पंप ड्राई हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंपों को सरकारी तथा एंबुलेंस जैसे आपात वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर इंधन देने तथा एसेंसिशियल स्टॉक रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से संयम रखने की अपील करते हुए जितना जरूरी हो उतना ही इंधन भरवाने की अपील की।

### सुंदरनगर डिपो के सभी बस रूट बंद

**सुंदरनगर** परिवहन निगम के तकनीकि प्रबंधक अजिंद्र चौधरी ने एसडीएम सुंदरनगर को पत्र लिख कर प्रदेश व बाहरी राज्य के लिए चलनी वाली बसों को बंद करने के बारे में सूचित किया है। डीजल न मिलने पर निगम ने सुंदरनगर से बसों के सभी रूट बंद करने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि डीजल न मिलने से इस प्रकार का फैसला लेना पड़ा है।





धर्मशाला में पेट्रोल-डीजल भरवाने को पंप के बाहर लगी गाड़ियों की भीड़।

### पेट्रोल और डीजल भरवाने को पंपों के बाहर लगी लंबी-लंबी कतारें

**सुबह** से पेट्रोल तथा डीजल होने की चर्चा के बाद धर्मशाला तथा कांगड़ा के पेट्रोल पंपों में इंधन भरवाने के लिए लोगों में होड़ शुरू हो गई है। इसके पिछे चालकों की हड़ताल के कारण तूल की आपूर्ति न होने की वजह से इंधन समाप्त होने की आशंका है। बताते चलें कि हिट एंड रन कानून को लेकर केंद्र सरकार के संशोधित कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल का असर प्रदेश में कई जगह दिखना शुरू हो गया है। हालांकि पंपों पर पेट्रोल-डीजल उपलब्ध हैं लेकिन वहां गाड़ियों की लंबी कतारें हैं। बताते चलें कि प्रदेश के ऊना आदि जिलों में पेट्रोल व डीजल न मिलने की खबर से प्रदेश के दूसरे जिलों में भी वाहन चालक चिंता में हैं।

# ट्रांसपोर्टरों ने किया चक्का जाम

## बैजनाथ के चौबिन चौक में ड्राइवरों ने जमकर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, पपरोला**



चक्का जाम करते ट्रांसपोर्टर्स।

बैजनाथ के चौबिन चौक में आज ट्रांसपोर्टर चालकों और परी चालकों ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किया जा रहे नए यातायात कानून के विरोध में सांकेतिक चक्का जाम किया और केंद्र सरकार को आगाह किया कि यदि तुरंत इस कानून को वापस नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में जारी किए गए तुगलकी फरमान के तहत हिट एंड रन के मामलों में सात साल की सजा और दस लाख रुपए जुर्माना की सजा का प्रावधान किया जा रहा है।

इसके विरोध में आज बड़ी संख्या में क्षेत्र के टैक्सी चालकों ट्रांसपोर्टर्स और वाहन मालिकों ने आंदोलन किया। इस अवसर पर एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम बैजनाथ दुनी चंद ठाकुर से भी मिला और प्रदेश सरकार के माध्यम से केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री तथा प्रधानमंत्री के नाम विज्ञापन प्रेषित किया। वाहन चालकों का कहना है कि नए कानून के तहत वहां की जमानत तो हो जाएगी मगर ड्राइवर की जमानत नहीं होगी जिससे बड़ी संख्या में वाहन चालक प्रभाहित होंगे। हाल ही में बीते कुछ वर्षों में बेतहाशा टैक्स वाहन चालकों पर लगाए गए हैं तथा यातायात अधिनियम किसी भी कारणवश तोड़े जाने पर भारी जुर्माना का प्रावधान भी किया गया है जिससे पहले से ही वाहन चालक बेतहाशा मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं।

### केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

**धर्मशाला।** भारत सरकार के ट्रासंपोर्ट मंत्रालय के हिट एंड रन मामले में कानून को लेकर कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला में ट्रक तथा टैक्सी आदि के ड्राइवरों ने प्रदर्शन किया। चालकों ने तीन दिन के बाद चक्का जाम की भी चेतावनी दी। बताते चलें कि कानून के तहत घातक हादसे को अंजाम देने के बाद फरार होने की सूरत में चालक को दस साल की सजा तथा सात लाख के जुर्माने का प्रावधान है। उपायुक्त कार्यालय के बाहर किए अपने प्रदर्शन में चालकों ने भारत माता की जय के साथ काला कानून वापस लो के नारे लगाए। चालकों का कहना है कि वो इस कानून जो काला कानून है को वापस लेने की मांग सरकार से कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी अपनी इच्छा से हादसे को अंजाम नहीं देता। वहीं, हादसे की सूरत में लाखों के जुर्माने की सजा गरीब चालकों के हितों के खिलाफ है तथा वो इस कानून को वापस लेने की मांग करते हैं। चालकों ने कहा कि अगर सरकार इस कानून को वापस नहीं लेती है देश भर के चालक हड़ताल करेंगे तथा इसकी जिम्मेदार सरकार होगी।

### ट्रक चालकों की हड़ताल से हांफ गई सप्लाई

**देहरा।** केंद्र सरकार के संशोधित कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों की राष्ट्रीय व्यापक हड़ताल से उपमंडल देहरा भर के तमाम पंपों पर पट्रोल-डीजल की सप्लाई नववर्ष के पहले दिन ही दम तोड़ गई। सोमबार सूबह करीब 11 बजे के बाद नैहरनपुखर नलेटी परागपुर रोड के सभी पंपों पर पट्रोल-डीजल खत्म होते ही यहां इलाके भर मे तेल के लिए मारामारी मच गई। आलम ऐसा रहा कि यहां पपों पर तेल कम होते ही जहां हर पंप के बाहर पता चलते ही गाड़ियों में तेल भरबाने के लिए देखते ही देखते लंबी लाइनें लग गई।

### ज्वालामुखी में पेट्रोल-डीजल की किल्लत



**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी क्षेत्र में मौजूद पांच पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की किल्लत शुरू हो गई है। कुछ पेट्रोल पंप ड्राई हो गए हैं और वाहन चालक पंपों से खाली जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ऊना, नूरपुर व नालागढ़ में ट्रक ड्राइवरों के हड़ताल की वजह से ऐसी स्थिति बनी हुई है। पेट्रोल पंप संचालकों का मानना है कि यदि हड़ताल ने और जोर पकड़ा तो आने वाले दिनों में सभी पेट्रोल पंप ड्राई हो सकते हैं। दरअसल, केंद्र सरकार ने हिट एंड रन कानून को पास कर दिया है। इसी का ड्राइवर संगठन और अन्य संगठन भी विरोध कर रहे हैं। इस नए कानून के जरिए हिट एंड मामले में वाहन चालक को 10 साल तक की सजा और सात लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। इस कानून को वाहन चालक काला कानून बता रहे हैं और संशोधन की मांग उठा रहे हैं। पेट्रोल पंप ड्राई होने की स्थिति बनने पर अर्थव्यवस्था पर भी बड़ा असर पड़ सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को रक्तदान करने पर किया जागरूक

**बैजनाथ।** सोमवार को पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम में शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर के प्राचार्य डॉक्टर अनिल कुमार आजाद मुख्यातिथि रहे। मुख्यातिथि महोदय ने एनएसएस का महत्व को बताते हुए एनएसएस वालंटियर्स की सराहना की और उनको रक्त दान व मन, धन और श्रम से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव वालंटियर्स के साथ साझा किए। मेजवान कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहिंदर पाल जी ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया और एनएसएस वालंटियर्स किए गए कार्यों की सराहना की। इस उपलक्ष पर एनएसएस प्रभारी डॉक्टर सुलक्षणा शर्मा और प्रोफेसर मनीष रंधावा, सुपरिंटेंडेंट मिलाप, राजन दीक्षित, विनय मेहता और अन्य स्टाफ मेंबर्स उपस्थित रहे।

### लखदाता ढाटी सांबा छिंज 20 जनवरी को



लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेला कमेटी रणनीति बनाती हुई।

**डरोह ।** लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेला कमेटी की बैठक मेला ग्राउंड में की गई, जिसकी अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह राणा ने की। इसमें 20 जनवरी को होने वाले भंडारे के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह राणा द्वारा सभी सदस्यों को अलग-अलग कार्य बांटे गए। सभी ने इसे पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रण लिया। साथ ही एक ग्रुप फोटो भी लिया गया। इस दौरान कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### बृजराज स्वामी मंदिर को किया चकाचक

**नूरपुर।** राजकीय महाविद्यालय नूरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का साथ दिवसीय वार्षिक शिविर के तहत तीसरे दिन स्वयंसेवियों ने बृजराज स्वामी मंदिर की साफ-सफाई की। रिसोर्स पर्सन के रूप में नूरपुर ब्लड डोनेशन के अध्यक्ष राजीव पठानिया ने शिरकत की। उन्होंने बच्चों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया और साथ ही साथ बच्चों को रक्तदान के लिए अभी प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रोग्राम अधिकारी सुरजीत सिंह, प्रोफेसर मनजीत सिंह, अधीक्षक संदीप पठानिया, संदीप शर्मा, गौरव शर्मा, स्वरूप सिंह उपस्थित रहे।

### दोदरा में 77 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**डाडासीबा।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम एमओ डॉक्टर विजय जरियाल, लैब टेक्नीशियन अनुराधा, फार्मासिस्ट सरबजीत, सहयोगी रविंद्र कुमार स्वास्थ्य टीम ने गांव पचायत दोदरा में निशुल्क स्वास्थ्य शिवर का आयोजन किया। पंचायत प्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों के सहयोग व गणमान्य लोगों के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 77 मरीज की स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें 20 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए और जिसमें 20 मरीज हड्डियों के रोगी, चार शुगर के मरीज और नौ बीपी के मरीज, 44 साधारण रोगी मरीज पाए गए। शिवर के दौरान लोगों की पूरी जांच के बाद उन्हें उचित रहन सहन व उचित खानपान के लिए प्रेरित किया गया।



स्वास्थ्य जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम।

# बूट पॉलिश कर प्रदर्शन करेगी एबीवीपी

## सीयू कैंपस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बनाई रणनीति, सौंपेंगे ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में प्रस्तावित सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कैंपस में हो रही देरी पर स्थानीय लोगों के साथ अब छात्र संगठनों के सब्र का बांध टूटने लगा है। प्रदेश सरकार के ढुलमुल रवैये से खफा लोग अब जनआंदोलन की तैयारी में हैं। धर्मशाला के इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के छिटकने का भी लोगों को डर सताने लगा है। समाजसेवी संस्थाओं के साथ अब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी आवाज बुलंद कर दी है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री राहुल राणा ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश 15 वर्षों से राजनीति की भेंट चढ़ा है प्रदेश में जितने भी सरकारें आई, सभी ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के नाम पर केवल और केवल राजनीतिक रोटियां सेखने का काम किया है, लेकिन एकमात्र छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 2009 से ही केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के निर्माण के लिए संघर्षरत रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक भवन का निर्माण जदरंगल में होना था होना था जिसकी सिक्योरिटी के रूप में प्रदेश सरकार को 30 करोड़ केंद्रीय सरकार कि पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को जमा करवाने थे, लेकिन अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा फॉरेस्ट क्लीयरेंस के उद्देश्य करोड़ मंत्रालय को जमा नहीं किए गए, जिसके कारण जदरांगल में जो भवन का निर्माण होना था वह अभी तक रुका हुआ है। राहुल राणा ने कहा इस मुद्दे को लेकर एबीपीवी कांगड़ा के सभी प्रतिनिधियों पूर्व, प्रत्याशियों को इस विषय को लेकर दो से दस जनवरी ज्ञापन देगी। दस से 22 जनवरी के बीच जिला कांगड़ा के प्रतिष्ठित लोगों से इस मुद्दे को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए विद्यार्थी परिषद आग्रह करेगी। 22 से 31 जनवरी के बीच विद्यार्थी परिषद जिला कांगड़ा के सभी युवक मंडलों, महिला मंडलों और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर नुकड़ सभा का आयोजन करेगी। इसमें केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। एक-छह फरवरी के बीच जिला कांगड़ा के शिक्षण संस्थानो और शहरों में केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे को लेकर पर्चा वितरण किया जाएगा। सात-13 फरवरी के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। 15 फरवरी को इकाई स्तर पर धरना प्रदर्शन किए जाएंगे। 16 फरवरी से 19 फरवरी के बीच केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे को लेकर ईमेल और पोस्टकार्ड के माध्यम द्वारा पीएमओ, सीएमओ, प्रदेश और देश के शिक्षा मंत्री को चिट्ठियां भेजी जाएगी। 20 फरवरी को धर्मशाला के कचहरी में बूट पॉलिश कर प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया जाएगा। 23 फरवरी को धर्मशाला में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। 24 फरवरी को केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे को लेकर ट्विटर ट्रेंडिंग की जाएगी। 27 फरवरी को विद्यार्थी परिषद शिक्षा बंद करके प्रदेश सरकार के नकारात्मक रवाये के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। एक मार्च को प्रदेश सरकार के केंद्रीय विश्वविद्यालय के नाम पर की जारी राजनीति के खिलाफ प्रदेश सरकार की शव यात्रा विद्यार्थी परिषद द्वारा निकाली जाएगी।





केंद्रीय विश्वविद्यालय को लेकर रणनीति बनाते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

# बाल स्कूल परागपुर में सालाना समारोह की धूम



बाल स्कूल परागपुर में होनहारों को सम्मानित करते हुए चीफ गेस्ट।

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर मे सोमवार पहली जनवरी को वार्षिक पारितोषिक समारोह बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया।

स्कूल प्रधानाचार्य सीमा कौसल की अध्यक्षता मे आयोजित हुए कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के बाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने शिरकत की। सर्व प्रथम मंच पर रखी मां सरस्वती मूर्ति के आगे अन्य गणमान्य लोगों द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने पहाड़ी नाटी झमाकड़ा, राजस्थानी, गिद्दा, पंजाबी भांगड़ा, बेटी है अनमोल, मोबाइल के कुप्रभाव व नशे के प्रति हास्य लघुनाटक पेश किए। वहीं, चीफ गेस्ट सुरेंद्र सिंह मनकोटिया आदि ने तमाम होनहार छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह आदि इनाम बांट कर सम्मानित किया।

**गुस्सा** बीजेपी के संगठनात्मक जिला देहरा किसान मोर्चा के अध्यक्ष जसवीर गुलेरिया ने की एमएलए को सही भाषा के प्रयोग करने की अपील

# ईको सेंसटिव जोन मुद्दे पर होशियार सिंह पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, देहरा**

हिमाचल प्रदेश के देहरा में ईको सेंसटिव जोन मुद्दे पर शुरू हुआ विवाद अब अमर्यादित भाषा पर पहुंच गया है। दो दिन पहले जहां निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहे किसी को भी खड़ा कर दें, तो वो चुनाव जीत जाएगा। इस बयान पर बीजेपी ने पलटवार किया है।

बीजेपी के संगठनात्मक जिला देहरा किसान मोर्चा के अध्यक्ष जसवीर गुलेरिया ने कहा कि होशियार सिंह का बयान अमर्यादित है। लेकिन पलटवार करते समय खुद बीजेपी नेता ने भी अमर्यादित टिप्पणी कर दी। प्रेस कान्फ्रेंस में अब बीजेपी नेता जसवीर गुलेरिया के बोल बिगड़ गए हैं। इसमें उन्होंने विधायक को खूब खरी खरी सुनाई। गुलेरिया ने कहा कि ऐसी टिप्पणी जिसमें उन्होंने बीजेपी के सांसदों के बारे में ऐसा अमर्यादित बयान दिया है। असहनीय है जिसे लेकर विधायक को माफी मांगनी चाहिए। अब खुद जसवीर गुलेरिया भी पलटवार करते समय अपने बयान में फंस गए। जसवीर गुलेरिया ईको सेंसटिव जोन ओर रिजोर्ट के उपर अपना पक्ष रख रहे थे। इसमें होशियार सिंह ने उनका नाम प्रेस कान्फ्रेंस में लिया था। गुलेरिया ने कहा कि होशियार सिंह खुद चुनाव में 22 हजार वोटों से जीते थे, जबकि उनके खिलाफ 38 हजार वोट पड़े थे। उन्होंने कहा कि विधायक होशियार सिंह अमर्यादित भाषा का प्रयोग ने करे और न ही गलत बयानबाजी करें। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने अमर्यादित भाषा का प्रयोग को बंद नहीं किया तो आगे से उसे सहन नहीं करेंगे। बहरहाल, हिमाचल प्रदेश के देहरा में ईको सेंसटिव जोन मुद्दे पर शुरू हुआ विवाद अब अमर्यादित भाषा पर पहुंच गया है।



ईको सेंसटिव जोन मुद्दे पर प्रेस कान्फ्रेंस करते भाजपा नेता।

### गलत भाषा का प्रयोग न करें विधायक



**वहीं,** बीजेपी के संगठनात्मक जिला देहरा के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि इस अमर्यादित भाषा को सहन नहीं करेंगे। संजीव शर्मा ने कहा कि यह सच है कि पीएम मोदी के नाम से किसी को भी चुनाव लड़ाया जाए वो जीत जाएगा। लेकीन किसी अमर्यादित भाषा यूज कर सांसदों पर टिप्पणी करना अशोभनीय है। यह देहरा के मतदाताओं का भी अपमान है जिन्होंने दो बार आपको जिताया है। बीजेपी के 302 सांसदों के संदर्भ में दिया बयान अशोभनीय है। बीजेपी कार्यकर्ताओं को भी काफी ठेस इस बयान से पहुंची है। संजीव शर्मा ने कहा कि राम चरित्र मानस में है जाकी रही भावना जैसी प्रभु देखी तिन मूरत जैसी। यानी जिसकी जैसी भावना हो उसको वैसा ही दिखता है।

### नहीं तो बीजेपी चौराहे पर पुतला जलाएगी



**वहीं,** बीजेपी संगठनात्मक जिला देहरा के उपाध्यक्ष महिंद्र चौहान ने भी दो टूक शब्दों में देहरा के निर्दलीय विधायक होशियार सिंह को चेताया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के सांसदों के उपर अशोभनीय टिप्पणी सहन नहीं की जाएगी। यह टपोरी भाषा आप देहरा में न करें तो सही होगा। नहीं तो बीजेपी आपका चौराहे पर पुतला जलाएगी।

# 2024... भगवान का आशीर्वाद लेकर किया दिन का आगाज

**5** श्रद्धालुओं के लिए सुबह पांच बजे खुल गए शिव मंदिर बैजनाथ के कपाट। दिन भर मंदिर में लगी रही भगवान का आशीर्वाद लेने को कतारें।

**12** बजे दोपहर तक मंदिर में इतनी भीड़ हो गई कि प्रशासन को भीड़ कंट्रोल करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ



नववर्ष के अवसर पर ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारे देखने को मिली। सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना आरंभ हो गया था। दोपहर के 12 बजे तक तो मंदिर में शिव भक्तों की संख्या इतनी बढ़ गई थी कि मंदिर प्रशासन के लिए नियंत्रण कर पाना ही बहुत मुश्किल हो रहा था। ऐसे में वहां पर अतिरिक्त पुलिस दल को तैनात करना पड़ गया। मंदिर के पुजारी धर्मेंद्र शर्मा के अनुसार बह पिछले 50 वर्षों से मंदिर में पुस्तेदी पुजारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं परंतु आज तक नववर्ष के अवसर पर कभी भी इतना भारी रस नहीं देखा। (अनंत ज्ञान)






**धर्मशाला।** नववर्ष के पहले दिन काफी संख्यां में पहुंचे श्रद्धालुओं ने देश के विख्यात शक्तिपीठ श्री चामुंडा मंदिर में शीश नवा कर नए साल के मंगल होने की कामना मांगी। सोमवार को सुबह से मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा तथा लोगों ने पुलिस तथा प्रशासन के प्रबंधन में माता के मंदिर में मात्था टेका। सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों का मंदिर पहुंचने का क्रम चलता रहा। इस बारे में जानकारी देते हुए धर्मशाला के तहसीलदार गिरीराज ठाकुर ने बताया कि सोमवार को शक्तिपीठ श्री चामुंडा में श्रद्धालुओं ने माथा टेका। वहीं, चामुंडा चौकी इंचार्ज भागमल शर्मा के अनुसार सोमवार को 15 से 20000 श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेका। हालांकि इस दौरान व्यवस्था बनी रही।

## जयकारों से गूंजा करियाड़ा का नाग मंदिर



**गरली।** नए वर्ष 2024 के आवगमन पर घर की सुख समृद्धि एवं कारोबार की वृद्धि बनाए रखने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु गांव करियाड़ा के विश्व ऐतिहासिक शक्तिपीठ नाग मंदिर पहुंचे। वहीं, नाग मंदिर करियाड़ा के कपाट खुलते ही क्षेत्रभर व दूर-दूर से लोगों ने नववर्ष के अवसर पर सुबह की आरती में भाग लिया। इस दौरान यहां नाग मंदिर में सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं की आवाजाई शुरू हो गई। इस दौरान मंडी, लुधियाणा, अंबाला, जम्मू होशियारपुर ऊना व हिमाचल के भिन्न-भिन्न इलाकों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नाग मंदिर में दर्शन कर परिवार की खुशहाली कारोबार की बढ़ोतरी के लिए मन्नत मांगी।



**कांगड़ा।** नववर्ष के पावन अवसर पर सोमवार को सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं ने मां बज्रेश्वरी मंदिर पहुंच कर आशीर्वाद लिया। भक्तों के सुबह ही माता आरती सुनकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। दोपहर को भक्तों ने लंगर का भी आनंद लिया।

# शव वाहन चालक की नौकरी कर युवाओं के लिए बने मिसाल रविंद्र

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

कोरोना काल में ऐसा चढ़ा समाज सेवा का जुनून जो कि अब स्वरोजगार का जरिया बन गया । बैजनाथ उपमंडल के धानग गांव के निवासी रविंद्र कुमार पिछले 30 वर्षों से चंडीगढ़, दिल्ली में आराम से अपना जीवन यापन कर रहे थे तथा उनके लिए वहां पर सब कुछ ठीक चल रहा था, परंतु जैसे ही कोरोना महामारी ने देश में पांव पसारे रविंद्र कुमार का जीवन तो मानो अस्त-व्यस्त ही हो गया।

इस महामारी के चलते जहां देश-विदेश के हर नागरिक को इस कोरोना लहर ने झकझोर के रख दिया था। वहीं, पर रविंद्र कुमार भी इससे अछूते नहीं रहे पिछले 30 वर्षों से दिल्ली, चंडीगढ़ में आराम से अपना-जीवन यापन कर रहे रविंद्र कुमार को भी वर्षों के अपने आशियाने को छोड़कर एक बार फिर वापस अपने गांव की गलियों में आना पड़ा। क्वहीं पर रविंद्र कुमार ने एंबुलेंस तथा शव वाहन चलाने की ठान कर समाज सेवा का इलाके में एक अनोखी ही मिसाल पेश कर दी। जब इलाके के लोगों को न तो कोई एंबुलेंस सेवा मिल पा रही और न ही शव को श्मशानघाट तक ले जाने के लिए कोई उचित व्यवस्था हो पा रही थी। क्योंकि लोग डर के मारे शव को कंधा देने जैसे पुण्य कार्य के लिए भी पीछे हट रहे थे। ऐसे में टीम टेन तथा सार्थक जैसी समाज सेवी संस्थाएं लोगों की मदद के लिए आगे आई। उन्होंने न केवल एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करवाई बल्कि शव को श्मशानघाट तक पहुंचाने का जिम्मा भी उठाकर इलाके में मानवता की एक नई मिसाल पेश कर दी।

इस एंबुलेंस और शव वाहन चलने का जिम्मा रविंद्र कुमार ने बिना किसी खौफ के अपने कंधों पर लेकर समाज सेवी संस्थाओं के काम को और आसान कर दिया। वहीं, समाजसेवी अंकित सूद कहते हैं कि जिस बखूबी से रविंद्र कुमार अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं वह समाज सेवा की एक अनूठी मिसाल है।

## हर जगह अनंत ज्ञान




नगरोटा बगवां में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए पाठक।




नगरोटा बगवां के गांधी ग्राउंड में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए पाठक।

# थोड़ी-थोड़ी व्हिस्की... जान के लिए है रिस्की

### शराब व धूम्रपान की लत युवाओं में बढ़ा रही बीमारियों का खतरा, यूरोपीय हार्ट पत्रिका में छपे शोध में हुआ खुलासा



अमर सिंह जंगी, पालमपुर

हाल ही में हुए एक शोध में पाया गया है कि शराब और धूम्रपान जैसी लतों के शिकार किशोरों की धमनियां कम उम्र में ही कठोर होने लगती हैं। इससे उनमें दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

यूरोपीय हार्ट पत्रिका में छपे शोध के परिणामों के अनुसार सिगरेट और शराब का सेवन एक साथ सेवन इसे अलग-अलग सेवन से ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। शोधकर्ताओं ने 2004- 2008 के बीच पांच साल की अवधि में 1.266 किशोरों पर यह अध्ययन किया। सूत्रों के अनुसार, वयस्कों की तुलना में किशोरों में धमनियों की इस तरह की परेशानी की खबरें ज्यादा आ रही हैं। यह शोध 13 से 17 वर्ष की उम्र के किशोरों की धूम्रपान की आदतों पर किया गया था। इसमें यांत्रिक रूप से धमनियों में नब्ज की बढ़ी गति को मापा गया। वहीं, हम सब मानते हैं कि रेड वाइन हमारे दिल के लिए बहुत अच्छी होती इसलिए हमें उसे लेना चाहिए लेकिन कई बार यह मामला सामने आया है कि 76 प्रतिशत जिन्हें रोसिया की बीमारी थी उन्होंने रेड वाइन पी और उनकी बीमारी और बढ़ गई। रेड वाइन हमारे शरीर मे बहुत जल्दी-जल्दी हिस्टामिन को रिलीज करता है, जिससे स्किन लाल होना शुरू कर देती है। (अनंत ज्ञान)

### लीवर को नुकसान

**शराब** के अंदर खतरनाक पदार्थ होते हैं जो समय के साथ-साथ यह आपके लिवर को खराब करते जाते हैं। और आगे जाकर आपका लिवर काम करना भी बंद कर सकता है और इसका नतीजा आपकी त्वचा पर दिखने लग जाता है और आपकी त्वजा चिपचीपी हो जाता है और आपके रोमछिद्र भी बड़े हो जाते हैं।

### चेहरे पर छाइयां पड़ना

**अगर** आप अपने शराब में मीठा जैसे कोक इत्यादि का सेवन करते हैं तो ये आपके स्किन को खराब करती है और समय से पहले ही छाइयां आने लगती है।

### सेल्युलाइट की समस्या

**अधिक** शराब के पीने से और खतरनाक पदार्थो के सेवन के कारण सेल्युलाइट की समस्या का रोगी बनाता है जो हमारी त्वचा के लिए अधिक हानिकारक है।

### समय से पहले बूढ़े होना

**बहुत** सारी शराब में कोगेनेर नाम के पदार्थ होते हैं। इससे आपको नशा चढ़ता है लेकिन बहुत समय से शराब पीने और भारी मात्रा में पीने से आप जल्दी जल्दी बूढ़े होना शुरू कर देते हैं।

### आंखों के नीचे काले घेरे

**शराब** पीने से हमारी रोज के सोने का जो रूटीन होता है वो खराब हो जाता है। शराब के कारण हमारी आंखों के नीचे जो छोटी नसें होती हैं यह उनको बड़ा कर देता है, जिससें हमें अपनी आंखें लाल नजर आती हैं।

### शराब पीने से त्वचा में पानी की कमी

**जो** लोग रात को खूब जम कर पीते है और सुबह उठते है तो उनके सर में दर्द हो रहा होता है या उनका मुंह सूखा हुआ होता है। शराब हमारी त्वचा को एक दम फीकी और बेजान बना देती है।

### शराब और नमक मिश्रण है खतरनाक

**मंगरीता** जैसे पेय जिसके गिलास के चारो तरफ नमक लगा हुआ होता है ऐसे पेय आपके शरीर में दोगुना पानी की कमी कर देते हैं और शराब के नशे को और खराब बना देते हैं। इन सबका असर आपकी त्वचा पर दिखने लग जाता है।

### शरीर पौष्टिकता की कमी

**शराब** आपके शरीर के सारे महत्वपूर्ण पदार्थों को छीन लेता है उनमें वो भी होते हैं जो एक स्वस्थ त्वचा के लिए चाहिए होता है। अगर आप रोज ही शराब पीते है तो आपको प्रोटीन और विटामिन की कमी बढ़ सकती हैं। इससे आपकी त्वचा पीली पड़ने लग जाती है और आप जल्दी बूढ़े भी होने लगते हो।

### शराब से 'रोसैया' हो सकता है

**अगर** आप भारी मात्रा में शराब पीते हैं तो ऐसे में आपके शरीर में रोसैया की बीमारी घर कर सकती हैं। रोसिया एक चर्मरोग की समस्या है। इसमें आपकी त्वजा लाल पड़ सकती है और आपकी अंदर की नस बाहर दिखने लग जाती है और आपके शरीर में घाव भी पड़ सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वानता के लोगों ने जानी बैंकिंग प्रणाली

**डाडासीबा।** डाडासीबा के अंतर्गत पंचायत लग के गांव स्वानता में नाबार्ड के सौजन्य से कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा डाडासीबा द्वारा ग्राहक जागरूकता शिवर का आयोजन किया गया। इसमें बैंक अधिकारी विजय कुमार और विनोद कुमार द्वारा लोगों को ऑनलाइन डिजिटल लेनदेन के बारे में जागरूक किया गया तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और बैंक की स्कीमों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस शिवर में ग्राम पंचायत लग के वार्ड-पंच धर्म सिंह तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति इस मौके पर उपस्थित रहे।

### डाडासीबा में व्यापारियों ने लगाया भंडारा



डाडासीबा में बाबा भरथरी मंदिर में भंडारे का आनंद लेते श्रद्धालु।

**डाडासीबा।** डाडासीबा के प्राचीन शक्तिपीठ बाबा भरथरी मंदिर परिसर के साथ सोमवार को स्थानीय व्यापारियों के सहयोग से नववर्ष के उपलक्ष्य में तीसरे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें स्थानिय क्षेत्रों के भिन्न-भिन्न पंचायतों के सैकड़ों लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। व्यापारी राजेंद्र सिंह ने बताया यह भंडारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में व्यापारियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया। सुबह-सुबह कन्या पूजन किया गया उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में स्थानीय व अन्य लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### नववर्ष पर 105 यूनिट रक्त किया एकत्रित



गांधी ग्राउंड नगरोटा बगवां में रक्तदान करते स्वयंसेवी।

**नगरोटा बगवां।** नव वर्ष 2024 के पावन अवसर पर गांधी ग्राउंड नगरोटा बगवां में नगरोटा सेवियर्स क्लब के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ एसडीएम मुनिष शर्मा ने किया। साथ ही उन्होंने रक्तदान भी किया । इस मौके पर टांडा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर विकास व अनुराग शामिल थे । शिविर के अंत तक 105 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया। इस मौके पर नगरोटा सेवियर्स क्लब के अध्यक्ष वरुण मारवाह, गौरी, शान, भृगु नंदन, टिंकू, सचिन वासुदेवा, सुनील कपूर, सत्येंन शर्मा व उपस्थित थे।

### टैक्सी यूनियन ने नगरोटा में लगाया भंडारा



नगरोटा बगवां में ट्रैक्सी यूनियन नववर्ष पर प्रसाद बांटते हुए।

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां में ट्रैक्सी यूनियन ने बाजार में सोमवार को स्थानीय लोगों के सहयोग से नववर्ष के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय क्षेत्रों के भिन्न भिन्न पंचायतों से आए लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## नगरोटा कॉलेज में छात्रों ने सीखी योग क्रियाएं

**नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में आज सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन हुआ। प्राचार्य डा. सुरिंद्र कुमार सोनी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। सरस्वती बंदना और दीप प्रज्वलित करके प्राचार्य महोदय ने कैंप की साप्ताहिक गतिविधियों का जायजा लिया। एनएसएस अधिकारी प्रो. मिनोद गुलेरिया ने सप्ताहिक गतिविधियों की सामूहिक रूप से रिपोर्ट पढ़ी। प्रो. मिनोद गुलेरिया ने बताया कि प्रथम दिन कयारियां बनाई एवं साफ-सफाई की गई। इसमें पूर्व प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार चौधरी ने स्वयंसेवियों को प्रोत्साहित किया और एनएसएस के महत्व को बताया, दूसरे दिन भी परिसर की सफाई की और प्रागण को संवारा गया। इसमें मुख्यातिथि आर्ट ऑफ लिविंग के गुरु सुकांत पाल ने बच्चों को ध्यान योग सुदर्शन क्रिया के माध्यम से सिखाया गया। इस दौरान छात्रों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई अभियान भी चलाया।

## श्रद्धालुओं ने केक काटकर मनाया नए साल का जश्न

अनंत ज्ञान, नूरपुर



नए साल का जश्न मनाते भक्त।

नूरपुर के पीर मुराद बक्श बादशाह दरबार सुलयाली में पुराने साल की बधाई व नए साल के आगमन को लेकर एक कार्यक्रम आयोजन किया। इसमें पीर भक्तों ने केक काट नए साल का जश्न मनाया। यह सिलसिला पिछले कुछ सालों से लगातार चल रहा है यहां पर नए साल के जश्न मनाने का मुख्य उद्देश्य यहां एक ओर लोगों पैसे खर्च करके दूर-दूर होटलों में इस जश्न को मनाते हैं।

वहीं, यहां पर पीर भक्त इकट्ठा होकर ईश्वर, रब के चरणों इस खुशी को मनाते हैं और ईश्वर व पीर बाबा दरबार में आने वाले साल में सभी तरक्की करे, सब तंदरुस्त, खुशहाल रहे, सब में आपसी भाईचारा बने इसकी फरियाद करते हैं। भक्त मीतू डोगरा ने हम सब ने मिलकर पीर बाबा दरबार में एक केक काटकर नया साल मनाया है। पीर बाबा सब अपनी कृपा बनाए, सब तरक्की करे। भक्त रविंद्र ने कहा कि आज हमने पीर बाबा दरबार में नया साल मनाया है पीर बाबा सब की मनोकामनाएं पूरी करे। योगेश ने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी हमने पीर बाबा दरबार में मिलकर नया साल मनाया है पीर बाबा सब के परिवार में खुशियां लाए, जय पीर बाबा की।

## ज्वालामुखी शक्तिपीठ मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए उठाए जाएंगे कदम

अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी



विधायक संजय रतन ने परिवार के साथ मां ज्वलामुखी का लिया आशीर्वाद।

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में नववर्ष के मौके पर देश भर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हैं। श्रद्धालुओं ने मां ज्वालामुखी की दिव्य ज्योतियों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्वालामुखी के विधायक संजय रतन, पत्नी रीतु रतन के साथ मां के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी मंदिर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है।

मंदिर में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मंदिर प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक संजय रतन ने कहा कि नए साल में ज्वालामुखी मंदिर में और सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा। ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विधायक ने नए साल में ज्वालामुखी की जनता और देश की जनता के लिए मंगल कामना की। मंदिर के पुजारी दिव्यांशु भूषण दत्त ने कहा कि मां ज्वालामुखी साक्षात रूप में ज्वाला के रूप में दर्शन देती हैं। यहां सैकड़ों की संख्या में स्थानीय और दूसरे प्रदेशों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर न्यास ज्वालामुखी हर सुविधा श्रद्धालुओं को प्रदान कर रहा है। ज्वालामुखी मंदिर 52 शक्तिपीठों में से एक है। यह हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित है। यह मंदिर माता सती की जीव्हा के अवशेषों को समर्पित है। मंदिर में नौ अखंड ज्वालाएं जलती हैं, जिनमें से एक ज्वाला को सबसे पवित्र माना जाता है। इस ज्वाला को ज्वालामुखी कहा जाता है। ज्वालामुखी मंदिर के बारे में कई चमत्कार और आख्यान प्रचलित हैं। ऐसा कहा जाता है कि मंदिर की ज्वालाएं कभी नहीं बुझती हैं। यह भी कहा जाता है कि मंदिर में दर्शन करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस मौके पर एसडीएम डा. संजीव शर्मा, मंदिर अधिकारी अनिल सोंधी आदि मौजूद रहे।

**समारोह** — कृष्णा नगर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान सीपीएस ने छात्रों को दिए टिप्स

# सीपीएस किशोरी लाल ने छात्रों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, बैजनाथ


मुख्य संसदीय सचिव, कृषि, पशुपालन, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, किशोरी लाल ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कृष्णा नगर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विद्यालय के मेधावियों को पुरस्कृत किया।

सीपीएस ने अध्यापकों से आह्वान किया कि विद्यार्थियों को किताबों के अतिरिक्त नैतिक मूल्यों और कर्तव्यों का भी ज्ञान अवश्य दें। उन्होंने कहा पाठ्यक्रम के साथ साथ हमारी संस्कृति, परंपराओं तथा संस्कारों की भी ज्ञान देना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अध्यापकों को विशेष प्रयास करने की जरूरत है ताकि प्रतिस्पर्धा के दौर में बच्चें किसी क्षेत्र में पीछे न रहें। उन्होंने कहा कि विद्यालय के अध्यापकों ने छात्रों के सर्वांगीण विकास में सार्थक प्रयास किए हैं, जिसका पता आज के वार्षिक उत्सव से पता चल रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में विद्यालय में परीक्षा भवन बनाया जायगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को परीक्षा भवन का प्राकलन तैयार करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि बैजनाथ से चोबीन कूहल जो कृष्णानगर से हो कर गुजरती उसके रिपेयर के आदेश विभाग दे दिए गए हैं, ताकि कूहल के पानी को चोबीन में किसानों के खेतों में पहुंच सके। सीपीएस ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों, बैजनाथ के लोगों, छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को 11 हज़ार रुपए देने की घोषणा की। इससे पहले विद्यालय के प्रधानाचार्य शशि कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत की। इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र राव, मीडिया प्रभारी अमित शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन जगदीश राणा, रिटायर्ड एसपी कुलदीप राणा, रिटायर्ड निदेशक उद्यान विभाग डॉ. राजिंद्र राणा, इंदु कौशल मोहिंद्र सिंह, ब्लॉक कांग्रेस के सदस्य, कुलदीप राणा, पार्षद अशोक सुग्गा एसडीओ जल शक्ति शरती शर्मा सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापक, छात्र, अभिभावक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में पहुंचे सीपीएस किशोरी लाल का स्वागत करता स्कूल स्टाफ।

## शिव मंदिर दधोना सांबा में गूंजे भजन-कीर्तन



**डरोह।** प्राचीन शिव मंदिर दधोना सांबा में नववर्ष के उपलक्ष्य पर मंदिर में साफ सफाई की गई और लघु कीर्तन का आयोजन भी किया गया। भक्तजन दिनभर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन करते रहे। इस अवसर पर आस पास के गांववासी मौजूद रहे।




नववर्ष 2024 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ASHOKA PALACE
ASHOK KUMAR
Founder
Ashoka Palace, Near Mata Narda Sharda Mandir, Nagrota Bagwan, Distt Kangra,
+91 8091714579, +91 9845203024
+91 9872399312
ashokapalace78@gmail.com

# तुलड़-कुडेरा संपर्क मार्ग का भूमि पूजन

## घटासनी में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने रखी नींव, एक करोड़ से होगा निर्माण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सोमवार को ग्राम पंचायत घटासनी में लगभग एक करोड़ से निर्मित होने वाले तुलड़-कुडेरा संपर्क मार्ग का भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस मार्ग के निर्मित होने से तुलड़, कुडेरा, बासी और बनोइ गांव की 2000 से अधिक आबादी को सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा। इस संपर्क मार्ग को बनोइ गांव तक विस्तार दिया जाएगा।



तुलड़-कुडेरा संपर्क मार्ग का भूमि पूजन करते विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

- 2000 से अधिक की आबादी को मिलेगा सुविधा का लाभ
- सड़क परियोजनाओं पर खर्च किए जा रहे 134 करोड़

कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मात्र एक वर्ष के कार्यकाल में ही 26 संपर्क सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जारी वित्त वर्ष के दौरान इन सड़क परियोजनाओं पर 134 करोड़ की धनराशि व्यय की जा रही है। उन्होंने कहा कि जून 2027 तक भटियात विधानसभा क्षेत्र में सड़क सुविधा से वंचित सभी गांवों को प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जाएगा।

विभागीय विकास कार्यों का जिक्र करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ककीरा के लिए लगभग 24 करोड़ की राशि से निर्मित होने वाली सीवरेज योजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को जल्द स्वीकृति प्रदान की जाएगी। साथ में ऊपरली तथा निचली बडिंगी गांव को एक करोड़ 18 लाख की राशि से निर्मित होने वाली नई पेयजल योजना का भी जल्द लोकार्पण होगा। इस योजना के तहत 90 प्रतिशत से अधिक कार्य को संपूर्ण कर लिया गया है। कुलदीप सिंह पठानिया ने सड़क निर्माण को लेकर लोगों से भूमि दान देने का आग्रह भी किया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान स्वेच्छा से भूमि दान करने वाले लोगों को शॉल व टोपी भेंट कर सम्मानित भी किया।

इससे पहले यहां पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष का स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके उपरांत विधानसभा अध्यक्ष ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया व शेष समस्याओं को जल्द समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी तरुण मल्होत्रा, अध्यक्ष भटियात सोशल मीडिया विजय कुमार, एसडीएम पारस अग्रवाल, वन मंडल अधिकारी डलहौजी रजनीश महाजन, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग दिवाकर पठानिया, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग हर्षपुरी, विद्युत पंकज राठौर, खंड विकास अधिकारी मनीष चौधरी, उपप्रधान ककीरा बलविंदर साही सहित पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# भरमौर के खणी में अमित मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

## समाजसेवी व युवा नेता बलविंदर ठाकुर ने किया आगाज

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के खणी में अमित मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज सोमवार को बड़ी धूमधाम से हुआ। इस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आरडी कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टर, समाजसेवी व युवा नेता बलविंदर ठाकुर ने किया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक टीमें भाग ले रही हैं। अमित मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता पिछले 10 वर्षों से लगातार आयोजित करवाई जा रही है। इस प्रतियोगिता में जीतने वाले को 11000 व उपविजेता को 8100 रुपए नकद इनाम के तौर पर दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बलविंदर ठाकुर ने कहा है कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन बहुत ही आवश्यक है। खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने से युवाओं में नशे से दूर रहने में काफी सहयोग मिलता है।



अमित मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ पर खिलाड़ियों से परिचय पाते मुख्यातिथि समाजसेवी बलविंदर ठाकुर।

उन्होंने कहा कि इस तरह की अधिक से अधिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित हो इसके लिए भी भरपूर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यहां पर मौजूद सभी खिलाड़ियों से अपील की है कि वर्तमान में अपने समाज को नशे से दूर रखने के लिए काम करें वे युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें।

# डलहौजी में पेट्रोल और डीजल न मिलने से पर्यटक परेशान

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

ट्रक चालकों की हड़ताल ने नववर्ष का जश्न मनाने डलहौजी पहुंचे पर्यटकों का सारा मूड ही ऑफ कर दिया। जिसकी मुख्य वजह डलहौजी व आसपास के क्षेत्रों में मौजूद पेट्रोल पंपों में पेट्रोल और डीजल का खत्म होना है। गौर हो कि पर्यटन नगरी डलहौजी में हजारों पर्यटक पहुंचे हैं।

वहीं पर्यटन नगरी के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल नहीं मिल रहा है। गौर हो कि सरकार की ओर से चालकों के लिए बनाए गए नए कानून के चलते हड़ताल के कारण पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बाधित हुई है। हालांकि, नैनीखड्ड स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल उपलब्ध रहा, लेकिन यहां आने के लिए सैलानियों को ज्यादा दूरी तय करनी पड़ी।



बनीखेत पेट्रोल पंप पर खड़ी गाड़ियां।

नए साल का जश्न मनाने के लिए पहुंचे पर्यटकों को डीजल और पेट्रोल न मिलने से परेशान होना पड़ रहा है। यदि उन्हें पेट्रोल-डीजल नहीं मिला तो वापसी के समय में परेशानी हो सकती है। गौर हो कि सरकार की ओर से बनाए गए चालकों के कानून के लिए हड़ताल चल रही है। बाहरी राज्यों में नए कानून का विरोध हो रहा है। इसी वजह से पर्यटन नगरी डलहौजी के साथ लगते क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई नहीं पहुंची है। वहीं पंप मालिकों ने इस संकट का विकल्प खोजना आरंभ कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# नर्सिंग की छात्राओं को डिग्रियां बांटी

## नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान ककीरा ने मनाया 11वां दीक्षांत समारोह

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान ककीरा में सोमवार को 11वें वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने इस दौरान जीएनएम कोर्स 2020-23 के तहत नर्सिंग का प्रशिक्षण पूरा करने वाली छात्राओं को डिग्री प्रदान की। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों का हमेशा से महत्वपूर्ण स्थान रहा है। चिकित्सक को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है।

हमारी नर्स बहनें भी देवी स्वरूप होती हैं जो नि:स्वार्थ भाव से मानवता की सच्ची सेवा कर दूसरों के जीवन को खुशियों से भर देती हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी श्री हरि गिरी चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इसके साथ ट्रस्ट द्वारा स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से ऐएनएम, जेएनएम तथा बीएससी नर्सिंग का प्रशिक्षण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। कुलदीप सिंह पठानिया ने विधानसभा क्षेत्र भटियात में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र भी अपने संबोधन में किया। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष का संस्थान में पधारने पर प्रबंधन एवं छात्राओं ने जोरदार स्वागत किया।



स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान ककीरा में एक छात्रा को डिग्री प्रदान करते मुख्यातिथि।

संस्थान की छात्राओं ने इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समा बांधा। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को 26100 की धनराशि देने की भी घोषणा की। इस दौरान प्रशिक्षण पूरा कर चुकी नर्सिंग छात्राओं को सत्य निष्ठा की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर एसडीएम पारस अग्रवाल, संस्थान के अध्यक्ष राजन भाई पटेल, प्रधानाचार्य डॉ. कांता कुमार, रजिस्ट्रार एचपीएनआरसी शशि शर्मा, ट्रस्ट के सदस्य तरुण मल्होत्रा और देवेंद्र महाजन, विभिन्न विभागों के अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कैला में स्वास्थ्य संस्थान नहीं, डिस्पेंसरी खोली जाए

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- पंचायत के ग्रामीणों ने सरकार से उठाई मांग

विकास खंड चंबा की ग्राम पंचायत कैला में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। आलम यह है कि पंचायत में एक भी स्वास्थ्य संस्थान नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों को मामूली इलाज करवाने के लिए भी दूर स्थित अस्पताल का रुख करना पड़ता है। पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने कई बार इस संबंध में मांग भी उठाई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

गांव में यदि कोई बीमार हो जाता है तो समस्या गंभीर हो जाती है। लोगों को कई किलोमीटर का पैदल सफर तय कर चंबा या जडेरा पहुंचना पड़ता है। ऐसे में मरीज अस्पताल तक पहुंचने तक और अधिक बीमार हो जाते हैं। छोटी से छोटी बीमारी के लिए दवाई लाने के लिए भी गांव के लोगों को चंबा या जडेरा स्थित पीएचसी पर ही निर्भर रहना पड़ता है। यही नहीं बच्चों को टीका लगवाने के लिए भी अभिभावकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की अधिक आबादी होने के बाद भी यहां पर अभी तक डिस्पेंसरी न खुलने से स्वास्थ्य विभाग व सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। मरीजों को उचित समय पर उपचार नहीं मिल पाता है। वहीं दूर स्थित कई बार डॉक्टर न मिलने के कारण भी समस्या विकराल हो जाती है।


लोगों का कहना है कि यहां पर एक डिस्पेंसरी खोल दी जाती है तो लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए कई किलोमीटर पैदल सफर नहीं करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने सरकार व स्वास्थ्य विभाग से मांग उठाई है कि कैला पंचायत में डिस्पेंसरी खोली जाए।

# छह करोड़ से चकाचक हुई नकरोड़ से भंजरारू सड़क, सफर होगा सुगम

## लोक निर्माण विभाग ने 14 किलोमीटर तक पूरा किया काम

**आजम डार, तीसा**

चुराह विधानसभा के अंतर्गत नकरोड़ से भंजरारू को जोड़ने वाले चंबा तीसा मुख्य मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग पर पड़े मलबे को हटाकर तारकोल बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। छह करोड़ के पैकेज से इस कार्य को किया गया है। बरसात से पहले कटिंग और रिटेनिंग वाल का कार्य इस पैकेज में हो चुका था वहीं 14 किलोमीटर के दायरे में यह तारकोल डाली गई है। गौर हो कि बरसात में हुई भारी बारिश के कारण यह कार्य अधर में लटक गया था। जैसे ही मौसम खुला तो लोक निर्माण विभाग के अधिकारी हरकत में आ गए और चुराह में विकास कार्य को आगे बढ़ाने का काम शुरू कर दिया। नकरोड़ से कॉलोनी मोड़ तक सड़क को चौड़ी करके इस पर तारकोल बिछाया गया। जिससे चुराह के लोगों का सफर सुगम होगा। इस मार्ग से लेसुई, देहरोग, टिकरी बघेईगढ़, चांजू चरड़ा, थल्ली, गड़फरी चिल्ली पंचायत के लोगों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। उधर लोक निर्माण विभाग के अभिशाषी अभियंता जोगिंद्र सिंह का कहना है की चुराह लोक निर्माण विभाग विकास कार्यों की और अग्रसर है। जबकि जल्द ही इस कार्य को पूरा करने सहित लंबित कार्यों को भी जल्द पूरा किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने सड़क को चौड़ा कर तारकोल बिछाई है। (अनंत ज्ञान)



छह करोड़ के पैकेज से चकाचक हुआ नकरोड़ से भंजरारू सड़क मार्ग।

## 'शिवरात्रि रे बहाने' एल्बम की रिलीज





**भरमौर।** कैलाश दर्शन पर निशा जरियाल का गाना शिवरात्रि रे बहाने की एल्बम को रिलीज किया गया। इस मौके पर उनके साथ गायक कलाकार निशा जरियाल व उनके पिता राकेश जरियाल भी मौजूद रहे। इस मौके पर भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज ने कहा कि उनके इलाके के लिए गर्व का विषय है की निशा जरियाल का पहला गाना रिलीज हो गया है। इस मौके पर उन्होंने इस एल्बम के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## निजी बस ऑपरेटर यूनियन ने रैली निकाली

**चंबा।** केंद्र सरकार द्वारा चालकों के लिए कानून में किए संशोधन को लेकर निजी बस ऑपरेटर यूनियन ने सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। जिसको लेकर सोमवार को निजी बस ऑपरेटर यूनियन चंबा द्वारा न्यू बस अड्डे से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक केंद्र सरकार के विरुद्ध रैली निकालकर जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर निजी बस ऑपरेटर यूनियन पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बयान देते हुए बताया कि चालक को वाहन दुर्घटना को लेकर केंद्र सरकार द्वारा जो फरमान थोपे जा रहे हैं वह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दुर्घटना होने पर चालक पर सात लाख रुपए का जुर्माना व 10 साल की सजा का प्रावधान कर कर इस वर्ग के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि कोई भी चालक जानबूझ कर दुर्घटना नहीं करता है और न ही करना चाहता है। उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र सरकार द्वारा लागू कानून को वापस नहीं लिया जाता तब तक निजी बस चालक यूनियन व ट्रक चालकों द्वारा केंद्र सरकार के विरोध मोर्चा जारी रखा जाएगा।

# बाल आश्रम मैहला में कंबल बांटे

## नववर्ष पर डीसी ने बच्चों के साथ काटा केक, शुभकामनाएं दीं

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी चंबा अपूर्व देवगन व अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष श्वेता देवगन के साथ मिलकर बाल आश्रम मैहला के बच्चों के साथ केक काट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ बच्चों को गर्म कंबल और फल बांटे। इस मौके पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा, सहायक आयुक्त विकास एवं भू अधिग्रहण अधिकारी चमेरा निशांत जसवाल, रेडक्रॉस सचिव नीना सहगल बीडीओ उपस्थित रहे।



बाल आश्रम मैहला के बच्चे उपायुक्त अपूर्व देवगन व अन्य के साथ।





**समस्या** मुख्यालय में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही संख्या, राहत दिलाने की घोषणाएं जस की तस

# बेसहारा पशु राहगीरों के लिए बने परेशानी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मुख्यालय में बेसहारा पशु राहगीरों के लिए परेशानी बने हुए है। आलम यह है कि शहर का कोई ऐसा स्थान नहीं है जहां ये पशु न हो। हालांकि इस दिशा में जिला प्रशासन व संबंधित विभाग कई अधिकारिक बैठकों में बेसहारा पशुओं से मुख्यालय को राहत दिलावने की योजनाएं व घोषणाएं कर चुके है मगर परिस्थितियां जस की तस है। इसके चलते लोगों को इन पशुओं के आतंक को रोजाना झेलना पड़ रहा है।

शहरवासियों ने कई बार उक्त समस्या से संबंधित विभाग के अधिकारियों से गुहार भी लगाई है, लेकिन इसके बावजूद लोगों को इस समस्या से राहत नहीं मिल रही है। शहरवासियों में रोशन लाल, प्रेम चंद, अविनाश, मनोज, राजदीन, राकेश कुमार, सुरेश, प्रवीण, अजय कुमार, सूरज, विनोद, संजय सिंह, भावना व अंजलि आदि का कहना है कि पिछले कुछ माह से इन पशुओं की संख्या कम होने के बजाए बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने कहा कि ये पशु खाद्य पदार्थों से लेकर कई कीमती वस्तुओं सहित फसलों को रोजाना नुकसान पहुंचा रहे है। साथ ही जिला प्रशासन भी इन पशुओं को बीच सड़क व बीच बाजार में बैठा देख इन्हे नजर अंदाज कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि भगौत, शनिदेव मंदिर मुगला समीप गोसदन खुलने के बावजूद मुख्यालय में लावारिस पशुओं का बोलबाला खत्म नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस दिशा में जल्द से जल्द उचित कदम उठाकर शहरवासियों को लावारिस पशुओं के उत्पात से राहत दिलाई जाए।




चंबा-चामुंडा मार्ग पर बेसहारा पशु। लोगों को रोजाना इन पशुओं से परेशानी होती है।

### कानूनी कार्रवाई की जाएगी: संदीप कुमार



संदीप कुमार, तहसीलदार एवं ईओ नगर परिषद चंबा का कहना है कि मुख्य बाजार परिसर में लावारिस पशुओं की संख्या में इजाफा हुआ है, इसमें कोई दो राय नहीं है। नप द्वारा इस दिशा में कड़ा संज्ञान लेते हुए पशुओं को जहां बंधी बनाया गया वहीं मालिकों का चालान भी किया, लेकिन इसके बावजूद पशु मालिक पशुओं को बाजार में छोड़ते है। जिसके चलते ऐसे पशुपालकों पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नगर परिषद की बैठक में उठाया जाएगा मुद्दा



नीलम नैय्यर, अध्यक्ष नगर परिषद चंबा का कहना है कि नगर परिषद हाऊस बैठक में लावारिस पशुओं का विषय रखा जाएगा। जिसमें संबंधित वार्ड पार्षद से पूर्ण विचार-विर्मश करने सहित इस दिशा में उचित कदम उठाएं जाएंगे। जबकि पूर्ण रूप से बेसहारा घूम रहे पशुओं को गोसदन भेजा जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### ड्रीलस्क्वायड में मंडी की कैडेट्स प्रथम



विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य व प्रभारी के साथ छात्राएं।

**मंडी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडी ने एनसीसी के जूनियर वर्ग में राज्य स्तरीय एटीसी कैंप में बेस्ट ड्रीलस्क्वायड में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह दस दिवसीय कैंप काला अंब ऊना में आयोजित किया गया। एनसीसी प्रभारी गीता देवी के अनुसार इस विद्यालय से 41 कैडेट्स ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य भाग सिंह ठाकुर ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ड्राइविंग टेस्ट चार और 20 जनवरी को

**मंडी।** वाहन पंजीयन व अनुज्ञापन अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने बताया कि वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन (एसडीएम) कार्यालय सदर मंडी के अंतर्गत छोटा पड्डल मैदान मंडी में चार व 20 जनवरी को ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थी ड्राइविंग टेस्ट के लिए अपने फार्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फाइल के साथ लाना सुनिश्चित बनाएं। बिना फोटो, बिना फाइल तथा अधूरे फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि चार जनवरी को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट के लिए पहली जनवरी से जबकि 20 जनवरी को होने वाले टेस्ट के लिए 14 जनवरी सुबह 10 बजे से परिवहन डॉट जीओवी डॉट आईएन के माध्यम से स्लॉट बुक किए जा सकेंगे।

### विधायक का जनसंपर्क अभियान कल से

**मंडी।** विधायक अनिल शर्मा तीन जनवरी से अपने जनसंपर्क अभियान का दूसरा चरण शुरू करेंगे। वे विभिन्न पंचायतों में जाकर विकास कार्यों का जायजा लेने के साथ लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे। भाजपा मंडलाध्यक्ष मनीष कपूर ने बताया कि दिसंबर माह में जनसंपर्क के प्रथम चरण में विधायक द्वारा कोटली सहित अन्य पंचायतों का दौरा किया जाएगा तथा लोगों की समस्याओं को सुना व मौके पर ही निपटारा भी किया गया। उन्होंने बताया कि तीन जनवरी से ग्राम पंचायत द्रुबल में जनसंपर्क अभियान का दूसरा चरण शुरू होगा। इसके बाद वे ग्राम पंचायत भरगांव व डवाहन में जाएंगे। चार जनवरी को ग्राम पंचायत सेहली, बग्गी और निचला लोट, पांच को ग्राम पंचायत सदयाणा, साईं और सदोह, छह जनवरी को ग्राम पंचायत बाड़ी गुमानु, तरनोह और बीर में हुए विकास कार्यों का जायजा लेंगे। वहीं सात जनवरी को ग्राम पंचायत मांथल, मराथू और जनेड में उपस्थित रहेंगे। आठ जनवरी को ग्राम पंचायत रंधाड़ा, सैण और पधियू में लोगों की समस्याओं को सुनेंगे।

### मस्तराम ठाकुर प्रधान, गोपाल सचिव बने

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक कोटली की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसकी अध्यक्षता आनरेरी कैप्टन कश्मीर सिंह ने की और एचआर शर्मा और सीआर शर्मा ने चुनाव करवाने में अहम भूमिका निभाई। इसमें कुल उपस्थिती 188 एक्स सर्विसमैन की रही जिसमें करनाल प्रताप भी बैठक में उपस्थित रहे। कार्यकारिणी में प्रधान मस्तराम ठाकुर, सचिव गोपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रतन चंद, उपाध्यक्ष योगराज, संयुक्त सचिव होशियार सिंह, कोषाध्यक्ष चमन लाल ठाकुर, मुख्य सलाहकार गणपत राम और प्रेस सचिव हुकुमचंद को बनाया गया।

# खाद्य पदार्थों के सैंपल फेल होने पर 2.35 लाख जुर्माना

## खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पांच थोक व खुदरा विक्रेताओं पर कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) मंडी की अदालत ने खाद्य पदार्थों के सैंपल फेल होने के मामलों में मंडी जिले के पांच थोक व खुदरा विक्रेताओं को दो लाख 35 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आए अलग-अलग मामलों में अभियोजन का पक्ष लेते हुए संबंधित प्रतिष्ठान मालिकों को यह जुर्माना लगाया।

इस बारे में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मंडी डॉ. मदन कुमार ने बताया कि ललित कुमार डैहर का चना दाल का सैंपल लिया गया था,


एडीएम डॉ. मदन कुमार।

जो मिसब्रांडेड पाया गया। इसमें प्रतिवादी पक्ष को 60 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा चेतन शर्मा तहसील चच्योट स्थित गोहर को नैकलोजाइम प्लस

- **एडीएम मंडी बोले, लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं**
- **मिलावटखोरों को नहीं बख्शा जाएगा**

सिरप का सैंपल सब स्टैंडर्ड पाए जाने पर 70 हजार रुपए, निखिल कुमार गुप्ता डैहर का मुकंद बड़ी का सैंपल मिसब्रांडेड व सब स्टैंडर्ड पाए जाने पर 45 हजार रुपए, अनंत राम नेरचौक का देसी घी का सैंपल मिसब्रांडेड पाए जाने पर 30 हजार तथा निशांत शर्मा चक्कर का काजू मटर नमकीन का नमूना मिसब्रांडेड पाए जाने पर 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

डॉ. मदन कुमार ने कहा कि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मंडी जिले के सभी थोक व खुदरा विक्रेताओं को सचेत किया कि यदि खाद्य पदार्थों में किसी प्रकार की कोई कमी पाई गई या खाद्य सैंपल निर्धारित मानकों के अनुसार परीक्षण में फेल पाए गए तो भविष्य में इसको गंभीरता से लिया जाएगा। मिलावटखोरों और पैकिंग में गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में चमकी बस्सी की वंशिका


राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में बस्सी की वंशिका को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी की 10वीं कक्षा की प्रतिभाशाली छात्रा वंशिका ठाकुर ने स्कूल का नाम रोशन किया है। वंशिका ने 24 और 25 दिसंबर को बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लिया, जिसमें उसने जॉब क्रिएटर के रूप में युवा श्रेणी में अपने नवाचार का प्रदर्शन किया और विजयी रही। वंशिका के नवाचार, जिसका शीर्षक था ऑटोमेटिक स्विच फॉर एलपीजी विद टाइमर को जजों और दर्शकों से व्यापक सराहना मिली। युवा इनोवेटर की सफलता ने उसे इसी माह महाराष्ट्र में होने वाले आगामी राष्ट्रीय स्तर के युवा महोत्सव में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक योग्य स्थान दिलाया है।

स्कूल प्रधानाचार्य राज कुमारी ने वंशिका और मार्गदर्शक गणित शिक्षक संदीप वर्मा और विज्ञान शिक्षिका चिंता देवी के प्रयासों की भी सराहना की।

# बग्गी युवा मोर्चा ने 'वन बूथ पांच यूथ' पर की चर्चा


बग्गी में सोमवार को आयोजित बैठक के दौरान मौजूद भारतीय जनता युवा मोर्चा नाचन मंडल के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, गोहर**

भारतीय जनता युवा मोर्चा नाचन मंडल की बैठक बग्गी जल शक्ति विभाग के रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष पंकज ठाकुर ने की, जिसमें मुख्य रूप से नाचन विस क्षेत्र के विधायक विनोद कुमार, मंडल अध्यक्ष सोहन सिंह, मंडल महामंत्री संदीप, मंडल विस्तारक इंद्र, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष उत्कर्ष, प्रदेश सचिव हर्ष सूद उपस्थित रहे। इस बैठक में मन की बात सुनी गई। बैठक में वन बूथ पांच यूथ के साथ मंडल सशक्तिकरण को लेकर सबको बताया गया।

## निजी बस रूट हुए प्रभावित


**गोहर।** केंद्र सरकार के निर्णय के खिलाफ वाहन चालकों की देशव्यापी हड़ताल का उपमंडल में भी मिला जुला असर रहा। सोमवार प्रातः से ही उपमंडल में एक-दो रूटों को छोड़ अधिकांश निजी बस सेवाएं ठप रहीं, जिससे जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पेट्रोल व डीजल के लिए भी पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गई। चैलचौक में पेट्रोल पंप संचालक भुवन गुप्ता ने बताया कि उनके पंप पर पेट्रोल का स्टाक तो सुबह ही समाप्त हो गया था, जबकि दोपहर के बाद डीजल का स्टॉक भी लगभग समाप्त हो गया। उन्होंने बताया कि उनका टैंकर शनिवार को सप्लाई लाने के लिए गया था, लेकिन हड़ताल के चलते वह तेल डिपो में खड़ा है। यही हालत क्षेत्र के अन्य पंपों की भी है। उधर, चैलचौक ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा लिए गए निर्णय में सभी वाहन चालकों के हितों से खिलवाड़ है।

# जोगिंद्रनगर में परफेक्ट लाइब्रेरी का शुभारंभ, छात्रों को मिलेगी सुविधा

## मैगजीन न्यूज पेपर व वाई-फाई की व्यवस्था भी की गई है

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में परफेक्ट लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर परफेक्ट लाइब्रेरी के निदेशक राज ठाकुर ने बताया कि परफेक्ट लाइब्रेरी में बच्चों की सेल्फ स्टडी के लिए एक अच्छा विकल्प है। इसमें बच्चे अलग-अलग विषयों के टेस्ट की तैयारी कर सकते हैं। इसके साथ उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए लाइब्रेरी में मैगजीन न्यूज पेपर व वाई-फाई की व्यवस्था भी की गई है। जो बच्चा ऑनलाइन पढ़ाई करना चाहता है वह वाई-फाई की मदद से पढ़ सकता है। इसके अलावा लक्ष्मी बाजार में भी परफेक्ट लाइब्रेरी है, जिसमें अभी सीटें खाली नहीं हैं। इस कारण जोगिंद्रनगर में हमने परफेक्ट लाइब्रेरी की दूसरी ब्रांच का शुभारंभ किया है। यदि कोई बच्चा लाइब्रेरी


परफेक्ट लाइब्रेरी का शुभारंभ करते लाइब्रेरी के निदेशक राज ठाकुर।

ज्वाइन करना चाहता है, तो उसका महीने का 700 रुपए शुल्क होगा और इसके साथ ही हमारी परफेक्ट अकादमी भी है, जहां पुलिस भर्ती, पटवारी भर्ती, अन्य सरकारी टेस्ट की तैयारी करवाई जाती है और साथ ही स्कूल के बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाई जाती है यह जोगिंद्रनगरवासियों के लिए अत्यंत खुशी की बात है।

# अमरजीत शर्मा ने बेटे के जन्मदिन पर 50वीं बार किया रक्तदान


रक्तदान करते अमरजीत व उनका बेटा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जोनल अस्पताल मंडी में सीनियर लैब टेक्नीशिएन के पद पर कार्यरत अमरजीत शर्मा ने अपने दोनों बेटों के साथ रक्तदान किया। प्रधान स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी जोनल अस्पताल मंडी महासंघ के प्रधान अमरजीत शर्मा ने बताया कि उन्होंने 50वीं बार और उनके बेटे अभिनव शर्मा ने पांचवीं बार और छोटे बेटे अक्षित शर्मा ने पहली बार रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि सोमवार को अक्षित शर्मा का जन्मदिन था और इसी उपलक्ष्य में हम सभी ने रक्तदान किया।

अमरजीत शर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं आती है, रक्तदान करने के 24 घंटों बाद रक्त पूरा हो जाता है। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धर्म चंद वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. धर्मचंद वर्मा ने अमरजीत और उनके बेटों को शुभकामनाएं दी।

# एसवीएम महादेव के मेधावी नवाजे

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि ने बांटे इनाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरस्वती विद्या मंदिर महादेव ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया। समारोह की अध्यक्षता कृष्ण चंद्र महादेविया और विधायक विनोद कुमार ने की। पाठशाला प्रबंधन कमेटी के संरक्षक लेखराज राणा ने कार्यक्रम के अध्यक्ष कृष्ण महादेविया, मुख्य वक्ता गोपाल दास का परिचय भी प्रस्तुत किया। पाठशाला के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साहित्यकार कृष्ण चंद्र महादेविया ने तालाब बचाने, पर्यावरण और परिस्थितिकीय संतुलन पर चर्चा की। उन्होंने तमाम नशों और सभी तरह के प्रदूषणों के खतरों से भी खबरदार किया। मुख्य वक्ता शिक्षाविद गोपाल दास ने माता और मातृभूमि के प्रति कर्तव्यों का स्मरण कराया। विधायक विनोद कुमार ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को खूब सराहा। उन्होंने बच्चों की सुंदर प्रस्तुतियों पर इक्कीस हजार,



स्कूल के मेधावी मुख्यातिथि व विशेष अतिथि के साथ।

पाठशाला की विकासात्मक गतिविधियों के लिए दो लाख 51 हजार रुपए देने की घोषणा की, वहीं अनेक अभिभावकों ने भी पाठशाला को नगद राशि प्रदान की। पाठशाला की प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। कार्यक्रम के अध्यक्ष, मुख्यातिथि, मुख्य वक्ता, संरक्षक ने विद्यार्थियों को पुरस्कार बांटे। नब्बे वर्षीय टिभली देवी को भी पाठशाला द्वारा उनकी समाजसेवा के लिए सम्मानित किया गया। गीतांजलि ने कुशलता से मंच संचालन किया।

## राइजिंग स्टार फुटबाल अकादमी की टीम रनरअप

**मंडी।** जिला ऊना के खड्ड में संपन्न हुई अंडर-14 व अंडर-10 फुटबाल प्रतियोगिता में राइजिंग स्टार फुटबाल अकादमी मंडी की टीमों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। अकादमी के प्रभारी ब्रजेश मेहता ने बताया कि ऊना के खड्ड में 72वीं पंडित मोहन लाल दत्ता मेमोरियल फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 30 दिसंबर तक किया गया। अकादमी की दो टीमें पहली बार जिले से बाहर कोई टूर्नामेंट में हिस्सा लेने गई। इनमें अंडर-14 व अंडर -10 टीमें भेजी गई। दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया और उपविजेता रहीं। अकादमी संचालक हरीश शर्मा ने बताया कि अकादमी की खिलाड़ियों ने अच्छा खेल दिखाया और रनर अप खिताब अपने नाम किया। इसमें प्रदेश भर से आई आठ टीमें शामिल हुईं। टीम के साथ कोच हरीश शर्मा व सुभाष भी रहे।

# नववर्ष पर बाबा भूतनाथ मंदिर पहुंचे श्रद्धालु, कतारें लगी


भगवान शिव के दर्शन के लिए कतारों में खड़े श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नववर्ष का प्रथम दिन सोमवार होने के चलते बाबा भूतनाथ मंदिर में भक्तों की कतारें लगी रही और श्रद्धालुओं ने दर्शन करके अपने नव वर्ष की शुरुआत की। महंत देवानंद सरस्वती ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सोमवार से ही नव वर्ष की शुरुआत होती है और सोमवार भगवान शिव को अति प्रिय है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव सभी देश व प्रदेशवासियों को आशीर्वाद प्रदान करें जिससे नव वर्ष सहज, सरल और बेहतरीन गुजरे। वहीं बाबा भूतनाथ मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालु माया शर्मा ने कहा कि बाबा भूतनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी रही। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और मंगल कामना की प्रार्थना की। मंदिर में दर्शन करने आई कविता चंदेल ने कहा कि नए साल के पहले दिन अपने पूरे परिवार के साथ मंदिर में दर्शन करने के लिए आए।

# कोर्ट परिसर में पार्किंग की व्यवस्था को जल्द दुरुस्त किया जाए

## बार एसोसिएशन मंडी ने डीसी अरिंदम चौधरी को बताई समस्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नववर्ष के शुभारंभ पर बार एसोसिएशन मंडी और बेंच द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीसी मंडी अरिंदम चौधरी, एडीसी निवेदिता नेगी और सत्र न्यायाधीश मौजूद रहे। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन व बेंच के अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया।

बार एसोसिएशन मंडी के अध्यक्ष भंवर भारद्वाज ने कार्यक्रम में अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। वहीं पिछले वर्ष हुए कार्यों से डीसी और एडीसी को अवगत करवाया। भंवर भारद्वाज ने कोर्ट परिसर में पेश आ रही समस्याओं का ब्यौरा भी उपायुक्त के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द कांगनी में कोर्ट कांपलेक्स बनकर तैयार हो


नववर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बार और बेंच एसोसिएशन के सदस्य।

जाना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसर में पार्किंग की समस्या सिर दर्द बनती जा रही है।

इसलिए पार्किंग व्यवस्था भी दुरुस्त की जाए और अधिक गाड़ियों को पार्क करने के लिए जगह सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसर में एडवोकेट शेड के भी हालत खराब है। बरसात के मौसम में पानी टपकने से भारी समस्या होती है और आवश्यक दस्तावेज को भी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि मंडी में वकीलों की संख्या ज्यादा है इसलिए एडवोकेट शेड भी बढ़ाने का आग्रह किया। अंत में डीसी मंडी अरिंदम चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और आश्वासन दिया कि बार एसोसिएशन मंडी द्वारा रखी गई मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

## मंडी में जूनियर एथलेटिक्स मीट

**मंडी।** ऐतिहासिक पड्डल मैदान में मंडी जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से जूनियर एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-16 आयु वर्ग के धावकों ने हिस्सा लिया। इस मीट में 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सेवानिवृत्त प्रोफेसर संतोष कपूर ने जूनियर एथलेटिक मीट का शुभारंभ किया। अंडर-14 में तीन ग्रुप ए, बी और सी बनाए गए थे। ए ग्रुप में 60 मीटर लॉन्ग जंप और हाई जंप, बी ग्रुप में 60 मीटर लॉन्ग जंप, बैक थ्रो और ग्रुप सी में 60 मीटर लॉन्ग जंप, 600 मीटर रेस, जंप, लॉन्ग जंप, शॉटपुट, जैवलिन थ्रो और पेंटाथलीन में 60 मीटर, 80 मीटर हर्डल रेस, लॉन्ग जंप, शॉटपुट आदि मुकाबले हुए। पदम सिंह गुलेरिया जनरल सेक्रेटरी ने विजेता धावकों को सर्टिफिकेट और मेडल से सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में प्रोफेसर सुनील सेन, दिनेश सेन , तारा चंद, उमेश, धर्म सिंह बसु कोच, निर्मल, कुलविंदर और रविंद्र ने अपना सहयोग दिया।

**समस्या** अल्ट्रासाउंड के लिए जाना पड़ रहा नेरचौक या प्राइवेट सेंटर

# मंडी अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट नहीं

**पुष्पराज, मंडी**

लंबी जदोजहद के बाद तीन महीने पहले जोनल हॉस्पिटल मंडी को एक रेडियोलॉजिस्ट मिला था और यहां अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू हुई थी, लेकिन अब रेडियोलॉजिस्ट के चले जाने के बाद यह सुविधा फिर से बंद हो गई है। अब लोगों को और खासकर गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासांड करवाने के लिए या तो मेडिकल कालेज नेरचौक जाना पड़ता है या फिर उन्हें निजी सेंटर में जेब ढीली करके अल्ट्रासाउंड करवाने पड़ रहे हैं। बता दें कि जोनल हास्पिटल मंडी में रेडियोलॉजिस्ट का पद काफी समय से खाली चल रहा था। तीन महीने पहले यहां रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती हुई थी, लेकिन अब यह रेडियोलॉजिस्ट नियमों के तहत सीनियर रेजिडेंट बनने के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर चले गए हैं। इस कारण अब यह पद फिर से


जोनल अस्पताल में सोनोग्राफी के कक्ष पर लगा ताला।

खाली हो गया है और अल्ट्रासाउंड वाले कमरे पर ताला लटक गया है। बता दें कि जोनल हॉस्पिटल मंडी में अल्ट्रासाउंड की तीन आधुनिक मशीनें मौजूद हैं, लेकिन अब फिर से बंद कमरे में धूल फांकेंगी। इसके साथ ही जोनल हास्पिटल मंडी में ईएनटी की ओपीडी भी बंद हो गई है। ईएनटी की डॉक्टर मातृत्व अवकाश पर चली गई हैं। दूसरा कोई डॉक्टर मौजूद नहीं है। इस कारण अब यह ओपीडी भी बंद करनी पड़ गई है, लेकिन प्रशासन इस पर गौर नहीं कर रहा और न ही

- **ईएनटी की ओपीडी भी बंद नहीं मिल रही सुविधा**

सरकार इस पर ध्यान दे रही है। बता दें कि जोनल अस्पताल मंडी में पधर, द्रंग, चौहारघाटी, कोटली, सदयाणा, वीर तुंगल, तल्याहड़, रिवालसर, पैड़ी, बटाहण, साइगलू, गोखड़ा आदि स्थानों के लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आते है जिन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और मंडी नगर निगम में करिब एक लाख लोग रहते है जिनमें कुछ मंडी के निवासी है और कुछ अलग—अलग स्थानों से रोजगार और शिक्षा के लिए मंडी शहर में स्थायी व अस्थायी रूप में बसे हुए है। जोनल हॉस्पिटल मंडी के एमएस डॉ. डीएस वर्मा ने बताया कि हॉस्पिटल में रेडियोलॉजिस्ट सहित आठ पद खाली चल रहे हैं और इसकी जानकारी निदेशालय को भेज दी गई है। (अनंत ज्ञान)

‘ईश्वर आपके अंदर आपकी आत्मा में बसता है। वह किसी मूर्ति में नहीं होता। आपकी आत्मा ही आपका मंदिर है। –आचार्य चाणक्य



# हाटी समुदाय को नए साल का गिफ्ट

**हाटी समुदाय** के लिए नव वर्ष 2024 का पहला दिन बड़ा दिन साबित हुआ। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने हाटी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देकर इस समुदाय से जुड़े लोगों को न्यू ईयर का गिफ्ट दिया है। सीएम सुक्खू की कैबिनेट की सहमति के बाद हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा देने के लिए बकायदा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। यानी अब हाटी एसटी अधिनियम हिमाचल में लागू हो गया है। इस समुदाय के लोग अब एसटी का दर्जा प्राप्त करने के हकदार होंगे। अधिसूचना जारी होने के बाद समुदाय के लोग फूले नहीं समा रहे हैं। लोग लड्डू बांटकर खुशी का इजहार कर रहे हैं। गिरिपार के लोग बेशक बूढ़ी दिवाली मना चुके हों, लेकिन उन्हें एक और जश्न मनाने का अवसर मिल गया है। सरकार के इस फैसले से सिरमौर जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों की 154 पंचायतों के तीन लाख से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। हाटी समुदाय 14 जातियों व उपजातियों का समूह है। इसमें खश कनैत से लेकर अनुसूचित जाति व उपजातियां शामिल हैं। यह समुदाय पिछले 56 साल से अपने हक के लिए आंदोलनरत था। सिरमौर के साथ लगते उत्तराखंड के जौनसार बावर इलाके और सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र में एक जैसी संस्कृति और बोली है। जौनसार क्षेत्र को 1967 से जनजातीय दर्जा मिल गया था, लेकिन गिरिपार क्षेत्र को यह दर्जा नहीं मिला था। हाटियों को एसटी का दर्जा देने की डिमांड अब जाकर पूरी हुई है। गिरिपार क्षेत्र के लोगों को एसटी का दर्जा यूं हीं नहीं मिला, बल्कि इसके लिए उन्हें लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी। संसद के दोनों सदनों में हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा दिए जाने का संशोधित बिल पिछले साल पास हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन गया था। पिछले साल चार अगस्त को इस संबंध में केंद्र ने अधिसूचना जारी कर दी थी, लेकिन उसके बाद पेंच राज्य सरकार के पास फंसा था। अब राज्य सरकार ने समय लेकर सोच समझकर इस समुदाय को राहत पहुंचाई है। हाटी समुदाय के लोग काफी समय से सरकार की ओर से प्रदेश में मिलने वाले जनजातीय दर्जे का इंतजार कर रहे थे। बीच में समुदाय के लोगों को प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन भी करने पड़े थे। सुक्खू सरकार की ओर से हो रही देरी के बाद हाटी समुदाय के लोगों का सब्र का बांध टूट गया था। समुदाय के लोगों ने राज्य सरकार को चेतावनी तक दे डाली थी। हाटी समुदाय ने सुक्खू सरकार को दिवाली तक का वक्त दिया था। राष्ट्रपति ने इस संबंध में गैजेट की अधिसूचना जारी दी थी तो राज्य सरकार भी इसे नहीं रोक सकती थी। दरअसल, हिमाचल प्रदेश सरकार को इस संबंध में दो अधिसूचनाएं मिली थीं। राष्ट्रपति की ओर से जारी अधिसूचना में पूरे क्षेत्र को जनजातीय दर्जा देने की बात कही गई थी, जबकि अंडर सेक्रेटरी की ओर से प्राप्त अधिसूचना में सिर्फ सामान्य वर्ग से संबंध रखने वाले लोगों को ही अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के लिए कहा गया था। इन्हीं अधिसूचनाओं की वजह से प्रदेश सरकार कन्फ्यूजन में थी। खैर, देर से ही सही हाटी समुदाय को नए साल में एसटी का दर्जा मिला तो सही।

# जीवन नहीं कोई चमत्कार, आत्मज्ञान से होता है उद्धार

**कानून में यह भी हो अगर आम पब्लिक एक्सीडेंट के दौरान वाहन चालक के साथ मारपीट करती है, तो उनको भी सजा हो। केंद्र सरकार के बनाए नए कानून के तहत अगर कोई ड्राइवर रोड पर एक्सीडेंट करके भाग जाता है और घायल को सड़क पर ही छोड़ देता है, तो उसे 10 साल की सजा होगी।**



लेखक : संदीप डोगरा (निर्भीक निडर)
निजी सचिव
डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, टांडा, जिला : कांगड़ा

**वहीं, अगर एक्सीडेंट करने वाला शख्स, घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाता है, तो उसकी सजा कम कर दी जाएगी। साथ ही कानून में यह भी हो, अगर आम पब्लिक एक्सीडेंट के दौरान वाहन चालक के साथ मारपीट करती है, तो उनको भी सजा हो। तब वाहन चालक इसकी गारंटी लेगा और केस में पीड़ित को अस्पताल तक पहुंचाएगा।**

**हिट-एंड-रन मामला भारत में सड़क दुर्घटनाओं का एक आम मामला बन गया है। सरल शब्दों में, हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं को एक ऐसे मामले के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जहां एक व्यक्ति गाड़ी चलाते समय दूसरे वाहन को टक्कर मारता है और मौके से भाग जाता है। अपने वाहन से संबंधित सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट करना ड्राइवर की आपराधिक और नागरिक जिम्मेदारी है। जैसे-जैसे भारत में हिट-एंड-रन के मामले बढ़ रहे हैं, मोटर वाहन अधिनियम को समझना आवश्यक है, जो हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति पर लगाए गए कानूनों की व्याख्या करता है।**



**मेरा** अपना अनुभव है कि कोई भी ऐसी वस्तु या अवधारणा जिसे मनुष्य धारता, बांधता, बनाता, मानता, निरूपित या परिभाषित करता है, कभी परिपूर्ण नहीं हो सकती। चाहे वह धर्म हो या सामाजिक कायदे-कानून, किसी संस्था या राष्ट्र का संविधान हो या फिर परमात्मा की अवधारणा। बुद्ध, महावीर, कबीर, नानक, मीरा, मंसूर, लल्लेश्वरी, राबिया, रमन और एसएन. गोयनका, सभी तो उस परम साक्षात्कार के बाद या तो पूरी तरह खामोश हो जाते हैं या फिर जो परिभाषाएं और व्याख्याएं प्रस्तुत करते हैं, हमारी समझ से इतनी बाहर होती हैं कि हम उन्हें गूढ़ या रहस्यमयी मान बैठते हैं। प्राय: मेरे जैसे अधकचरे लोग, जिन्हें न इतनी समझ होती है और न ही वे अपने शरीर रूपी प्रयोगशाला में, अपने मन की परखनली में, स्वयम् को साधन की भट्ठी में तपाकर स्वयम् को 24 कैरेट कंचन बना पाते हैं। क्योंकि मन की परखनली में स्वयम् को जानने के लिए, तीव्र उत्कंठा के जिस पारदर्शी रस की आवश्यकता होती है, उसे हम अपनी वासनाओं के सहरा में सरस्वती नदी की भांति सुखा देते हैं, फिर ईश्वर या प्रकृति प्रदत्त सभ्यता या संस्कृति को, जिसे हम जीवन कहते हैं, को धूल-धानी कर हम मिथक घड़ते हैं।

ईश्वर या प्रकृति प्रदत्त जीवन को देखने के लिए जिस मलरहित, पारदर्शी दर्पण या झील की आवश्यकता होती है, उसे हम अपनी चाहतों, इच्छाओं तथा विकारों की मैल से भर कर, हम मिथकों को घड़ते हैं। दरअसल, धर्म का उद्भव मिथक से हुआ है, जो मूल रूप में मानवता के अवचेतन की आर्केलॉजिकल भूशय्याएं हैं। जब मिथक दो फांक हुई तो 'धार्मिक मिथक' उभरी। जब धार्मिक मिथक आंधी और किस्सागोई, व्यभिचार-अत्याचार को भी अनुष्ठान में ढालने लगीं, तब दर्शन का आविर्भाव हुआ। यह कुछ साल पूर्व पुणे में डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की नकाबपोशी हत्या का तिलिस्म खोलने में मदद करता है। कर्मकांडी धर्म चमत्कार पर टिका है। जब सारा समाज अंधकार में डूब जाता है। सबके ही भीतर यह आग स्वाभाविक या प्राकृतिक रूप से जल रही है, परंतु हम अपने क्षुद्र हितों की रक्षा के लिए स्वार्थांध होकर, उस परम स्वार्थ (स्व+अर्थ) को भूलकर यह सारा लौकिक टंटा खड़ा कर लेते हैं। नदी का स्वभाव मूलत: नीचे की ओर बहना है, परंतु अंत में वह अपने मूल स्रोत सागर में बिना किसी अहम् के मिलकर सागर हो जाती है। परंतु हम अपनी क्षुद्र वासनाओं के मरुस्थल में डूबकर या तो वहीं विलीन हो जाते हैं या फिर उस सागर में अपने को खोने से डरते हैं। यही डर हमें उस परम साक्षात्कार से भयभीत रखता है, जिसे हम ईश्वर या स्वयम् से मिलना कहते हैं।

यह साक्षात्कार आठों प्रकार के उन योगों के माध्यम से भी हो सकता है, जिन्हें भारतीय दर्शन में निरूपित किया गया है या फिर अन्य किसी भी ऐसे साधन से, जो आपके उस तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करता हो। बस शर्त एक ही है स्वयं को खोना। खुद को खोने के लिए हम साधना या चिंतन-मनन या फिर किसी भी ऐसे साधन को अपना सकते हैं, जो हमारा मिथ्या अभिमान या अहम् नष्ट करता हो। दुर्भाग्यवश, हम यह किसी भी सूरत में नहीं चाहते। गहन साधकों को भी यही भय उनके मार्ग से डिगा देता है और औसत आदमी तो पहले ही अपनी वासनाओं और विकारों के ताने-बाने में ही उलझकर स्वयम् मकड़जाल हो जाता है। आदमी चमत्कारों को ताउम्र ढूंढता रहता है, पर वह कभी अपने आस-पास घटित होते चमत्कारों को देखने का प्रयास नहीं करता। फलस्वरूप, वह कभी अपने मूल से नहीं जुड़ पाता। क्या सत्य साईं का हवा से सोने का लॉकेट, विभूति, शिवलिंग या अन्य कोई भी प्रस्तुत वस्तु, हमारा जीवन बदल सकती है? यह काम तो विश्वविख्यात जादूगर पीसी. सरकार या सम्राट शंकर भी आसानी से कर लेते हैं। निर्मल बाबा का समोसे या गोलगप्पे खिलवाना या काले पर्स खरीदवाना, किसी नागा बाबा का आग पर चलना, कीलों पर लेटना, पानी पर चलना हमारी जिंदगी में परिवर्तन ला सकता है? हम शार्ट कट ढूंढते हैं, इसीलिए फिसलते हैं अन्यथा किसी चींटी द्वारा भरी सड़क पार कर जाना क्या चमत्कार नहीं? नदियों का बहना, सूरज का प्रतिदिन निकलना, बादलों का बरसना न बरसना, हवा का चलना, सब ईश्वर के चमत्कार हैं, परंतु हम इन्हें नहीं देखते क्योंकि हम संवेदनाशून्य होकर अपनी क्षुद्रताओं का शिकार हैं। गीता के छठे अध्याय के पांचवें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण, अर्जुन से कहते हैं :

**'उद्धरेदात्मनात्मानं**
**नात्मानमवसादयेत्।**
**आत्मैव ह्यात्मनो बंधुरात्मैव**
**रिपुरात्मन:।।'**

मनुष्य को चाहिए कि वह अपना उद्धार करे; अपना पतन न करे, क्योंकि मनुष्य स्वयं ही अपना मित्र और शत्रु है, परंतु हम कभी यह विचारते नहीं इसीलिए अनुभवशून्य होकर भटकते रहते हैं। हम अपने धर्म को अभी तक न ही ठीक-ठीक परिभाषित कर पाए हैं और न ही निरूपित, चलना तो दूर की बात है। धर्म एवं आध्यात्मिकता का व्यवहारिक स्तर पर दैनिक जीवन में समावेश होना चाहिए। अध्यात्म को इस रूप में लोगों के सामने आना चाहिए, जिससे वह दैनिक जीवन में नैतिकता, सदाचार और साहस के रूप में व्यावहारिक तौर पर नजर आए। धर्म एवं अध्यात्म हमारे व्यवहार में परिलक्षित होना चाहिए। परंतु हमारी सबसे बड़ी विडंबना यही है कि हम आज भी वास्तविक धर्म से कोसों दूर जीते हैं।

हमारा देश तो धार्मिक है, हम कथित धर्मगुरु भी हैं, पर हमारा धर्म मंदिरों और आश्रमों तक ही सीमित है, हमारे दैनिक जीवन में धर्म कहीं नजर नहीं आता। अगर ऐसा नहीं होता तो मुख्यवक्ता पूरे कार्यक्रम के निर्धारित समय, आयोजकों एवं अन्य लोगों की सुवधिा का ध्यान रखते हुए ही बोलते। संभवत: हमारे समाज में मौका मिलने पर अधिक बोलना श्रेष्ठता निशानी माना जाता है। भयातुर और अस्थिर समाज में न तो सेवा होती है, न ही दया, और करुणा तो दूर-दूर तक नजर नहीं आती। व्यक्ति का असली व्यक्तित्व और चरित्र आसानी से नजर आ जाता है, फिर चाहे आप मंदिर में घंटों घंटा बजाएं या घुटने मोड़ कर सारी रात निकाल दें। ऐसे में सर्वमंगल सहित अन्य सब प्रार्थनाएं बेअसर हो जाती हैं।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### नव वर्ष



*बीता साल दे गया यादें बेमिसाल,*
*रखो संजोकर उन लम्हों को,*
*करो नए साल का,*
*जोशो-खरोश से इस्तकबाल।*
*मिले गत वर्ष खट्टे-मीठे एहसास,*
*सफल-असफल हुए प्रयास,*
*सोचो नया, करो नया,*
*मत बैठो, निरर्थक और उदास।*
*उठो हिमालय सा ऊंचा, बनो*
*समुद्र सा विशाल,*
*न उलझा रहेगा कोई सवाल,*
*बीता साल दे गया यादें बेमिसाल।।।*
*ऋषि-मुनियों की भूमि, मत खेलो,*
*खेल यहां तुम खूनी,*
*प्यारा भारत, न्यारा भारत,*
*शहीदों की आंखों का तारा भारत,*
*करो प्रण नव वर्ष में,*
*हो समृद्ध हर घर, न हो कोई बेहाल,*
*बीता साल दे गया यादें बेमिसाल।।।*
*राष्ट्रीय एकता का प्रतीक,*
*वैभवशाली इसका अतीत,*
*सभ्यता, संस्कृति का देश,*
*मत भूलो इसका परिवेश,*
*वर्तमान तुम ही, भूत तुम ही,*
*हो तुम ही भविष्यकाल,*
*बीता साल दे गया यादें बेमिसाल।।।*
*रहे स्वस्थ, मिले हर किसी को*
*मन चाही मंजिल,*
*छोटा-बड़ा न रहे कोई,*
*जाग उठे किस्मत सोई,*
*रहे वर्षभर हर घर में खुशियों*
*की धमाल ही धमाल,*
*बीता साल दे गया यादें बेमिसाल,*
*रखो संजोकर उन लम्हों को*
*करो नए साल का जोशो-खरोश से*
*इस्तकबाल।।।*

***कवि : सतीश कौंडल, नगरोटा सूरियां।***

## प्रेरक कथा



### समय के पंख

**एक बार** एक कलाकार ने अपने चित्रों की प्रदर्शनी लगाई। उसे देखने के लिए नगर के सैकड़ों व्यक्ति भी पहुंचे। एक लड़की भी उस प्रदर्शनी को देखने आई। उसने देखा सब चित्रों के अंत में एक ऐसे मनुष्य का भी चित्र टंगा है, जिसके मुंह को बालों से ढक दिया गया है और जिसके पैरों पर पंख लगे थे। चित्र के नीचे बड़े अक्षरों से लिखा था -'अवसर'। चित्र कुछ भद्दा सा था, इसलिए लोग उस पर उपेक्षित दृष्टि डालते और आगे बढ़ जाते। लड़की का ध्यान प्रारंभ से ही इस चित्र की ओर था। जब वह उसके पास पहुंची, तो चुपचाप बैठे कलाकार से पूछ ही लिया, 'श्रीमान जी यह चित्र किसका है?' 'अवसर का' कलाकार ने संक्षिप्त सा उत्तर दिया। आपने इसका मुंह क्यों ढक दिया है? लड़की ने दोबारा प्रश्न किया। इस बार कलाकार ने विस्तार से बताया, 'बच्ची! प्रदर्शनी की तरह अवसर हर मनुष्य के जीवन में आता है और उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, किंतु साधारण मनुष्य उसे पहचानते तक नहीं, इसलिए वे जहां थे वहीं पड़े रह जाते हैं, लेकिन जो अवसर को पहचान लेता है वही जीवन में कुछ काम कर जाता है।' 'और इसके पैरों में पंखों का क्या रहस्य है?' लड़की ने उत्सुकता से पूछा। कलाकार बोला, 'जो अवसर आज चला गया वह फिर कल कभी नहीं आता।' लड़की इस मर्म को समझ गई और उसी क्षण से अपनी उन्नति के लिए जुट गई।

# जिम्मेदारी की भावना लाएगा हिट एंड रन बिल?

**हिट** एंड रन मामले वे होते हैं, जहां सड़क दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहन का चालक घटनास्थल से भाग जाता है। भारतीय न्याय संहिता में लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई मौत के लिए जेल की सजा को बढ़ाकर सात साल तक की जेल और जुर्माना करने का भी प्रस्ताव किया गया है, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आता है। आईपीसी की धारा-304ए के तहत मौजूदा प्रावधान, जो दो साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों का प्रावधान करता है। ये प्रस्तावित प्रावधान गलती करने वाले ड्राइवरों के लिए निवारक साबित होने की संभावना है, जो अक्सर जुर्माना देकर बच जाते हैं या कम जेल की सजा काटते हैं।

वर्तमान में, हिट एंड रन मामलों में आरोपियों पर उनकी पहचान के बाद धारा-304ए के तहत मुकदमा चलाया जाता है और इसलिए वे ज्यादातर मामलों में मामूली सजा के साथ भी बच जाते हैं। धारा -104 (2) के तहत नए प्रावधान कोई लापरवाही से या गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आने वाले किसी भी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है और घटना स्थल से भाग जाता है या घटना की रिपोर्ट करने में विफल रहता है। घटना के तुरंत बाद पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को 10 साल तक की कैद की सजा दी जाएगी और इसके लिए उत्तरदायी भी होगा।

हिट-एंड-रन मामला भारत में सड़क दुर्घटनाओं का एक आम मामला बन गया है। सरल शब्दों में, हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं को एक ऐसे मामले के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जहां एक व्यक्ति गाड़ी चलाते समय दूसरे वाहन को टक्कर मारता है और मौके से भाग जाता है। अपने वाहन से संबंधित सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट करना ड्राइवर की आपराधिक और नागरिक जिम्मेदारी है। जैसे-जैसे भारत में हिट-एंड-रन के मामले बढ़ रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम को समझना आवश्यक है, जो हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति पर लगाए गए कानूनों की व्याख्या करता है। सड़क दुर्घटना के आंकड़े बताते हैं कि कैसे सड़कें हर किसी के लिए असुरक्षित जगह बन गई हैं। भारत में सभी सड़क दुर्घटनाओं में से 30 प्रतिशत से अधिक हिट-एंड-रन के मामले हैं, लेकिन हिट-एंड-रन दुर्घटना के केवल 10 प्रतिशत ड्राइवरों पर ही मामला दर्ज किया जाता है। दूसरे व्यक्ति की सुरक्षा के प्रति चिंता की कमी, लापरवाही से गाड़ी चलाना आम हैं। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में ऐसा कानून शामिल है, जो हिट-एंड-रन दुर्घटना में शामिल व्यक्ति को कड़ी सजा देता है।



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
स्तंभकार, बड़वा (सिवानी)
भिवानी, हरियाणा,
मो: 9466526148

**कानून में यह भी हो अगर आम पब्लिक एक्सीडेंट के दौरान वाहन चालक के साथ मारपीट करती है, तो उनको भी सजा हो। केंद्र सरकार के बनाए नए कानून के तहत अगर कोई ड्राइवर रोड पर एक्सीडेंट करके भाग जाता है और घायल को सड़क पर ही छोड़ देता है, तो उसे 10 साल की सजा होगी। वहीं, अगर एक्सीडेंट करने वाला शख्स, घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाता है, तो उसकी सजा कम कर दी जाएगी। साथ ही कानून में यह भी हो, अगर आम पब्लिक एक्सीडेंट के दौरान वाहन चालक के साथ मारपीट करती है, तो उनको भी सजा हो।**




हिट-एंड-रन की घटनाओं के पीड़ितों पर आईपीसी की धारा 279, 304ए और 338 लगाई जाती हैं। लापरवाही से गाड़ी चलाने और हिट एंड रन के मामलों में सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चार वर्षों में भारतीय सड़कों पर हिट एंड रन के मामलों में कुल एक लाख से अधिक लोग मारे गए। आमतौर पर वर्तमान में पुलिस जांच अधिकारी आईपीसी से संबंधित धाराओं में प्रशिक्षित होते हैं और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के बारे में शायद ही जानते हों, इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि पुलिस अधिकारी एमवी अधिनियम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसके प्रावधानों को भी समझें।

प्रस्तावित विधेयक में तेज गति से या लापरवाही से गाड़ी चलाने से मानव जीवन को खतरे में डालने या किसी अन्य व्यक्ति को चोट या चोट पहुंचाने की संभावना के लिए आईपीसी के समान प्रावधान को बरकरार रखा गया है। ऐसे अपराध के लिए छह महीने तक की जेल या 1,000 रुपए तक जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। यह सर्वविदित है कि भारत दुनिया के सबसे अधिक दुर्घटना-प्रवण देशों में से एक है, जहां लगभग 1,50,000 मौतें होती हैं, जो दुनिया भर में मोटर वाहनों से संबंधित सभी मौतों का 10 प्रतिशत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं। यहां तक कि सबसे अधिक आबादी वाला देश चीन भी इस मामले में हमसे पीछे हैं।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल लगभग पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें लगभग 1 ।5 लाख लोग मारे जाते हैं। जहां तक सड़क सुरक्षा का सवाल है, अनुशासन अनिवार्य है। अगर इसे सही भावना से लागू किया जाए, तो कानून न केवल कठोर दंड लगाकर सभी की सड़क आदतों को बदल सकता है, बल्कि नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करने का भी प्रयास कर सकता है। यह बिल के पारित होने के बाद एक कुशल, सुरक्षित और भ्रष्टाचार मुक्त परिवहन प्रणाली प्रदान करेगा। यदि इसके साथ ही कानून में ये भी हो अगर आम पब्लिक एक्सीडेंट के दौरान वाहन चालक के साथ मारपीट करती है, तो उनको भी सजा हो। तब वाहन चालक इसकी गारंटी लेगा और केस में पीड़ित को अस्पताल तक पहुंचाएगा।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता एक फायदेमंद सौदा



ब्लॉगर

लेखक : पीयूष गोयल
(लेखक, वाणिज्य एवं उद्योग, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, उपभोक्ता मामले के मंत्री हैं।)

**यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।**

**सालभर** पहले लागू होने वाला भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता (इंडऑस ईसीटीए) इस बात का जीता-जागता उदाहरण है कि कैसे प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी की सरकार की प्रमुख पहलों को मद्देनजर रखते हुए सभी हितग्राहियों के साथ व्यापक परामर्श के बाद सूझ-बूझ के साथ योजना बनाई जाती है। साथ ही आम आदमी समेत छोटे एवं मध्यम उद्योग के लाभ के लिए प्रभावी ढंग से उन्हें क्रियान्वित किया जाता है।

इंडऑस ईसीटीए दो क्रिकेट-प्रेमी देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद समझौता है, जो हमारे अमृतकाल में आत्मविश्वासी और आकांक्षी नए भारत के वैश्विक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह दो संसदीय लोकतंत्रों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करता है, जो कानून के शासन का समर्थन करते हैं और समान कानूनी प्रणालियां रखते हैं। दोनों देश जापान और अमेरिका के साथ क्वाड का हिस्सा हैं। दोनों देश जापान के साथ त्रिपक्षीय आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन पहल (एससीआरआई) में शामिल हो गए हैं। दोनों देश 14-सदस्यीय इंडो पैसिफि क इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के भी सदस्य हैं। मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) एक दशक से अधिक समय में किसी विकसित देश के साथ भारत की पहली व्यापार संधि है, जिसमें अपार क्षमता निहित है। भारत मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया से कच्चा माल और मध्यवर्ती सामान आयात करता है, जबकि इसका निर्यात मुख्य रूप से तैयार उत्पाद हैं, इसलिए एफटीए भारतीय उद्यमियों की उत्पादन लागत को कम करेगा और उनके सामान को घरेलू व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा। इससे भारतीय स्टार्टअप को आगे बढ़ने के बेहतरीन अवसर भी मिलते हैं।

निर्यात में मजबूत वृद्धि आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि इंडऑस ईसीटीए ने एक बहुत ही आशाजनक शुरुआत की है, जिसने मोदी सरकार के इस विश्वास को मजबूत किया है कि इससे श्रम-केंद्रित क्षेत्रों में लाखों नौकरियां पैदा करने में मदद मिलेगी, क्योंकि भारतीय उत्पादों को विशाल ऑस्ट्रेलियाई बाजार में शत-प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलती है। अप्रैल-नवंबर 2023-24 में ऑस्ट्रेलिया को भारत का माल निर्यात 14 प्रतिशत बढ़ा है, जो चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में बाकी दुनिया के साथ भारत के व्यापार की तुलना में निर्णायक रूप से बेहतर प्रदर्शन है। प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं में मांग सिकुड़ गई है। ऑस्ट्रेलिया का कुल आयात चार प्रतिशत कम हो गया है, लेकिन भारत से इसकी खरीददारी जोरदार तरीके से बढ़ी है। ऑस्ट्रेलिया से भारत का आयात 19 प्रतिशत कम हो गया है, जिससे व्यापार घाटे में 39 प्रतिशत कमी आ गई है। रोजगार का सृजन करने वाले क्षेत्रों में प्रेफेंशियल लाइन्स के तहत ऑस्ट्रेलिया को निर्यात में जोरदार वृद्धि हुई। ऑस्ट्रेलिया को इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात अप्रैल-अक्तूबर 2023-24 में 24 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि कुल निर्यात में केवल एक प्रतिशत की वृद्धि हुई। रेडीमेड कपड़ों में ऑस्ट्रेलिया को शिपमेंट में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कुल निर्यात में गिरावट आई। आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ईसीटीए) ने ऑस्ट्रेलिया को इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और प्लास्टिक के शिपमेंट में इन क्षेत्रों में समग्र निर्यात से बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की।

## आपका पत्र

**सरकारी** स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाता है, जबकि प्राइवेट स्कूल में अंग्रेजी बोलने पर फोकस किया जाता है। प्राइवेट स्कूल में आपको जेंटलमैन बनना सिखाया जाता है, जबकि सरकारी स्कूल में आपको इंसान बनना सिखाया जाता है। प्राइवेट स्कूल के बच्चों को हिंदी में गिनती के अक्षर समझ नहीं आते, जैसे कि अगर आप उनको अपना मोबाइल नंबर हिंदी में बताते हो तो उनको समझ नहीं आता, जबकि सरकारी स्कूल के बच्चे हिंदी और अंग्रेजी दोनों में इनको समझ सकते हैं। अंग्रेजी की वजह से ही लोग प्राइवेट स्कूल में अपने बच्चे को दाखिल करना पसंद करते हैं, क्योंकि अंग्रेजी हमारे देश में एक स्टेटस सिंबल है। जो पहली से लेकर 12वीं तक अंग्रेजी स्कूल में पढ़े हैं, उनको भी अंग्रेजी कोई अच्छी समझ नहीं आती, वे लगभग सरकारी स्कूल के बच्चों की तरह ही हैं। प्राइवेट स्कूल में रट्टा मार प्रणाली पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। सरकारी स्कूल में भी अध्यापक बच्चों की पढ़ाई में ज्यादा रुचि लेने लगे हैं, क्योंकि खराब रिजल्ट आने पर उनकी एनुअल इंक्रीमेंट तक डाउन कर दी जाती है। इसलिए अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाने से परहेज न करें। **-मोहित, पालमपुर**

## आपकी डायरी

**'सौरभ' ख्वाबों से हकीकत**
**की ओर आकर तो देख,**
**कहीं झूठ तेरी मोहब्बत**
**का आशियाना तो नहीं।**
**रखना चाहते थे जो हम**
**जलाकर जीवन भर,**
**वह प्यार का दीपक वो**
**बुझाकर चल दिए।।**



**शायर डॉ. सत्यवान 'सौरभ'**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## हर हाथ अनंत ज्ञान


रोशन लाल ठाकुर निवासी मंडी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


राज कुमार निवासी कुल्लू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


गांधीनगर के आशीष फुर्सत के क्षणों में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


भावना देवी निवासी कुल्लू फुर्सत में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।


अनिकेत निवासी कुल्लू अपनी ऑटो रिक्शा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


टापे राम निवासी कुल्लू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लगी कतारें

## हिट एंड रन दुर्घटनाओं के मामले में पेट्रोल-डीजल टैंकर व ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिट एंड रन दुर्घटनाओं के मामले में नए दंडात्मक कानून अधिनियम के विरोध में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल टैंकर व ट्रक ड्राइवर हड़ताल कर रहे हैं। ऐसे में विगत तीन दिन से जारी हड़ताल के कारण पेट्रोल-डीजल और एलपीजी के टैंकर व ट्रक कुल्लू में नहीं पहुंच पाए हैं। इससे पेट्रोल-डीजल की किल्लत सामने आई है। जिला के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल के लिए वाहनों की लंबी कतारें लगी रही।

गौर रहे कि हिट एंड रन मामले ने सरकार ने नया कानून बनाया है। जिसके तहत अगर कोई ट्रक ड्राइवर किसी को टक्कर मारकर भागता है तो उसे 10 साल की जेल होगी। ट्रक ड्राइवर नया कानून के ऐलान के बाद कई जगह पर ट्रक ड्राइवर यूनियन ने इस कानून का विरोध करते हुए जगह जगह पर चक्का जाम कर दिया है। ड्राइवर यूनियन की मांग है कि इस तरह के कानून को सरकार वापस ले अन्यथा ड्राइवर यूनियन भारत बंद पर भी विचार कर सकता है। ऐसी स्थिति में हिमाचल प्रदेश में खाद्य पदार्थ और पेट्रोलियम पदार्थ की सप्लाई पर प्रभाव पड़ता दिखाई दे रहा है, जिसको लेकर लोगों में भी डर पैदा हो गया है।

ट्रक यूनियन के ऐलान के बाद पेट्रोल पंप पर वाहनों की कतार लग गई है। लोगों में इस बात का खौफ है कि अगर ट्रक यूनियन उन्हें हड़ताल कर दी तो इसका असर पेट्रोल और डीजल की सप्लाई पर पड़ सकता है, जिसको लेकर उन्हें मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। सोमवार को जिला मुख्यालय कुल्लू और आसपास के पेट्रोल पंप में भी दिन भर पेट्रोल और डीजल भरने के लिए वाहनों की करें लगी रही। इतना ही नहीं अब दूसरी खाद्य वस्तु की सप्लाई को लेकर भी लोगों में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। फिलहाल इसका असर पेट्रोल पंप मैं देखने को मिला।


कुल्लू जिले के पेट्रोल पंपों पर लगी वाहनों की लंबी लाइनें।



### पुलिस को यातायात सुचारु रखने में आई दिक्कत

**जिला** मुख्यालय कुल्लू के अखाड़ा बाजार गांधीनगर के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग कुल्लू मनाली के अन्य तमाम पेट्रोल पंप में वाहनों की कतार लगी होने के कारण जाम की समस्या का भी सामना करना पड़ा। इस कारण पुलिस को भी इस दौरान यातायात सुचारु रखने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

## नेहरू कुंड पुल बनने से सैकड़ों ग्रामीणों को मिली राहत

**मनाली।** प्रदेश कांग्रेस एससी विंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कामगार कर्मचारी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोकल चन्द ने कहा कि नेहरू कुंड पुल बनने से शनाग व बुरुआ पंचायत के सैकड़ों लोगों को लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि 2017 में शनाग के प्रधान प्रताप ठाकुर, विद्या नेगी व उझी घाटी की जनता की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने इस पुल की आधारशिला रखी थी। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने पुल का शुभारंभ कर जनता को बड़ी सौगात दी है। गोकल ने कहा कि जब से मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बागडोर संभाली है तब से सभी वर्गों का एक समान विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक भुवनेश्वर गौड़ के नेतृत्व में मनाली विधानसभा क्षेत्र ने विकास की राह पकड़ी है। गोकल ने मुख्यमंत्री का मनाली पधारने पर स्वागत किया और विकास कार्यों को हरी झंडी देने के लिए उनका आभार जताया।

## अमर ठाकुर बने भाजपा प्रदेश पंचायतीराज प्रकोष्ठ के संयोजक



**आनी।** भाजपा मंडल आनी के पूर्व अध्यक्ष एवं एपीएमसी कुल्लू और लाहौल-स्पीति के पूर्व चेयरमैन अमर ठाकुर को भाजपा प्रदेश पंचायतीराज प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है। उनकी नियुक्ति पर आनी भाजपा मंडल, भाजयुमो सहित सभी अग्रणी संगठनों क में खुशी की लहर है। अमर ठाकुर की नियुक्ति पर आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, वेद ठाकुर, योगेश भार्गव, योगेश वर्मा, नरोतम ठाकुर, गंगाराम चंदेल, शशि मल्होत्रा, आशीष शर्मा, सुरेंद्र ठाकुर, सतेंद्र शर्मा, लीला चंद, कुक्कू आर्यन, रिंकू राणा, धर्मपाल नेगी, दलजीत ठाकुर, भूपेंद्र शर्मा, गोल्डी चौहान आदि सभी सदस्यों ने बधाई दी।

# गुम हुए मोबाइल लौटा कर कुल्लू पुलिस ने दिया नववर्ष का तोहफा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

नया साल सभी के लिए कुछ न कुछ अच्छा लेकर आता है। यह बात नए साल के पहले ही दिन साबित हो गई, जब फोन गुम कर चुके कुछ लोगों को कुल्लू पुलिस ने अचानक से बुलाकर फोन लौटाया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एक जनवरी 2024 सोमवार को नए साल के पहले ही दिन कुल्लू पुलिस ने दशहरे के दौरान और अन्य मौकों पर अपने मोबाइल को खो चुके जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 14 लोगों को पुलिस थाना कुल्लू आकर अपने-अपने मोबाइल को ले जाने की बात कही गई। जब सभी लोग पुलिस थाना कुल्लू पहुंचे तो उन्हें उनके मोबाइल फोन सौंपे गए, जिस कारण उक्त 14 लोगों को नववर्ष के पहले ही दिन मोबाइल फोन के रूप में नववर्ष का तोहफा मिला।

इस संदर्भ में एसएचओ मुनीश शर्मा ने बताया कि एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा के दिशा-निर्देश में विभिन्न मौकों पर खोए हुए मोबाइल फोन को लेकर जांच लगातार जारी रही है और इस मोबाइल गुमशुदगी के मामले में कुल्लू थाने के कांस्टेबल विजय और सुधीर ने लगातार अपने प्रयास जारी रखे और जिसका नतीजा यह हुआ कि दशहरे के दौरान और अन्य मौकों पर गुम हुए मोबाइलों को विभिन्न क्षेत्रों से बरामद कर उन्हें उनके मालिकों को सौंप दिया गया। हालांकि कुछ चार-पांच फोन पहले भी बरामद हुए थे जिन्हें कुछ दिन पहले ही लौटा दिया गया था। (अनंत ज्ञान)


नववर्ष पर अपने मोबाइल के साथ फोन मालिक, एसएचओ कुल्लू एवं अन्य पुलिसकर्मी।

## न्यूज ब्रीफ

### धनवंती बने गुरिल्ला संघ के अध्यक्ष

**कुल्लू।** एसएसबी प्रशिक्षित स्वयंसेवी गुरिल्ला संगठन कुल्लू से जिन सदस्यों के नाम कट गए हैं और बैठक में उपस्थित नहीं थे। उनके प्रति संगठन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। यह बात संगठन के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राणा ने कही। जिला मुख्यालय कुल्लू में सोमवार को एसएसबी प्रशिक्षित स्वयंसेवी गुरिल्ला संगठन कुल्लू की मासिक बैठक आयोजित की गई। इसमें अखिल भारतीय गुरिल्ला संगठन के चेयरमैन प्रीतम सिंह ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राणा ने की। इसमें सर्वसम्मति से नए साल के लिए संगठन की जिला कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुनी गई। इसमें सभी विगत वर्ष की कार्यकारिणी को ही एक साल के लिए दोबारा संगठन के लिए कार्य करने का मौका दिया गया है। इसमें मीडिया सलाहकार दामोधर नेगी, सहसचिव गोकुल चंद को नए पद दिए गए हैं। हालांकि महिला सदस्यों की नई कार्यकारिणी बनाई गई है। इसमें धनवंती ठाकुर को जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी ठाकुर, महासचिव आंगमों को चुना गया है। वहीं अखिल भारतीय गुरिल्ला संगठन के चेयरमैन प्रीतम सिंह ठाकुर ने कहा कि गुरिल्लाओं का जो मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। उसकी आगामी सुनवाई 14 फरवरी को होनी है। उम्मीद है कि इस सुनवाई में गुरिल्लाओं को उनका हक मिलेगा। उन्होंने सभी गुरिल्ला साथियों को एकजुटता का परिचय देने की बात कही है। इस दौरान पन्ना लाल, भवानी प्रकाश, चन्ने राम, राम सिंह, निर्मला, केसरी, शांता, शकुंतला आदि उपस्थित रहे।

### कूड़े के ढेर पर आईएफएस अधिकारी ने जताई चिंता


लाहौल के सिस्सू के समीप लगे कूड़े के ढेर।

**कुल्लू।** अटल टनल खुलने के बाद जनजातीय क्षेत्र लाहौल घाटी में पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील इस इलाके में पर्यटन चिंता का कारण भी बनने लगा है। रविवार को एक आईएफएस अधिकारी ने अटल सुरंग पार कर लाहौल के सिस्सू के समीप कूड़े की तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि हम पहाड़ों में क्या छोड़ रहे हैं। अधिकारी ने अटल सुरंग से गुजरने वाले हजारों वाहनों की आमद का जिक्र करते हुए स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति सैलानियों की जिम्मेदारी पर सवाल उठाया है। हिमाचल प्रदेश में नए साल के जश्न के लिए अटल टनल के समीप लाहौल के पर्यटन गांव सिस्सू के समीप कचरे का एक ढेर देखकर इस आईएफएस अधिकारी ने चिंता जाहिर की। भारतीय वन सेवा अधिकारी प्रवीण कासवान ने नए साल की पूर्व संध्या पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में मनाली से करीब 38 किमी दूर स्थित लाहौल के सिस्सू की तरफ अटल सुरंग होकर गुजरने वाले हजारों वाहनों की संख्या का जिक्र करते हुए तस्वीरों को हीलिंग हिमालय के संस्थापक प्रदीप सांगवान को टैग करते हुए, सिस्सू में लगे कचरे के कुप्रबंधन को लेकर पर्यटकों की जिम्मेदारी पर सवाल उठाया है। यह संगठन हिमालय से पर्यटकों द्वारा उत्पन्न कचरे को साफ करने के लिए समर्पित है। अधिकारी ने लिखा है क्या लोगों को अपना कचरा वापस नहीं ले जाना चाहिए। अक्सर प्रकृति से संबंधित तस्वीरें साझा करने वाले इस अधिकारी ने लाहौल की संवेदनशील पर्यावरण स्थिति को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। उधर, एसडीएम एवं जिला पर्यटन अधिकारी रजनीश शर्मा ने कहा कि अटल टनल से सिस्सू के बीच कूड़े-कचरे को लेकर पर्यटकों के साथ पर्यटन कारोबारियों की जिमेदारी तय की जाएगी। कहा कि पर्यटन के नाम पर लाहौल में कूड़े-कचरे को फैलाने की इजाजत नही दी जाएगी।

# राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव का सीएम सुक्खू करेंगे शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पर्यटन नगरी मनाली में मंगलवार से राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का आगाज होगा। पांच दिवसीय कार्निवाल का शुभारंभ माता हिडिबा की विधिवत पूजा के बाद होगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू सर्किट हाउस से कार्निवाल परेड को हरी झंडी दिखाएंगे।

इस मौके पर मनाली को करोड़ की सौगात भी देंगे। वह सुबह 10 बजे मनाली माल रोड में विंटर कार्निवाल परेड की अध्यक्षता करेंगे। पांच दिवसीय विंटर कार्निवाल में भाग लेने को देशभर से लगभग 24 टीमें मनाली पहुंच गई हैं। सोमवार को विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने एसडीएम रमण शर्मा के साथ तैयारियों का जायजा लिया। करीब 220 महिला मंडलों, स्वंय सहायता समूहों समेत देशभर से आई टीमें कार्निवाल की झांकियों में भाग लेंगी। महिला मंडल सामाजिक बुराइयों पर झांकियों के माध्यम से प्रहार करेगी साथ ही सरकार की योजनाओं बारे लोगों को भी झांकी के माध्यम से जागरूक करेंगी। दोपहर बाद वन्य प्राणी विभाग के सभागार में विंटर क्वीन व वायस आफ विटर कार्निवाल के अंतिम आडिशन होंगे। इससे पहले चंडीगढ़, शिमला, मंडी, कुल्लू व मनाली में आडिशन प्रक्रिया पूरी की गई है। कुल्लू मनाली सहित बाहरी राज्य से आई सुंदरियां आडिशन में भाग लेंगी।

### कार्निवाल में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

**क्रिसमस** व न्यू ईयर की भीड़ से निपटने के बाद मनाली पुलिस ने राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध कर लिए हैं। सुरक्षा व कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मनाली को चार सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में एक सेक्टर अधिकारी की भी नियुक्ति की गई है। कार्निवाल के दौरान सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और यातायात नियंत्रण के लिए लगभग 170 पुलिस और होमगार्ड के जवान तैनात किए गए हैं। रामबाग व मनु रंगशाला सहित माल रोड, सर्किट हाउस में सुरक्षा कड़ी रहेगी। मनु रंग शाला सहित कार्निवाल कमेटी ने पर्यटकों की सुविधा के लिए माल रोड में भी कलाकारों के लिए स्टेज बनाया है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि विंटर कार्निवाल के दौरान मनाली में चार सेक्टर बनाये गए हैं। मनुरंगशाला पहला सेक्टर होगा। मालरोड दूसरा और आइबेक्स चौक से गोंपा रोड होते हुए मिशन अस्पताल तक के क्षेत्र को तीसरे सेक्टर में रखा गया है। रामबाग चौक से सर्किट हाउस तक के वीआईपी इलाके को चौथा सेक्टर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्निवाल के दौरान सभी जवानों को निष्ठा से कार्य करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कार्निवाल में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध कर लिए हैं।

# देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी के मामले में उपायुक्त व एसपी को सौंपे ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी के मामले में ग्राम पंचायत रोट की जनता ने विशाल जनसमूह के अभद्र टिप्पणीकर्ताओं के खिलाफ नारे लगाते हुए एसपी कुल्लू कार्यालय में पहुंचकर सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा को ज्ञापन सौंप कर मामले की गहनता के साथ जांच का आग्रह किया।

गौर हो कि सोशल मीडिया में देवी-देवताओं पर की अभद्र टिप्पणी और देवी-देवताओं का अपमान करती हुई फोटो को अज्ञात लोगों के द्वारा वायरल किया जा रहा है, जिस कारण जिले में देवी-देवताओं पर आस्था रखने वाले लोगों को ठेस पहुंची है। सोमवार को एसपी कार्यालय में ग्राम पंचायत रोट की जनता के साथ पहुंचे पूर्व सांसद महेश्वर सिंह ने इस मामले में कुल्लू पुलिस से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द धार्मिक भावनाओं को भड़काने की कोशिश कर रहे इन दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि देव समाज के लोगों में सकारात्मक संदेश जाए। 30 दिसंबर 2023 को इंस्टाग्राम में देव मेमेज नामक आईडी से देवता ऋषि मार्कंडय थरास पर अभद्र टिप्पणी की गई जिस कारण रोट पंचायत के लोगों में रोष व्याप्त हो गया। महेश्वर सिंह ने बताया कि पूरे विश्व का माहौल राममय हो गया है और हो सकता है कि इसी वजह से कुछ लोग जान-बूझकर लोगों की भावनाओं को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि अयोध्या में 22 तारीख को होने वाले देव कार्य को बाधित किया जा सके और लोग अयोध्या तक पहुंच न पाए। इस दौरान महेश्वर सिंह और भीमसेन शर्मा ने भी इस मामले में संयम से काम लेने को कहा और साथ ही अपने स्तर पर भी इस मामले में छानबीन करने की अपील की।


रोष प्रकट कर उपायुक्त कुल्लू को ज्ञापन सौंपने के लिए जा रहा जनसमूह।

> **मामले** की छानबीन तभी शूरू हो गई थी जब यह मामला सोशल मीडिया में वायरल हुआ था और साइबर क्राइम के विशेषज्ञ इस मामले की जांच अपने स्तर पर करेंगे और इस पूरे मामले से जुड़े दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> -साक्षी वर्मा, एसपी कुल्लू

### अपमान सहन नहीं होगा

**बंजार।** सोशल मीडिया पर देवी-देवताओं पर अपमानजनक पोस्ट डालने पर विश्व हिंदू परिषद ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। जानकारी देते विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर ने कहा कि देवी-देवताओं की अपमानजनक पोस्ट डालने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। सोशल मीडिया में जिला के देवी-देवताओं की अपमानजनक पोस्ट डालने पर विश्व हिंदू परिषद उग्र हो गया है। वीरेंद्र ठाकुर ने कहा कि बीते दिनों एक शख्स ने इंस्टाग्राम पर अत्यंत अशोभनीय पोस्ट, जिसमें स्थानीय देवताओं का अपमान किया गया है, ऐसी फोटो डाली गई है, जिसका विहिप कड़ा विरोध करती है। परिषद की मांग है कि ऐसे समाज विरोधी तत्वों पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। अन्यथा परिषद के कार्यकर्ताओं को समाज के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**फ्लैश बैक** — एशिया की सबसे लंबी टनल हुई आर-पार, तीन हाइड्रो प्रोजेक्ट का हुआ करोड़ों का नुकसान


# साल 2023 में प्राकृतिक आपदा ने तिनके की भांति बिखेरा सैंज बाजार

**अनंत ज्ञान, सैंज**

बीता वर्ष 2023 सैंज घाटी के लिए कई खट्टी-मीठी यादें छोड़कर चला गया। प्राकृतिक आपदा से जहां सैंज बाजार तिनके की भांति बिखर गया वहीं शताब्दी के सबसे गहरे जख्म का जहन लंबे समय तक लोगों के दिल में बुरे सपने जैसा रहेगा। सैंज में बहने वाली पिन पार्वती नदी ने ग्रामीणों की उपजाऊ जमीन तथा सैकड़ों लोगों को बर्बाद कर दिया।

प्राकृतिक आपदा ने उपमंडल में 149 रिहायशी मकान, 209 किराएदार, 360 आंशिक रूप से, 113 गोशाला, 70 घाट तथा 21 परिवार पूर्ण रूप से विस्थापित हुए। यद्यपि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सैंज पहुंचकर इन्हें दोबारा बसाने का आश्वासन दिया है, लेकिन फिलहाल सैंज बाजार पूरी तरह से उजड़ चुका है। कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ने वाली बाढ़ ने सैंज से औट तक करीब एक दर्जन छोटे-बड़े पुल ध्वस्त कर दिए। जिससे अरबों रुपए की संपत्ति नष्ट हुई। बाढ़ प्रभावित परिवार अभी भी राहत मिलने के इंतजार में है। सैंज में निर्माणाधीन पार्वती परियोजना के लिए बनाई जा रही एशिया की सबसे लंबी 32 किलोमीटर टनल इस वर्ष आर पार हुई जिससे हाइड्रो क्षेत्र में सौगात की खबर मिली है।

प्रदेश में सता परिवर्तन के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ता हतोत्साहित दिखे, लेकिन बंजार कांग्रेस के प्रत्याशी पंडित खीमीराम की हार से दुखी रहे। सुखद बात यह भी रही कि बंजार कांग्रेस को नया अध्यक्ष भी सैंज घाटी से ही मिला। सैंज घाटी के तमाम जंगल इस वर्ष धू-धू कर चले जिससे वन संपदा के अलावा जीव जंतुओं का भी भारी नुकसान हुआ। सूखा पड़ने व बारिश न होने के कारण कृषि व बागवानी पर विपरीत असर पड़ा। किसान व बागवान अभी भी बारिश की टकटकी लगाए बैठे हैं। घाटी में स्वास्थ्य सेवाएं भी बुरी तरह से चरमरा गई। 15 पंचायतों के एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक डॉक्टर के सहारे इलाज चल रहा है। सैंज घाटी के दर्जनों स्कूल एक ही अध्यापक के सहारे चले हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई। लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति तथा बिजली विभाग को करोड़ों की चपत लगी।




फाइल फोटो

### नौ मकान जले, 15 परिवार हुए प्रभावित

**एनएचपीसी** ने प्राकृतिक आपदा में सैंज के लोगों का दिल तो जीता, लेकिन ऊर्जा उत्पादन में निगम को करोड़ों का नुकसान झेलना पड़ा है। इसके अलावा सैंज व लारजी हाइड्रो प्रोजेक्ट में भी करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ। चरस के लिए विख्यात रही सैंज घाटी में अब लोग भांग की जगह सब्जी उत्पादन पर जोर दे रहे हैं। बलात्कार के मामले, आत्महत्या, महिला उत्पीड़न, दुर्घटना, शराब के मामलों में कमी दर्ज की गई है। साल के अंत में सैंज के साथ लगते पटहिला गांव में भीषण अग्निकांड हुआ जिसमें नौ मकान आग की भेंट चढ़े। 15 परिवार बुरी तरह से प्रभावित हुए। प्रदेश सरकार व गैर सरकारी संस्थाएं अग्निकांड प्रभावितों को राहत राशि देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।



# प्रशासन ने किया थैंक्स, कहा-नव वर्ष को पूरे सौहार्दपूर्ण तरीके से किया सेलिब्रेट

## नववर्ष के अवसर पर जिले के किसी भी क्षेत्र में नहीं हुई कोई अप्रिय घटना: एएसपी

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर पुलिस प्रशासन ने जिले की जनता का थैंक्स किया। इस थैंक्स करने का मुख्य कारण पुलिस प्रशासन ने बिलासपुर की जनता की ओर से नववर्ष को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को बताया है।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस नववर्ष के उपलक्ष्य पर किसी भी क्षेत्र में कोई लड़ाई-झगड़े से लेकर अन्य कोई भी घटना सामने नहीं आई है। जिला वासियों ने नववर्ष को सौहार्दपूर्ण मनाने का संदेश दिया है। बिलासपुर पुलिस एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि नववर्ष के आयोजन की रात को



घुमारवीं क्षेत्र में नाका लगाकर आने जाने वाले वाहनों की जांच करता पुलिस प्रशासन।

पुलिस प्रशासन की टीम पूरी तरह से जिले में मुश्तैद थी। जिले के ग्वालथाई, मंडी, भराड़ी, कैंची मोड, नम्होल, बरमाणा चौक और

- जिले में शांतिपूर्व तरीके से लोगों ने मनाया नववर्ष
- पुलिस की टीम ने जिले के आठ स्थानों पर लगा रखे थे नाके

### निजी होटलों में नववर्ष का हुआ आयोजन

पुलिस ने जिले के आठ क्षेत्रों में नाका लगाया हुआ था। इसी के साथ एएसपी स्वयं अपनी टीम के साथ फोरलेन क्षेत्र का दौरा कर रहे थे। आपको बता दें कि बिलासपुर शहर के होटलों में नववर्ष के उपलक्ष्य पर पार्टी का आयोजन किया गया था। शहर के पूर्णम मॉल व अन्य निजी होटलों में डीजे पार्टी और अन्य आयोजन किए गए थे, जिसमें जिले के लोगों ने काफी एन्जाय भी किया।

घुमारवीं क्षेत्र में देर रात तक नाका लगाकर आने जाने वाले सभी वाहनों की जांच की गई।

सभी वाहन चालकों की गाड़ियों की चैकिंग करने के साथ पुलिस ने वाहन चालकों के एल्कोसेंसर से जांच की। (अनंत ज्ञान)

### डीसी, एसपी ने लोगों को दी शुभकामनाएं

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक व एसपी डॉ. गोकुल कार्तिकेयन चंद्रन ने जिला वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं।

# कोर्स के बारे में विस्तार से बताया पहले दिन आठ प्रशिक्षु रहे शामिल


चेतना संस्था मुख्य कार्यालय विजयपुर में हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण केंद्र के शुभारंभ अवसर पर मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सोमवार को चेतना संस्था मुख्य कार्यालय विजयपुर में हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया।

इस अवसरपर ओमप्रकाश मल्होत्र मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज शर्मा, अनिता शर्मा, शैलजा शर्मा, ममता हांडा, नीना कौशल उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। संस्था के निदेशक अरुण कुमार गौतम ने सभी गणमान्य सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इसके पश्चात् शिल्पगुरु अवार्ड से सम्मानित एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक संयोजक ओमप्रकाश मल्होत्रा ने व्यावसायिक प्रशिक्षुओं एवं समस्त श्रोताओं का मार्गदर्शन किया तथा आगामी समय में चलने वाले संबंधित कोर्स के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें प्रथम दिन में आठ व्यावसायिक प्रशिक्षु शामिल रहे। इस दौरान चेतना प्रशासनिक प्रबंधक कश्मीर सिंह ठाकुर, जन शिक्षण संस्थान बिलासपुर के निदेशक अरूण गौतम, चेतना संस्था की प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य, नीना कौशल, मनोज शर्मा, शैलजा शर्मा, कंचन धीमान, राजेश उपाध्याय व चेतना संस्था के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पवित्र रुक्मणी कुंड का पानी पांच रुपए में मिलेगा एक लीटर

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

- वाटर वेंडिग मशीन किरतपुर-नेरचौक फोरलेन औहर में होगी स्थापित

किरतपुर-नेरचौक फोरलेन औहर पर्यटकों तथा अन्य यात्रियों को बिलासपुर के पवित्र एवं धार्मिक स्थल रुक्मणी कुंड का पानी पांच रुपए में एक लीटर पानी मिलेगा। इसके लिए जल्द ही सरकार वाटर वेंडिंग मशीन औहर में लगाएगा, जिससे फोरलेन पर गुजरने वाले पर्यटकों को सस्ते दामों पर शुद्ध व शीतल जल मुहैया हो सके।

इसके लगने के बाद फोरलेन पर गुजरने वाले लोगों को महंगा बोतलबंद पानी नहीं खरीदना पड़ेगा। इसके साथ ही आने वाले समय में यात्रियों की संख्या की समीक्षा भी की जाएगी, जिसके आधार पर मशीनों की संख्या बढ़ाई भी जा सकती है। इस योजना के अनुसार अगर यहां स्थापित मशीन का ट्रायल सफल हो जाता है, तो ऐसी ही मशीन घुमारवीं शहर में भी लगाई जाने की योजना बनाई गई है, जिस पर अलग से 15 से 20 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे, ताकि घुमारवीं के लोगों को भी शुद्ध पानी मिल सके। पर्यटक पांच रुपए का सिक्का मशीन में डालकर एक लीटर पानी इस मशीन से निकाल सकेंगे।

इस मशीन को फोरलेन पर औहर के पास स्थापित किए जाने की योजना है। इसमें सबसे खास बात यह है कि इस मशीन के लिए जो पानी की सप्लाई होगी, वह जिला बिलासपुर के पवित्र धार्मिक स्थल रुक्मणी कुंड से होगी। इस योजना पर करीब 15 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। बताते चलें कि रुकमण कुंड का अपना एक इतिहास रहा है तथा यहां का जल सबसे पवित्र माना जाता है। पर्यटकों को यहां पवित्र जल को उपलब्ध करवाए जाने के साथ-साथ इस पानी की महत्ता से भी अवगत करवाया जाएगा, ताकि पर्यटक बिलासपुर की संस्कृति से रू-ब-रू हो और बाहर से आने वाले पर्यटक इस स्थल तक पहुंचे, ताकि स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन के माध्यम से रोजगार के नए रास्ते खुल सके। फोरलेन पर आने वाले पर्यटकों को दुकानों पर 20 से 30 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से पानी की बोतल खरीदनी पड़ती है, लेकिन अब यात्रियों की सुविधा के लिए औहर के पास आप वॉटर वेंडिंग मशीन स्थापित की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

> पर्यटकों की सुविधा के लिए करीब 20 लाख रुपए की लागत से फोरलेन पर औहर के पास आरो वाटर वेंडिंग मशीन स्थापित की जाएगी, जिसके जरिए लोगों को यहां के आस्था का प्रतीक रुक्मणी कुंड का शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया जाएगा। अगर योजना सफल होती है, तो मशीनों की संख्या बढ़ाई भी जा सकती है। अगले चरण में इस योजना के तहत ऐसी ही एक मशीन घुमारवीं में भी स्थापित की जाएगी।
>
> **राजेश धर्माणी कैबिनेट मंत्री, हिमाचल प्रदेश सरकार।**

# नयना देवी मंदिर न्यास ने नव वर्ष का कैलेंडर किया जारी


मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल नववर्ष के कैलेंडर 2024 का विमोचन करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मंदिर न्यास श्री नयना देवी की ओर से नववर्ष के कैलेंडर 2024 का विमोचन सोमवार को मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल ने किया।

इस मौके पर मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर भी मौजूद थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए धर्मपाल ने बताया कि हर वर्ष नववर्ष के उपलक्ष्य पर मंदिर न्यास श्रद्धालुओं के लिए माता की फोटो युक्त कैलेंडर छपवाता है और श्रद्धालुओं को वितरित करता है। श्रद्धालु नववर्ष का यह कैलेंडर मंदिर के काउंटर से या मंदिर कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। मंदिर न्यास हमेशा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु तत्पर है। इस मौके पर मंदिर के सहायक अभियंता प्रेम शर्मा, मंदिर सुरक्षा इंचार्ज बालक राम, मंदिर न्यासी प्रदीप शर्मा, महेश शर्मा, कैलाश शर्मा, प्रभात शर्मा, अमित शर्मा और पार्षद प्रवेश कुमार भी मौजूद रहे।

# एचआईवी एड्स एक जानलेवा बीमारी

**घुमारवीं।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से एड्स पर जागरूक्ता शिविर का आयोजन गृह रक्षक कार्यालय रोड़ा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमांडेंट होमगार्ड कुशल चंद ने की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षक दीप कुमार ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम, चित्रकला, नारा लेखन, रंगोली, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं और नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। एचआईवी एड्स एक जानलेवा बीमारी है।

इसका अब तक कोई भी इलाज नहीं है। एचआईवी से संक्रमित होने वाला व्यक्ति जीवन भर के लिए इस वायरस से ग्रसित हो जाता है। यह इंसानों के अंदर बीमारी से बचाने वाली ताकत को कम कर देता है। एड्स असुरक्षित यौन संबंध से, एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने से, बिना उबली हुई सिरिंज से, पॉजिटिव माता से उसके बच्चे को, वर्तमान में ड्रग्स भी एचआईवी का एक कारण है। एचआईवी से शुद्ध रक्त, सुरक्षित यौन संबंध, अपने जीवन साथी के प्रति वफादारी और एड्स से संक्रमित गर्भवती महिला का प्रसव सरकारी अस्पताल में करने से गर्भ में पल रहे बच्चे को बचाया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति अपनी एचआईवी की जांच बिलासपुर और अन्य स्थलों में निशुल्क कर सकते हैं।

# मिनर्वा शिक्षण संस्थान घुमारवीं ने मनाया नववर्ष


मिनर्वा शिक्षण संस्थान स्कूल के बच्चे व स्टाफ नववर्ष को मनाते हुए।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मिनर्वा शिक्षण संस्थान घुमारवीं में सोमवार को स्कूल के बच्चों व स्टाफ ने नववर्ष हर्षोल्लास से मनाया।

सुबह से ही संस्थान में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक-दूसरे को बधाई दी। इस दौरान बच्चों ने गानों पर काफी धमाल मचाया। बच्चों ने सुंदर व आकर्षक रंगोली बनाई। बच्चों ने गानों पर जमकर डांस भी किया। प्रधानाचार्या प्रवेश चंदेल ने बच्चों को नए साल की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, बच्चों ने विद्यालय परिसर में रंगोली बनाई और नृत्य भी किया। उन्होंने जमकर नए साल का जश्न मनाया। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को नव वर्ष की बधाई दी। सोमवार को कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया। मंदिरों में सुबह से भक्तों की कतारें लग गई थीं। वहीं, स्कूलों में भी बच्चों में नववर्ष को लेकर काफी उत्साह दिखा। सोशल मीडिया पर लोग एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई देते रहे।

# दिव्यांगता को जड़ से खत्म करने के लिए विभाग ने शुरू किया सर्वे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों की पहचान की जा रही
- बच्चों की और बारीकी से जांच करने के लिए प्रशासन के सहयोग से नई पहल

दिव्यांगता को बचपन से ही जड़ से खत्म करने के लिए जिले में एक नई पहल शुरू की गई है, जिसके तहत पूरे बिलासपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से सर्वे किया जा रहा है।

इसमें जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जिनके माध्यम से अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी दी जा रही है। विभाग का लक्ष्य है कि फरवरी माह तक 1111 आंगनबाड़ी केंद्रों में इस प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। इससे शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों की जांच अब आंगनबाड़ी केंद्रों में ही हो जाएगी।

उनमें कमजोरी के लक्षण पाए जाने पर उन्हें तुरंत जिला अस्पताल के लिए रेफर किया जाएगा। इस जांच के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दो उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा ने बताया कि नेशनल लेवल पर राष्ट्रीय पोषण अभियान चल रहा है। अभियान में बच्चों की और बारीकी से जांच करने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से यह नई पहल की गई है। कोई भी बच्चा इससे छूट न जाए, इसके लिए पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। इसके लिए पूरे जिले में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। जिलेभर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सर्वे को पूरा करने के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

# शास्त्री अध्यापकों के पदों की भर्ती की तिथि बदली

**बिलासपुर।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग, प्रदेश की ओर से विभिन्न जिलों में शास्त्री अध्यापकों के कुल 193 पद बैच बाइज अनुबंध आधार पर भरे जाने थे, जिसके लिए उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा बिलासपुर के कार्यालय में दिनांक 17-11-2023 व 18-11-2023 को काउंसलिंग रखी गई थी, जिसमें दिनांक 17 को अभ्यर्थियों की काउंसलिंग कर ली गई थी, परंतु 18 को होने वाली काउंसलिंग को निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, प्रदेश के दिशा-निर्देशानुसार अगले आदेशों तक प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया था।

- अध्यापकों के 193 पद बैच बाइज अनुबंध आधार पर भरे जाने थे

उपरोक्त काउंसलिग में शास्त्री पदों के लिए जिन पात्र अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 17 को संपन्न हो गई थी, उन्हें काउंसलिंग में दोबारा भाग लेने की आवश्यकता नहीं है, उनकी ओर से 17 को दी गई काउंसलिंग ही मान्य रहेगी एवं जिन अभ्यर्थियों को दिनांक 18 को कॉल लैटर (बुलावा पत्र) के माध्यम से बुलाया गया था, उन पात्र अभ्यर्थियों की काउंसलिंग अब दिनांक नौ एवं 10 को सुबह दस बजे, उपनिदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, बिलासपुर, हिप्र के कार्यालय में की जाएगी। इसके अतिरिक्त जिला बिलासपुर के जो अभ्यर्थी शास्त्री पद के लिए तय नियमों के अनुसार पात्रता रखते हैं, जिन्हें पूर्व में कॉल लैटर (बुलावा पत्र) प्राप्त नहीं हुए हैं, वो भी काउंसलिंग हेतु दिनांक दस को उपनिदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, बिलासपुर के कार्यालय में उपस्थित होकर काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

# 'हिट एंड रन' कानून के विरोध में जिले में निजी बसों के थमे पहिये

## इससे लोगों को अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए परेशान होना पड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

केंद्र सरकार की ओर से 'हिट एंड रन' को लेकर बनाए गए नए कानून से खफा चालकों ने सोमवार को जिला बिलासपुर में निजी बसों व वाहनों के पहिये खड़े रखे।

इससे लोगों को अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए काफी परेशान होना पड़ा। निजी बसों के पहिये थमे रहने से लोगों को मजबूरन निगम की बसों का घंटों इंतजार करना पड़ा। निजी बसों के न चलने से स्कूल, कॉलेज जाने वाले स्टूडेंट्स के अलावा नौकरी पर जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि, सुबह कई निजी बसें सड़कों पर सरपट दौड़ती नजर आई। दोपहर तक एक्का-दुक्का



हिट एंड रन कानून के विरोध में जिले में चालक विरोध करते हुए।

बसों को छोड़कर सभी बसों के पहिये थम गए। इससे रविवार को छुट्टी के बाद सोमवार को अपने गंतव्य की ओर जाने वाले लोग अच्छे खासे परेशान दिखे। बस स्टैंड घुमारवीं व सड़कों के किनारे बस स्टॉपेज पर लोग बसों का इंतजार करते दिखे। निजी बसों के पहिये थमने के बाद लोगों की भीड़ देखकर निगम की कुछ बसें बिलासपुर से घुमारवीं तथा घुमारवीं से बिलासपुर रूट पर भेजी, लेकिन इसके बावजूद निजी बसों पर थमी बिलासपुर की परिवहन व्यवस्था चरमराती हुई नजर आई। सोमवार को निजी बसों के न चलने से निगम की बसों में सवारियों की काफी भीड़ रही। निगम की बसें सवारियों से खचाखच भरी रहीं। इससे निगम को भी अच्छी खासी कमाई हुई। अधिकांश परिवहन व्यवस्था निजी बसों पर टिकी हुई है। 300 से अधिक निजी बसें विभिन्न रूटों पर चलती हैं, लेकिन सोमवार को निजी बस चालकों ने अपनी-अपनी बसों को खड़ा कर दिया।

### चालकों ने निजी बसों को रखा खड़े

उधर, जिला निजी बस ऑपरेटर यूनियन के प्रधान राजेश पटियाल ने बताया कि सोमवार को चालकों ने काफी निजी बसों को खड़ा रखा। उधर, डीडीएम बिलासपुर विवेक लखनपाल ने बताया कि लोगों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए निजी बसों के खड़ा होने के बाद निगम ने कुछ बसें बिलासपुर से घुमारवीं तथा घुमारवीं से बिलासपुर रूट पर भेजी।

# कहीं हुआ सड़क हादसा, तो कहीं हुआ आगजन से नुकसान

**बिलासपुर।** सोमवार सुबह के समय ऋषिकेश में सड़क से नीचे एक कार लुढ़क गई, जिसके चलते कार में सवार छह लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार कार नंबर डीएल-सात सीएल-3608 सोनीपत से मनाली जा रही थे। थाना झंडूत्ता के अंतर्गत मामला दर्ज हुआ है। घायल अवस्था में सवार लोगों को एम्स बिलासपुर में उपचाराधीन किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

इसी के साथ श्री नयना देवी जी क्षेत्र के तहत आने वाले गांव अंबुआला में अशोक कुमार पुत्र रामदास निवासी अंबुवाला की इमारत में आग लग गई, जिसके कारण वहां पर किरायेदार नरेश कुमार पुत्र हेमराज का लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हो गया। सोमवार सुबह समय करीब 9:30 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से मकान को आग लग गई। इस आगजनी में करीब एक लाख के नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

**खुशी** नववर्ष के अवसर पर डीसी आबिद हुसैन सादिक ने हिम ईरा दिव्यांग कैंटीन का किया शुभारंभ

# कैंटीन के माध्यम से दिव्यांगों को मिलेगा रोजगार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय स्थित उपायुक्त कार्यालय परिसर में नववर्ष के अवसर पर उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने हिम ईरा दिव्यांग कैंटीन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उपायुक्त बिलासपुर ने कहा कि इस कैंटीन का निर्माण प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत किया गया है कैंटीन के संचालन का जिम्मा दिव्यांग स्वयं सहायता समूह पंचगई के सदस्यों को दिया गया है। इस कैंटीन के माध्यम से पांच दिव्यांगजन, जिनमें तीन पुरुष और दो महिलाओं को रोजगार मिलेगा। इस कैंटीन में ब्रेकफास्ट,


जिला मुख्यालय स्थित उपायुक्त कार्यालय परिसर में नववर्ष के अवसर पर डीसी हिम ईरा दिव्यांग कैंटीन का शुभारंभ करते हुए।

लंच के अलावा मिलेट्स की चाय उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूह के उत्पादों की बिक्री भी की जाएगी। उपायुक्त बिलासपुर ने बताया कि दिव्यांग कैंटीन के माध्यम से उपायुक्त कार्यालय सहित सभी साथ लगते सरकारी कार्यालय में आयोजित बैठकों के दौरान चाय के आर्डर दिव्यांग कैंटीन को दिए जाएंगे, जिसके लिए जल्द सर्कुलर जारी किया जाएगा, ताकि इस कैंटीन का संचालन करने वाले दिव्यांगों को रोजगार भी मिले और आय में वृद्धि हो सके।

### चालकों के बैठने के लिए कक्ष की कमी की जा रही महसूस

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने आज उपायुक्त कार्यालय के अंतर्गत कार्यरत चालकों के आराम के लिए भी चालक बैठक कक्ष उद्घाटन किया। लंबे समय से उपायुक्त परिसर के अंतर्गत कार्यरत वाहन चालकों और वीआईपी के साथ आने वाले चालकों के लिए बैठने के लिए कक्ष की कमी महसूस की जा रही थी, जिसके चलते इस कक्ष का निर्माण किया गया है। इस कक्ष में सभी सुविधाएं प्रशासन की ओर से उपलब्ध करवाई गई हैं।

# राशन कार्ड ई-केवाईसी की डेडलाइन 31 तक

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में ई-केवाईसी न करवाने वाले राशन कार्ड धारकों को बड़ी राहत दी है। लोगों की सुविधा के लिए हिमाचल सरकार ने ई-केवाईसी करने की तारीख 31 तक बढ़ा दी है। तय की गई समय सीमा में ई-केवाईसी न करवाने वाले कार्ड धारकों का राशन अस्थायी तौर पर बंद किया जाएगा।

यह जानकारी जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले अधिकारी बिजेंद्र पठानिया ने दी। जिले में कुल 4,17,304 राशन कार्ड धारकों में से 79,641 राशन कार्ड धारकों की ओर से अपनी राशन कार्ड ई-केवाईसी नहीं करवाई गई है। विजेंद्र ने कहा कि अपनी नजदीकी उचित मूल्य की दुकान पर जाकर अपनी राशनकार्ड ई-केवाईसी अवश्य करवाएं।

# नववर्ष के आगमन पर दधोल में लगाया जलेबी का भंडारा


दधोल पंचायत निवासी नववर्ष के आगमन पर जलेबी के भंडारे का आयोजन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, दधोल**

घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत दधोल पंचायत निवासियों ने नववर्ष के आगमन पर जलेबी के भंडारे का आयोजन किया, जिसमें रास्ते एवं एनएच-103 से गुजरने वाले वाहनों में यात्रियों और राहगीरों को बांटा गया।

इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर दधोल और हिम आंचल पब्लिक स्कूल दधोल के बच्चों को भी जलेबी बांटी गई।

इस भंडारे के आयोजन में किशोरी लाल, पवन शर्मा, चंद्र शेखर, राम चंद्र शर्मा, बलवंत कमल, अश्वनी बजाज, रूपेंद्र कुमार, जगन नाथ शर्मा, प्रकाश चंद, ओम प्रकाश, विनोद कुमार, सुनील कुमार, पवन कुमार आदि ने भरपूर सहयोग दिया।

# हमीरपुर–भगेड़ के बीच भी टू–लेन ही बनेगा, तीन सर्वे के बाद प्रक्रिया शुरू

## ज्वालामुखी-हमीरपुर तक भी बन रहा टू-लेन,फोर-लेन बनाने की हुई थी घोषणा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर से होकर गुजरने वाले नेशनल हाई–वे पर अब टू–लेन ही बनेगा। मटौर–शिमला के बीच तैयार हो रहे इस नेशनल हाईवे को फोरलेन बनाने की घोषणा हुई थी, लेकिन मटौर से ज्वालामुखी तक फोरलेन का काम तो जोर–शोर से जारी है। उसके आगे 40 किलोमीटर की दूरी वाले ज्वालामुखी– कोहली (हमीरपुर) तक के दूसरे हिस्से को भी टू–लेन ही बनाया जा रहा है। इसका अगला पार्ट मनाली– किरतपुर रोड को जोड़ेगा। यह कोहली से भगेड़ तक तैयार होगा। इसका प्रोसेस भी शुरू हो गया है। (अनंत ज्ञान)



यहीं पर मिलेगा मटौर-शिमला फोरलेन का यह हमीरपुर वाला पार्ट।

### फोरलेन के हिसाब से हो रहा जमीन का अधिग्रहण

**लंबे** समय से इस फोरलेन की चर्चा तो होती रही है, लेकिन अंततः अब निर्माण कार्य टू-लेन में तब्दील होकर जारी हो चुका है। हवाला यह दिया गया है कि फोरलेन की यहां जरूरत नहीं है। ट्रैफिक लोड इतना ज्यादा नहीं होने के कारण इसे टू-लेन ही बनाया जाएगा। हालांकि इस रोड को नए सिरे से फोरलेन के हिसाब से ही जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। इससे रोड भी सीधा होगा और दूरी भी कम होगी।

### ट्रैफिक लोड के सर्वे पर ही हो रहा निर्माण



**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर कोहली-भगेड़ सड़क को लेकर पहले ही कह चुके हैं कि ट्रैफिक लोड के सर्वे हुए हैं और उसी के आधार पर अब इसका निर्माण हो रहा है, लेकिन एनएचएआई के सूत्रों के हवाले से जो जानकारी मिली है, उसमें टू-लेन का प्रोसेस ही शुरू करने की स्थिति बताई गई है

### दूरी कम पर ट्रैफिक लोड बढ़ने की संभावना

**हमीरपुर** से होकर निकलने पर सुजानपुर, पालमपुर की चंडीगढ़ की दूरी भी कम हो रही है। इसीलिए इस सड़क मार्ग पर ट्रैफिक लोड और ज्यादा बढ़ने की संभावना जताई जा रही है, मगर रोड के सीधा हो जाने की वजह से अब इसका काम कब शुरू होगा इस पर नजरें टिक गई हैं। उम्मीद यही जताई जा रही है कि लोकसभा चुनावों से पहले यह स्थिति सामने आ जाएगी।

### एलाइनमेंट को लेकर अभी ऊहापोह की स्थिति

**कोहली** में ज्वालामुखी की तरफ से आने वाले टू-लेन का जो छोर मिल रहा है, उसके आगे की एलाइनमेंट को लेकर अभी ऊहापोह की स्थिति है। कहां-कहां से होकर जाएगा? इस पर दो-तीन मुख्य जगहों पर असमंजस है, लेकिन भोटा से आगे यह रोड सीधा होगा। समस्या डिडवीं-टिक्कर और भिड़ा के क्षेत्र को लेकर है।



### टू–लेन में बदलने के लिए होते रहे सर्वे

इस सड़क मार्ग पर, क्योंकि राजनीति भी खूब हुई है। यही वजह है कि टू-लेन में बदलने के लिए एक के बाद एक कई सर्वे किए गए हैं। ट्रैफिक लोड को लेकर लगातार तीन सर्वे हो चुके हैं और अंतिम सर्वे के आधार पर ही अब टू-लेन की डीपीआर तैयार हो रही है। हमीरपुर से आगे के मनाली-किरतपुर रोड को जोड़ने वाले फोरलेन तक इस टू-लेन को बनाने की प्रक्रिया का अंदरूनी काम जारी है।

## ई–केवाईसी न करवाने वालों के राशन कार्ड हो सकते हैं ब्लॉक

**हमीरपुर।** राशनकार्ड धारकों की ई–केवाईसी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि को 31 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा ने बताया कि सरकार के निर्देशों के अनुसार विभाग ने प्रदेश भर में राशनकार्ड धारकों की ई–केवाईसी करने का अभियान चलाया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य द्वारा अपनी ई–केवाईसी उस उचित मूल्य की दुकान में करवानी है, जहां से वे राशन लेते हैं। ई–केवाईसी प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य को अपना नाम, जन्म तिथि आदि का मिलान अपने आधार डाटा के साथ करना है।

अरविंद शर्मा ने बताया कि जिला हमीरपुर में अब तक केवल 81 प्रतिशत राशन कार्ड धारकों द्वारा ही अपनी ई–केवाईसी करवाई गई है। इसके लिए अंतिम तिथि को बार–बार आगे बढ़ाने के बावजूद कई उपभोक्ता अपना ई–केवाईसी प्रमाणीकरण नहीं करवा रहे हैं। अब यदि कोई उपभोक्ता 31 जनवरी तक भी अपना ई–केवाईसी प्रमाणीकरण नहीं करवाता है तो उसका राशन कार्ड ब्लॉक किया जा सकता है। जिला नियंत्रक ने कहा कि जिन राशन कार्ड उपभोक्ताओं ने अभी तक ई–केवाईसी नहीं करवाई है, वे शीघ्र अपनी निकटतम उचित मूल्य की दुकान पर इसे करवा लें। शिक्षा, रोजगार या अन्य कारणों से प्रदेश के अन्य जिलों मे रह रहे लोग नजदीकी उचित मूल्य की दुकान पर अपनी ई–केवाईसी करवा सकते हैं।



हमीरपुर। नववर्ष पर बधाई देने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के घर पर दिन भर लोगों का तांता लगा रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### वॉलीबाल में बजड़ौह की टीम बनी विजेता



विजेता टीम सामूहिक चित्र में।

**भरेड़ी।** भोरंज के तहत बजड़ौह में अंडर-15 आयु वर्ग के लिए वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन परमार यूथ क्लब बजड़ौह द्वारा किया गया। परमार यूथ क्लब के प्रधान एस ठाकुर ने बताया कि इस वॉलीबाल प्रतियोगिता में इलाके की 10 टीमों ने भाग लिया, जिसमें विजेता टीम बजड़ौह व उपविजेता टीम कोट लांगसां रही। विजेता टीम को 4100 व ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 2100 व ट्रॉफी इनाम में दी गई।

### ढांक से गिर कर युवक की मौत

**हमीरपुर।** सदर थाना के तहत खसग्रां के समीप जंगल में ढांक से गिरने से एक युवक की मौत हो गई है। मृतक किन्नौर के कोठी निवासी युवक युवराज नेगी पुत्र श्याम सुंदर नेगी को घायल अवस्था में स्थानीय लोगों ने देखा। इस युवक की जान बचाने का युवाओं ने प्रयास किया, लेकिन अस्पताल पहुंचाते ही युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में युवक की ढांक के गिरने से मौत की बात सामने आई है, हालांकि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही सही कारण स्पष्ट हो पाएंगे। एसपी हमीरपुर डॉ. आकृति शर्मा ने हा कि मामले में पुलिस छानबीन कर रही है।

## पॉल्यूशन बोर्ड का मेंबर बनने पर सोनी को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नादौन**



पार्षद शमी सोनी को सम्मानित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य पार्षद।

नगर पंचायत नादौन के पार्षद एवं शहरी इकाई कांग्रेस अध्यक्ष शम्मी सोनी को प्रदेश सरकार द्वारा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का मेंबर मनोनीत करने पर नगर पंचायत ने सोनी को विशेष तौर पर सम्मानित किया। नगर पंचायत की ओर से अध्यक्ष तरुण कपिल व उपाध्यक्ष योगराज ने शम्मी सोनी को शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तरुण कपिल ने कहा कि नादौन नगर पंचायत के पार्षद एवं उनके सहयोगी को प्रदेश सरकार द्वारा यह सम्मान देने से नगर पंचायत गौरवान्वित महसूस कर रही है।

उन्होंने नगर पंचायत की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू सहित इस नियुक्ति के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान शम्मी सोनी ने नगर पंचायत का अभार व्यक्त किया। उन्होंने शहरवासियों का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वह पूरी निष्ठा से पूर्ण करेंगे।

## टौणी देवी स्कूल की गीतिका व वंशिका के स्वागत से नववर्ष का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



राज्य स्तरीय प्रतिभा उत्सव में द्वितीय स्थान पर रहीं गीतिका व वंशिका का स्वागत करते शिक्षक।

राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल (उत्कृष्ट) टौणी देवी की गीतिका और वंशिका ने कुल्लू में आयोजित राज्य स्तर प्रतिभा उत्सव में ईको ट्री में पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया है। सोमवार को नववर्ष पर उन दोनों के साथ–साथ टीम का हिस्सा रहीं अक्षिता, सुनिधि, रुचि एवं प्रियंका जिनका प्रदर्शन भी सराहनीय रहा, का भव्य स्वागत किया गया। प्रिंसिपल रजनीश रांगड़ा ने बताया कि बेटियों ने सदैव अग्रणी रहते हुए अपने लिए मेहनत के दम पर अलग मुकाम हासिल किया, तो स्कूल की अन्य बच्चों को एक नई राह भी दिखाई।

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर मेरे सपने मेरी उड़ान के तहत बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया था, जिसमें उन्होंने आगे बढ़ कर भाग लेकर प्रदेश में अग्रणी स्कूल के रूप में पहचान दिलाई है। गौरतलब है कि टौणी देवी राज्य स्तर की इस प्रतियोगिता में प्रदेश का इकलौता स्कूल रहा, जहां बच्चों ने चार में तीन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है। इस अवसर पर उनकी मार्ग–दर्शक सोनिया चौहान, सुमन लता, तनु सेन एवं अदिति के साथ लीना, संजीव, सुरेश, राजेश, सतीश, कुसुम व अन्य अध्यापक मौजूद थे।



नववर्ष के मौके पर शिमला के रिज मैदान पर झूमते पर्यटक।

## बाल आश्रम के बच्चों के साथ मनाया नव वर्ष




### डीसी ने बच्चों को मिठाइयां और उपहार बांटे

हमीरपुर। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बाल आश्रम सुजानपुर के बच्चों के साथ नववर्ष मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को मिठाइयां और उपहार बांटे तथा केक भी काटा। उन्होंने बच्चों के साथ काफी समय व्यतीत किया तथा उन्हें करियर के चयन के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बच्चों को प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के विभिन्न प्रावधानों से भी अवगत करवाया। इस अवसर पर एसडीएम राकेश शर्मा व अन्य लोग उपस्थित थे।

## यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्ससर्विसमैनों ने नववर्ष के पहले दिन मनाया 'काला दिवस'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



काला दिवस मनाते हुए पूर्व सैनिक।

यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्ससर्विसमैन हिमाचल प्रदेश एवं वेटर्न धर्मपुर के सभी सदस्यों द्वारा नए साल का पहला दिन काला दिवस के रूप में मनाया। एक जनवरी 2024, ओआरओपी–दो के मुद्दे पर भारत सरकार के उदासीन रवैये के लिए सभी सदस्यों द्वारा काला दिवस के रूप में मनाया।

सदस्य वेटरन धर्मपुर ऑफिस खौदा में इकट्ठा हुए और भारत सरकार को अपनी पीड़ा व्यक्त करने के लिए अपनी बाहों पर काली पट्टी बांधकर और काले झंडे लगाकर विरोध–प्रदर्शन किया।

इस विरोध–प्रदर्शन का नेतृत्व यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्ससर्विसमेन हिमाचल प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी सूबेदार मेजर/आ. लेफ्टिनेंट रमेश तपवाल ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अभी तक ओआरओपी–दो में हुई विसंगतियों को दूर करने के लिए कोई भी कदम नहीं उठाया है। आज भी हमारे पूर्व सैनिक जंतर–मंतर पर बैठे हैं, इसलिए एक जनवरी को काला दिवस के रूप में मनाया, ताकि हमारी आवाज सरकार के कानों तक पहुंचे। इस अवसर पर कप्तान सुरेंद्र जमवाल, अशोक चंदेल, चमन पठानिया, दलजीत सिंह, कश्मीर जंवाल आदि उपस्थित रहे।

## नववर्ष पर लोगों ने बांटा हलवा–चने का प्रसाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

नववर्ष पर सोमवार को हमीरपुर और आसपास के इलाकों में लोगों ने खुशी में हलवा–चने का प्रसाद बांटा। हमीरपुर शहर में कई जगह पर इसके स्टाल लगाए गए थे। शहर से बाहर भी कोहली में लोगों ने ऐसे स्टाल लगाए थे। बड़सर इलाके में भी हलवा प्रसाद बंटा गया।

शहर में गांधी चौक के पास ऊपरी बाजार के व्यापारियों ने गुप्ता मेडिकल स्टोर के पास काफी मात्रा में हलवे का प्रसाद बांटा। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने भी व्यापारियों से मिलकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने हलवा प्रसाद के स्टॉल पर जाकर भी प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर काफी तादाद में उनके साथ उनके समर्थक पार्टीजन भी मौजूद थे। इसके अलावा कोहली में भी इसी तरह का प्रसाद बांटा गया लोगों ने काफी मात्रा में स्टॉल पर पहुंचकर खुशी जताई। मेडिकल कॉलेज कैंपस में सीनियर सिटीजन काउंसिल ने भी चने और हलवे का प्रसाद बांटकर नववर्ष पर लोगों को शुभकामनाएं दीं।



प्रसाद ग्रहण करते सुनील शर्मा बिट्टू व अन्य।

### नशे में धुत दिखे स्टूडेंट्स

**नववर्ष** की पूर्व संध्या पर रात को शहर में युवाओं का जलवा देखे ही बनता था। रविवार होने के बावजूद काफी बड़ी तादाद में इंजीनियरिंग और अन्य संस्थाओं के स्टूडेंट्स शहर में नशे में धुत देखे गए। वहीं गांधी चौक के पास दो गुट आपस में भिड़ गए और गंभीर चोटें भी आई हैं। हमीरपुर पुलिस स्टेशन में क्रॉस केस भी दर्ज किया गया है। दरअसल में मारपीट की इस वारदात में तलवार निकाले जाने के कारण विवाद बड़ा था और खूब बहसबाजी हुई अब सीसीटीवी फुटेज को खंगाल जा रहा है, ताकि असलियत का पता चल सके।

**श्रद्धा**

### नववर्ष की पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर में लगी रही श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें

## हजारों भक्तों ने लिया बाबा बालक नाथ जी का आशीर्वाद

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

रविवार को उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर में पचास हजार श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया। शनिवार सुबह चार के करीब ही श्रद्धालुओं की लंबी–लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थीं, जो कि रविवार पूरी रात तक बनी रहीं। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर बाबा जी के जयकारों से गूंज रहा था। हिमाचल प्रदेश के साथ–साथ अन्य राज्यों के श्रद्धालु भी गुफा दर्शन के लिए पहुंचकर कतारबद्ध दर्शन कर रहे थे।

देश विदेश से आए श्रद्धालुओं का मानना है कि नववर्ष शुरू होने से पहले गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लेने से पुरा साल भर शुभ रहता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर को पांच सेक्टर में विभाजित किया गया था, ताकि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो सके। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए चप्पे–चप्पे पर पुलिस तथा होमगार्ड जवान तैनात किए गए थे, ताकि श्रद्धालुओं के साथ–साथ जेब–कतरों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही थी। मंदिर प्रशासन भी सीसी फुटेज कैमरे से श्रद्धालुओं की हर मूवमेंट पर नजर रखे हुए था। इस दौरान महंत आवास पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे हुए थे। आवास के बिल्कुल बाहर भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालु मस्ती में झूमते नजर आए। महंत श्रीश्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरी महाराज ने एसडीएम बड़सर डॉक्टर रोहित शर्मा, मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी, डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा को बाबा जी का पटका पहनाकर स्वागत किया। (अनंत ज्ञान)





नववर्ष पर बाहरी प्रदेशों से आए श्रद्धालु गुफा दर्शन के बाद महंत जी के आवास पर हाजिरी लगाकर बाबा जी से आशीर्वाद लेने पहुंच रहे थे।

## न्यूज ब्रीफ

### ज्योति-सौरव राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट को चयनित

**दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोदपुर बनेहड़ा के दो खिलाड़ियों का चयन अंडर-19 हॉकी नेशनल खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ज्योति कोचिंग कैंप के लिए चार जनवरी तक गर्ल्स हॉस्टल माजरा में गई है, जिसके उपरांत छह से 11 जनवरी तक जालंधर में आयोजित होने जा रहे नेशनल प्रतियोगिता के प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेगी। जबकि अंडर-19 वर्ग में सौरव इंदिरा स्टेडियम ऊना में चार जनवरी तक कोचिंग कैंप में भाग ले रहा है। इसके बाद नेशनल हॉकी खेल प्रतियोगिता के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगा। प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बच्चों के साथ कोच राजीव कुमार डीपीई को भी बधाई दी। गांव की प्रधान रविकांत, उपप्रधान बलवंत सिंह और सभी पंचायत सदस्यों ने बच्चों को बधाई दी।

### चौहान अस्पताल में 86 के नेत्रों में डाले लैंस

**ऊना।** चौहान आई अस्पताल ऊना में दिसंबर माह में 86 लोगों के नेत्रों में लैंस डाले गए। जानकारी देते हुए अस्पताल की प्रवक्ता मोनिका ने बताया कि अस्पताल में हर वीरवार को डॉक्टर चमन सिंह चौहान द्वारा आंखों में निशुल्क लैंस डाले जाते है। इसी क्रम में दिसंबर माह में 85 लोगों की आंखों में लैंस डाले गए। इनमें 50 पंजाब, 35 हिमाचल व एक यूपी का मरीज शामिल था।

### घायल व्यक्ति की पीजीआई में मौत

**बंगाणा।** पुलिस थाना बंगाणा के तहत जसाणा सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की चंडीगढ़ में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान गिरधारी लाल पुत्र मंगल राम निवासी जसाणा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि बीती 21 दिसंबर को गिरधारी निवासी जसाणा सड़क हादसे में घायल हो गया। घायल को ऊना के प्राइवेट अस्पताल से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। चंडीगढ़ में उपचार के दौरान गिरधारी लाल की मौत हो गई। डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### मैहतपुर बाजार में सट्टा लगाते एक काबू

**मैहतपुर।** मैहतपुर बाजार में पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए काबू किया है। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मैहतपुर पुलिस की टीम रविवार रात्रि स्थानीय बाजार में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने शक के आधार पर दविंदर कुमार निवासी बहडाला की तलाशी ली, जिससे पुलिस को पर्ची दड़ा व सट्टा व 1020 रुपए बरामद किए गए। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने दविंदर कुमार के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बच्चों ने कार्यालयों में दी नववर्ष की शुभकामनाएं

**ऊना।** देहलां स्थित आश्रय प्रवाह के स्कूली बच्चों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में जाकर नव वर्ष की बधाई दी और सभी के लिए नव वर्ष मंगलमय होने की कामना भी की। वर्तमान में आश्रय प्रवाह स्कूल में 80 बच्चें शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिसमें 54 लड़के व 26 लड़कियां शामिल हैं। इस दौरान आश्रय स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य केपी सूद, राज रानी, सहित स्कूली बच्चों में प्रदीप कौर, स्कूली बच्चों में नवसीरत, हरमनदीप, भाग्या, नवनीत कोर, मेहक, साहिल, प्रिंस, सिमरन, समरिद्धि, कार्तिक, चेतन, सतविंदर व यशपाल उपस्थित रहे।

### ऊना में न्यूनतम पारा एक डिग्री लुढ़का नीचे

**ऊना।** जिला में सोमवार को नए वर्ष का आगाज भीषण सर्दी के बीच हुआ। हालत ऐसी थी पूरा दिन सूर्यदेव के दर्शन न होने के चलते कंपकंपाती ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। सोमवार को न्यूनतम तापमान एक डिग्री पारा नीचे लुढका। पूरा दिन बादल छाए रहने से लोगों को मुसीबतों में डाले रखा। विशेष रुप से दोपहिया वाहनों पर रोजाना सफर करने वाले लोगों को भीषण सर्दी से दो-चार होना पड़ा। जिला में दिनभर सूर्य न निकलने के कारण नए साल के पहले ही दिन लोग ठिठुरने को मजबूर हो गया। ठंड के चलते वाहनों की रफ्तार काफी धीमी पड़ गई। दिन बढने के साथ ही चलती ठंडी हवाओं ने लोगों को काफी परेशानियों में डाले रखा। नए साल के पहले ही दिन लोगों को घरों में दुबक कर बैठने पर मजबूर होना पड़ा। हालत यह थी कि सडकों और बाजारों के किनारे लोग आग जलाकर अलाव सेंकते हुए भी दिखाई दिए। मौसम विभाग के कार्यकारी अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार को जिला का अधिकतम तापमान 13 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रहा। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में सर्दी के और भी बढ़ने की प्रबल संभावनाएं हैं।

### भरवाईं को जल्द मिलेगा खेल का मैदान

**भरवाईं।** लंबे समय से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में खेल मैदान की दरकार अब जल्द पूरी होने वाली है। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा बजट की मंजूरी मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग ने कसरत शुरू कर दी है। विभाग द्वारा इसके लिए टेंडर काल कर दिए गए है। इस खेल मैदान के लिए 43.60 लाख रूपये खर्च किए जाएंगे। अब जल्द ही स्कूल के स्टूडेंट्स को अच्छा खेल मैदान मिलेगा। बताते चले की लंबे समय से इस मैदान को बनाने के लिए स्कूल द्वारा मांग की जा रही थी। करीब नौ साल बाद इस खेल मैदान बनने का रास्ता साफ हुआ है। 30 दिसंबर 2014 को पूर्व विधायक और वित्त आयोग के अध्यक्ष रहे कुलदीप कुमार ने भरवाईं स्कूल के खेल मैदान का शिलान्यास किया था, परंतु इसका निर्माण नहीं हो पा रहा था। अब स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू के प्रयासों से प्रदेश सरकार द्वारा इसके लिए बजट की स्वीकृति मिलने पर कार्य जल्दी शुरू होने जा रहा है । इसके साथ समाजसेवी विनोद शर्मा ने कहा कि उनको खुशी है की स्कूल के लिए खेल मैदान बनने जा रहा है कहा की इस खेल मैदान के लिए उन्होंने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर के आगे भी यह मुद्दा उठाया था। लोक निर्माण विभाग भरवाईं मंडल के अधिशाषी अभियंता दिनकर शर्मा ने बताया की स्कूल के खेल मैदान के लिए टेंडर काल किए गए है। जल्दी ही टेंडर अलॉट होने के बाद इस पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### दिव्यांग और वृद्धा आश्रम में मनाया नववर्ष

**मंडी।** सोमवार को वल्लभ महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का तीसरा दिन था, जिसमें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आई। ब्रह्माकुमारी रंजना द्वारा ड्रामा के राज के बारे में बताया गया और हमारे चरित्र में गिरावट का कारण समझाया अपनी अंदर की कमियों को ढूंढने व उन्हें सुधारने के बारे में विधि बताते हुए अपना संबंध भगवान से कैसे जोड़े व उसे अपना सबसे अच्छा मित्र कैसे बनाएं यह सिखाया। इस दौरान नववर्ष के उपलक्ष्य पर स्वयंसेवक नेरचौक दिव्यांग आश्रम और वृद्ध आश्रम में गए तथा दिव्यांगों तथा वृद्ध लोगों के साथ नववर्ष को मनाया। दिन के अंत में आईआईटी मंडी से आए मनोविज्ञान के आचार्य डॉ रामाजयम ने स्वयंसेवकों को मनोविज्ञान से जुड़ी बातों से अवगत कराया और मनोवैज्ञानिक समस्या से बाहर निकलने के बारे में जानकारी साझा की।

# 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पाया मां चिंतपूर्णी के दर्शनों का सौभाग्य

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



**सुप्रसिद्ध** धार्मिक स्थल मां चिंतपूर्णी के मंदिर में नववर्ष मेला के अवसर पर 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शनों का सौभाग्य पाया। मां का दरबार श्रद्धालुओं के लिए दिन-रात खुला रखा गया था।

नए साल पर क्षेत्र के अधिकांश होटल और सराय बुक थे। धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधकों ने अपने लंगरों में श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। 31 दिसंबर को शाम से ही चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ना शुरू हो गया था और देर रात तक श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा। नववर्ष की पूर्व संध्या पर करीब एक दर्जन से ज्यादा धार्मिक संस्थाओं द्वारा जागरण का आयोजन किया गया था। इस दौरान वहीं लंगर लगाने वाली कई धार्मिक संस्थाओं ने श्रद्धालुओं को लजीज व्यंजन भी परोसे। लंगर संस्थाओं पर मेला प्रशासन की ढीली पकड़ के कारण संस्थाओं द्वारा जमकर अव्यवस्था फैलाई गई। रात बारह बजे कई श्रद्धालुओं ने जमकर आतियाबाजी की, जिससे ध्वनि प्रदूषण के चलते बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पिछले वर्ष की अपेक्षा श्रद्धालुओं में कमी दर्ज की गई। सुबह मंदिर के दर्शनों की लाइनें पुराने बस अड्डे तक गईं और दोपहर को लाइनें माधो दा टिल्ला तक पहुंच गईं, लेकिन शाम को फिर से भीड़ कम हो गई। नववर्ष का दो दिवसीय मेला संपन्न हो गया। मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल ने कहा कि मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन के सहयोग से नववर्ष मेला शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

### माता के दरबार में लगा मेला संपन्न

**चिंतपूर्णी।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार नव वर्ष मेले का समापन सोमवार को किया गया। डीसी राघव शर्मा की अगुआई में मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं के लिए तमाम सुविधाओं का प्रबंध किया गया था। काबिले गौर है की माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में लगने वाले सभी मेलों में से सबसे कम अवधि का मेला नववर्ष मेला ही कहलाता है। नव वर्ष मेले के उपलक्ष्य में माता के मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि माता के दर्शन करके ही वह नए साल का शुभारंभ करते हैं जिससे उनके परिवार में जहां एक तरफ सुख समृद्धि रहती है, वही उनके कारोबार में भी स्थिरता बनी रहती है। श्रद्धालुओं का कहना है कि नए साल का आगाज यदि माता के पावन दर्शन से हो जाए तो इससे ज्यादा बढ़कर और कुछ नहीं होता।

### ट्रक चालकों की हड़ताल का दिखा असर, तमाम पंप हाउसों पर मची अफरा-तफरी

# ऊना में पेट्रोल पंपों पर हांफी पेट्रोल और डीजल की सप्लाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**केंद्र** सरकार द्वारा हिट एंड रन मामले में किए गए कानूनी संशोधन के विरोध में ट्रक चालकों द्वारा की गई हड़ताल का असर साफ तौर पर दिखने लगा है। साल 2024 के पहले दिन सुबह सवेरे ही तमाम पेट्रोल पंपों पर लोगों की लंबी लाइन दिखीं।

अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण लोग अपने-अपने वाहनों में जरूरत से ज्यादा ईंधन भरवाने के चक्कर में नजर आए, जबकि कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल पूरी से खत्म हो चुका है। एक तरफ जहां पेट्रोल के लिए ग्राहकों में मारामारी रही, वहीं दूसरी तरफ पेट्रोल पंपों के संचालकों ने भी हाथ खड़े कर दिए। डीजल व पेट्रोल की सप्लाई रुकने से कई पंप हाउस खाली पड़ चुके हैं, जबकि जिन पंप हाउस में थोड़ा बहुत पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है, वहां पर ग्राहकों में ईंधन भरवाने के लिए मारामारी मची हुई है। पंपों पर जहां दोपहिया वाहनों में मात्र 100 रुपए, तो चार पहिया वाहनों में 500 रुपए तक का ही तेल डाला जा रहा है। जिला ऊना सहित हिमाचल ही नहीं, बल्कि कई राज्यों में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई बुरी तरह चरमरा गई है। पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए पहुंचे सुशांत पूरी, रोहित व कर्मजीत सहित अन्य ग्राहकों का कहना है कि नियमित रूप से नौकरी पेशा और कारोबार के कारण उन्हें अपने वाहनों में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल या डीजल चाहिए होता है, लेकिन इस वक्त लगभग हर पंप पर तेल की कमी बड़ी समस्या बनती जा रही है। यहां तक की कई जगह पंप ऑपरेटर इस मौके का फायदा उठाकर साधारण की बजाय पावर और माइलेज वाला ईंधन जबरन बेचने की कोशिश भी कर रहे हैं।

### अधिक पैसे देकर डलवाना पड़ा ईंधन

**नव** वर्ष पर हिमाचल पहुंचे कई पर्यटकों को भी तेल की कमी की समस्या के चलते परेशान होना पड़ रहा है। दिल्ली से मां चिंतपूर्णी मंदिर में माथा टेकर वापस लौट रहे उदित कपूर ने कहना है कि सुबह से करीब आधा दर्जन पंप पर तेल डलवाने के लिए गया, लेकिन तेल नहीं मिल रहा है। एक जगह अधिक पैसे देकर भी मात्र 1000 रुपए का पेट्रोल डाला गया। एक-एक हजार रुपए का तेल डलवाकर दिल्ली पहुंचना कठिन है।

### हड़ताल का जल्द निकाला जाए हल

**पेट्रोल** पंप संचालक में जगदीश का कहना है कि ड्राइवरों की हड़ताल के कारण तेल की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई है। यही कारण है कि उन्हें कई ग्राहकों को अपने यहां से बैरंग लौटने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को ट्रक चालकों के साथ वार्ता कर हड़ताल का जल्द हाल निकालकर तमाम व्यवस्थाओं को सुचारु करना चाहिए।

## केंद्र सरकार के नए नियम पर टैक्सी चालकों का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बंगाणा**

**केंद्र** सरकार द्वारा चालकों को लेकर लागू किए गए नए नियम को लेकर कुटलैहड़ टैक्सी यूनियन ने विरोध दर्ज करवाया है। सोमवार को बंगाणा में कुटलैहड़ टैक्सी यूनियन ने नए नियम को वापस लेने की मांग उठाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। कुटलैहड़ टैक्सी यूनियन के प्रधान दिलबाग सिंह ठाकुर ने बताया कि केंद्र सरकार ने हाल ही में चालकों के विरुद्ध अधिनियम पास किया है, जिसमें दुर्घटना होने पर अगर चालक मौके से फरार हो जाता है, तो उसे छह वर्ष की सजा और दस लाख तक का जुर्माना होगा। प्रधान ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किया नया नियम गलत है। कोई भी चालक जानबुझ कर सड़क दुर्घटना नहीं करता है। कभी गाड़ी में कोई समस्या या फिर किसी जानवर या गाड़ी को बचाते समय दुर्घटना होती है। अगर दुर्घटना होने पर चालक मौके पर रहेगा, तो जनता द्वारा उसे उसी समय मौत के घाट उतार दिया जाएगा और ऐसे वाक्य हुए भी है। उन्होंने कहा कि केद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियम के तहत चालक की दुर्दशा होगी। इसलिए सरकार को यह कानून वापस लेना होगा। इस मौके पर चालक तिलक राज, अजय ठाकुर, विवेक, विक्की ठाकुर, पंकज शर्मा, सुमित, शालू, संजय राणा, अशोक कुमार, बनवीर सिंह, राज कुमार, राजेंद्र सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

> बंगाणा में टैक्सी चालक बैठे धरने पर नियम वापस करने की उठाई मांग

### सरकाघाट सेंट्रल पार्क बना सफेद हाथी, पांच लाख का फव्वारा कुछ महीनों में खराब

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सरकाघाट** उपमंडल मुख्यालय मैं पूर्व भाजपा सरकार के दौरान शहर के बीचोंबीच बना सेंट्रल पार्क आज अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा है। सेंट्रल पार्क लगभग 40 लाख खर्च करने के बाद बनाया गया था।

पार्क तत्कालीन भाजपा विधायक कर्नल इंद्रसिंह ठाकुर का ड्रीम प्रोजेक्ट था और इस पार्क को लेकर विधायक व स्थानीय निवासियों के बीच में ठन गई थी और लोगों द्वारा इस पार्क को बनाने को लेकर जमकर विरोध भी किया गया था, लेकिन तत्कालीन विधायक ने लोगों की एक नहीं सुनी और इसका निर्माण करवा के छोड़ा इस निर्माण कार्य को लेकर उनके अपने खास लोगों का भी विरोध झेलना पड़ा था। पार्क निर्माण कार्य के दौरान लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे भी हटाए गए थे, ऐसा करने से लोग भी नाराज हुए। पहले इस जगह पर लोग गाड़ीयां पार्क करते थे और नगर परिषद द्वारा पार्किंग का बाकायदा ठेका दिया जाता था , लेकिन विधायक के आगे किसी नहीं चली और यहां शानदार पाक बनकर तैयार हुआ तथा इस पार्क में एक पांच लाख का फब्वारा भी स्थापित किया, लेकिन यह पिछले कई माह से खराब पड़ा हुआ है और कोई इसकी सुध नहीं ले रहा है।

## यू-ट्यूब चैनल रोशन म्यूजिक ने लांच किया पहाड़ी गाना 'चल मामा चल घूमदे जाणा'

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**नववर्ष** के उपलक्ष्य पर लांच हो गया। इस नए गाने को जोगिंद्रनगर उपमंडल के उभरते गायक श्री बलदेव ठाकुर तथा संजय कुमार द्वारा गाया गया है। इस सुन्दर गीत की कम्पोजिशन व रचना श्री रोशन ठाकुर ने की है तथा इसे मधुर संगीत द्वारा अभय ठाकुर ने बनाया है। इस गीत में मामा जी का अभिनय धोगरी राम ने तथा भान्जों का अभिनय रोशन ठाकुर तथा मनसा ठाकुर ने किया है। इस गीत में हिमाचली पहाड़ी जीवन-शैली को बताया गया है। इसमें 'मामा' 70-75 वर्ष की आयु में भी नियमित रूप से अपने दैनिक जीवन के कार्य हँसते हुए कर रहा है। इससे उसका स्वास्थ्य भी उत्तम बना हुआ है। भानजे, मामा को काम के साथ घूमने का महत्व भी बता रहे हैं। वे यह संदेश दे रहे हैं कि हमें पूरे वर्ष काम करते हुए दो-चार दिन घूमना-फिरना और मनोरंजन भी करना चाहिए।



जोगिंद्रनगर : पोस्टर के साथ सामूहिक चित्र में।

# नववर्ष के पहले दिन सेल को लेकर उमड़ी भीड़

## ठंड के बावजूद दोपहर को पूरा ऊना बाजार ग्राहकों से भरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**नववर्ष** के पहले दिन भी ऊना शहर में सेल को लेकर लोगों का हजूम रहा। पूरे शहर में लगी विभिन्न प्रकार के उत्पादों की सेल के लिए ग्राहकों की खूब भीड़ रही। खरीददारों की भीड़ के चलते पूरा बाजार जाम हो गया था।

हालांकि सुबह ठंड होने के चलते लोगों की भीड़ कम रही, लेकिन दोपहर होते-होते पूरा बाजार लोगों से भर गया। हर तरफ लोगों का सैलाब ही नजर आ रहा था। हालात ये बन गए थे कि बाजार से निकालना कठिन हो गया। मुख्य हाई-वे के किनारे भी सेल लगी थी, जिस कारण वाहनों का आने-जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा।

हालात यह रहे कि ऊना बाजार की सडकों पर तिल रखने की भी जगह नहीं थी। धक्का-मुक्की के बीच लोग सेल की खरीददारी करते दिखे। शहर के रोटरी चौक, मेन बाजार, जीवन मार्केट व अरविंद मार्केट सभी जगह एक ही जैसी भीड़ दी। हर दुकान के बाहर भीड़ के चलते वाहन तो दूर पैदल निकलने के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ी।

ग्राहकों में सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं की थी। स्टॉक खत्म करने के लिए दुकान के अंदर तो सामान लगाते ही है, बल्कि दुकान के बाहर सडकों पर भी सामान सजा रखते हैं, ऐसे में लोगों को आने-जाने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, वाहन चालक भी भारी भीड़ में वाहन लेकर आ जा रहे थे, जिससे वहां पर हादसों का भी भय बना हुआ था। कुछ-कुछ दूरी पर सडक किनारे व्यापारियों द्वारा फहड़ी लगाकर सेल लगाई गई थी, जिस पर भीड़ के कारण वाहनों को गुजरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहनों की लंबी-लंबी कतारों के चलते राहगीरों को भी चलने वाले काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। ऐसे ही हालत सुबह से लेकर शाम तक रहा।

# बर्फबारी व बारिश न होने से फसलें बर्बादी की कगार पर

## किसान और बागवान हुए परेशान

**अनंत ज्ञान, चैलचौक**

**मौसम** का रुख बदलता दिखाई दे रहा है, क्योंकि कई वर्षों के अंतराल के बाद देखने को मिल रहा है कि वर्ष का अंतिम माह समाप्त हो चुका है और पर समूचे जिले में बारिश का कहीं भी कोई नामोनिशान तक देखने को नहीं मिल रहा है। ऐसे में किसानों और बागवानों के चेहरे पर लगातार चिंताएं बढ़ रही है।

हालंकि अगर हम पिछले वर्ष की बात करें तो इसी दिसंबर महीने में भरपूर बारिश के बाद ऊंची पहाड़िया बर्फ से लद चुकी थीं, पर इस बार सूखे के चलते किसान और बागवान बेहद परेशान है। बिन बारिश सूखने के कगार पर पहुंचते जा रहे किसानों के खेत जिन्हें अब बहुत ज्यादा बारिश की जरूरत आन पड़ी है। किसानों द्वारा बीजी गई गंदम की फसल के साथ नगदी फैसले अब धीरे-धीरे बिन पानी के सूखती जा रही है। इस सूखे के चलते परेशान किसान अब भगवान से दुआ कर रहा है कि इस महीने में जहां खूब बारिश के साथ बर्फबारी हुआ करती थी, अब हर जगह सूखा ही सूखा दिखाई दे रहा है। इन किसानों का कहना है कि हाल ही में जो पीछे हल्की सी बारिश हुई थी उसी का नतीजा है कि हमारे खेत जिनमें हम लोगों ने गंदम बीजी थी थोड़ी बहुत हरी भरी दिखाई दे रही है।

### ठंड के कारण जमी कमरूनाग झील

**तापमान** शून्य से नीचे चले जाने से मंडी जिला के बड़ा देव कमरूनाग की पवित्र झील जम गई है। झील में बर्फ व कोहरे की मोटी परत जमने से झील का पानी ठहर सा गया है। प्रशासन ने देवता कमरूनाग के मंदिर की तरफ न जाने की एडवाइजरी जारी कर दी है। मंदिर कमेटी भारी बर्फबारी होने के चलते कपाट बंद कर दिए हैं। देवता के कटवाल काहन सिंह ठाकुर ने कमरूनाग झील के ठंड के कारण बर्फबारी में जमने की पुष्टि है। उन्होंने कहा कि बर्फबारी और ठंड में लोग, पर्यटक और श्रद्धालु कमरूनाग मंदिर आने से परहेज करें। उधर, एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने कमरूनाग मंदिर में न जाने की एडवाइजरी जारी कर दी है। उन्होंने कहा है कि लोग कमरूनाग मंदिर में जाने का जोखिम न लें और देव स्थल को जाने से परहेज करें। वहीं, बर्फबारी के बाद क्षेत्र में ठंड बढ़ गई है। मंडी जिला की सबसे ऊंची चोटी पर स्थिति शिकारी देवी मंदिर के कपाट 20 नवंबर से बंद कर दिए हैं। वहीं, थुनाग प्रशासन ने एक बार फिर आदेश कर कर कहा है कि खराब मौसम में शिकारी देवी की ओर न जाएं। वहीं, शिकारी देवी से पुजारियों और दुकानदारों ने भी अब घर की ओर पलायन कर दिया है। कार्यकारी एसडीएम थुनाग अमित कलथाइक ने कहा कि लोग बर्फबारी और ठंड में शिकारी देवी पहाड़ी और मंदिर की तरफ न जाएं।

**सुविधा** | सूरी, जबेहड़, परंब, पोलियां पुरोहितां, त्याई और बेहड़ जसवां में योजना के तहत बनकर तैयार हैं चेक बांध

# मनरेगा से बनने वाले चेक बांधों से मिल सकती है सिंचाई सुविधा

**अनंत ज्ञान, अंब**

**पिछले** कुछ वर्षों में मनरेगा ऐसी ताकत बनकर उभरी है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रयासों को बल मिला है। इस योजना के तहत चिंतपूर्णी के पहाड़ी क्षेत्र में बने चेक बांध बारिश के पानी को रोक पाने में सफल रहे हैं, वहीं चेक बांधों के निर्माण के बाद जल को सहेजने में मदद मिल रही हैं। इन चेक बांधों से क्षेत्र में जल संरक्षण के अलावा किसानों के खेतों में सिंचाई सुविधा में भी मदद मिल सकती है। स्थानीय लोगों को भी उम्मीद है कि वर्तमान सरकार व स्थानीय विधायक इस दिशा में जरूर कारगर कदम उठाएंगे।

दरअसल चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के पहाड़ी एरिया में बरसात के पानी का उपयोग करने की कोई व्यवस्था नहीं रही है। बारिश होने के बाद पानी खड्डों व नालों से बहकर बेकार चला जाता है। जल संरक्षण को लेकर पंचायतीराज विभाग ने मनरेगा के तहत परियोजना पर कार्य शुरू किया और पहाड़ियों पर ही चेक डैम बनाने शुरू कर दिए। सूरी, जबेहड़, परंब, पोलियां पुरोहितां, त्याई और बेहड़ जसवां में मनरेगा के अंतर्गत चेक बांध बनकर तैयार हो गए हैं। जबकि चार चेक बांध प्रस्तावित भी हैं। क्षेत्र का सबसे बड़ा चंक बांध जवाल पंचायत के कुनेत रतियां में प्रस्तावित है। प्रत्येक चेक बांध में तीन से पांच लाख लीटर तक पानी जमा है। खास बात यह भी है कि इस क्षेत्र में किसान सिर्फ बारिश पर ही निर्भर थे, लेकिन अब इनमें से कुछ लघु बांधों से किसान पानी को लिफ्ट करके खेतों में सिंचाई भी कर रहे हैं। जवाल पंचायत के प्रधान जोगेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी पंचायत में एक चेक बांध बनना है। परंब की पंचायत प्रधान आरती ने भी सरकार से मांग की है कि उनकी पंचायत में बने चेक डैम से सिंचाई सुविधा का प्रावधान होना चाहिए।

### क्या हैं लघु बांध यानी चेक डैम

**लघु** बांध या चेक डैम सीमेंट-रोड़ी का बना हुआ एक ऐसा अवरोध होता है, जिसे किसी भी खड्ड या नाले के जल प्रवाह की विपरीत दिशा में खड़ा किया जाता है। लघु बांध का प्रमुख उद्देश्य मानसून या बारिश के अतिरिक्त जल को बांधना होता है। यह पानी बरसात के दौरान व उसके बाद भी इस्तेमाल हो सकता है और इसमें भूजल का स्तर बढ़ता है। इन जल स्रोतों से मछली-पालन व खेतों में सिंचाई तक भी की जा सकती है। जल संरक्षण में चेक डैम अहम भूमिका निभाते हैं।

> चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का विस्तृत तरीके से अध्ययन किया है। किसान पहाड़ी और धार बेल्ट में जंगली व बेसहारा जानवरों के आंतक से भी परेशान है। सिंचाई सुविधा न के बराबर है। ऐसे में पहाड़ी क्षेत्रों के लिए ऐसी कोई योजना प्रदेश सरकार की तरफ से बनती है तो निश्चित तौर पर उसे चिंतपूर्णी क्षेत्र में भी क्रियान्वित किया जाएगा।
>
> **-सुदर्शन सिंह बबलू, विधायक चिंतपूर्णी।**

# आजीविका भवन का होगा नया नाम, खाली दुकानों के होंगे टेंडर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- कारोबारियों ने उठाई थी आजीविका भवन के नाम बदलने की मांग
- हाल ही में किए टेंडर में इनके लिए ठेकेदार नहीं मिले थे

नगर निगम के आजीविका भवन का अब नया नाम रखने वाले हैं। नगर निगम आजीविका भवन का नाम बदलने की तैयारी कर रहा है। यहां पर कारोबारियों की भी मांग थी कि आजीविका भवन का नाम बदला जाए।

ऐसे में अब नगर निगम सबसे पहले आजीविका भवन का नाम बदलेगा। इस भवन में खाली पड़ी दुकानों के दोबारा टेंडर आमंत्रित करने से पहले निगम इसका नया नाम रखने की तैयारी कर रहा है। आजीविका भवन में 220 से ज्यादा दुकानें हैं। इनमें से 150 से ज्यादा दुकानें किराये पर दी जा चुकी हैं। बाकी दुकानों के लिए निगम ने टेंडर आमंत्रित किए थे, लेकिन महज 22 दुकानों के लिए ही किरायेदार मिल पाए। निगम प्रशासन के अनुसार भवन में दुकानें चला रहे कारोबारी इसका नाम बदलने का दबाव डाल रहे हैं। इनका कहना है कि आजीविका भवन नाम से ग्राहकों को पता नहीं चल रहा है कि यह शहर की नई मार्केट है।

सैलानियों को भी इसका ज्यादा पता नहीं है। इसलिए इसका आधुनिक नाम रखा जाए, ताकि लोग यहां पहुंचे। निगम सदन ने भी इसका नाम बदलने की मंजूरी दे दी है। वहीं, शहर में बंद पड़ी पार्किंग और खाली पड़ी दुकानों के दोबारा टेंडर आमंत्रित करने जा रहे हैं। हाल ही में किए टेंडर में इनके लिए ठेकेदार नहीं मिले थे। इनमें सांगटी, सुपर बाजार बैनमोर, मजीठा हाउस, कच्चीघाटी की पार्किंग शामिल है।

# हफ्ते में 50 से अधिक कुत्तों, बंदरों के काटे मरीज

## कम नहीं हो रहा बंदरों और कुत्तों का आतंक, रिपन अस्पताल में रोजाना पहुंच रहे 15 से 20 घायल मरीज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- माल रोड पर बैठे बंदर व कुत्ते लोगों के लिए बने परेशानी
- रिज हो या माल रोड सभी जगह झुंड दिखाई देते हैं
- इनके आतंक के कारण लोगों की टांगें, बाजू भी टूट चुके हैं




शिमला में घूमते हुए आवारा कुत्ते।

राजधानी शिमला में बंदरों और कुत्तों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शहर में बंदरों व कुत्तों के काटने के रोजाना मामले सामने आ रहे हैं। लोग डीडीयू अस्पताल इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। माल रोड पर बैठे बंदर व आवारा कुत्ते लोगों के लिए परेशानी बन रहे हैं।

शहर के कई स्थानों पर कुत्तों व बंदरों के झुंड लोगों को घेर रहे हैं। इनकी संख्या बढ़ने पर शहर में बच्चों और महिलाओं को अकेले चलने में डर लगा रहता है। सबसे ज्यादा मुश्किल स्कूल के बच्चों को आने-जाने में होती है। जॉब करने वाली महिलाओं से लेकर घरेलू महिलाएं बंदरों व कुत्तों के आतंक से परेशान हैं। इनकी संख्या बढ़ने से लोगों को सुरक्षित घर पहुंचने में डर लगता है। शहर के मुख्य स्थल रिज मैदान व माल रोड हो या चौक सभी जगह कुत्तों व बंदरों के झुंड दिखाई देते हैं। रिपन अस्पताल में बंदरों व कुत्ते के काटने के 15 से 20 मामले रोजाना पहुंच रहे हैं। कई बार इनके आतंक के कारण लोगों की टांगें, बाजू भी टूट चुके हैं। लोग इनसे बचने की कोशिश में भागते हैं और इसी हड़बड़ाहट में वे नीचे गिर जाते हैं, इस वजह से भी लोग जख्मी हो रहे हैं।

> अगर किसी व्यक्ति को कुत्ते द्वारा काट लिया जाए, तो सबसे पहले जख्म को पानी और साबुन से धोएं उसके बाद अस्पताल में टेटनस, एंटी रेबीज और एंटी सीरम का टीका जरूर लगवाएं।
>
> **लोकिंद्र शर्मा, एमएस डीडीयू।**

### 2023 में बंदरों व कुत्तों के काटने के मामले



शहर के रिपन अस्पताल में पिछले साल बहुत ज्यादा मामले कुत्तों व बंदरों के काटने के आए थे, पिछले सप्ताह रिपन अस्पताल में कुत्तों के काटने के 72 मामले आए हैं, वहीं पिछले साल कुत्तों के काटने के कुल 2215 मामले आए है। वहीं, बंदरों के काटने के 577 मामले सामने आए हैं।

### आवारा कुत्तों के काटने के हर महीने के मामले

आवारा कुत्तों के काटने से रिपन अस्पताल में जनवरी में 152, फरवरी में 107, मार्च में 150, अप्रैल में 147, मई में 190, जून में 196, जुलाई में 207, अगस्त में 193, सितंबर में 229, अक्तूबर में 208, नवंबर में 198 , दिसंबर में 238 मामले सामने आए हैं।

### बंदरों के काटने के हर महीने के मामले

बंदरों के काटने के जनवरी में 20, फरवरी में 15, मार्च में 42, अप्रैल में 56, मई में 65, जून में 74, जुलाई में 82, अगस्त में 63, सितंबर में 67, अक्तूबर में 39, नवंबर में 29, दिसंबर में 26 मामले आए हैं।

# अब हिमाचल प्रदेश का हाटी समुदाय कहलाएगा एसटी

## हिमाचल सरकार ने केंद्रीय कानून किया एडॉप्ट, प्रधान सचिव की ओर से जारी हुई अधिसूचना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला




शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हाटी मंच के पदाधिकारी।

प्रदेश का हाटी समुदाय एवं औपचारिक रूप से अनुसूचित जनजाति में शामिल हो गया है। अभी तक राज्य में 10 समुदाय एसटी घोषित थे। अब 11वां हाटी हो गया है।

केंद्र से आए ताजा जवाब और केंद्रीय कानून के मुताबिक अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के दायरे से बाहर रखी गई है। इस संबंध में हाटी विकास मंच शिमला के पदाधिकारी ने प्रेस क्लब शिमला में पत्रकार वार्ता आयोजित की। इसमें हाटी विकास मंच के मुख्य प्रवक्ता डॉक्टर रमेश सिंगटा, अध्यक्ष प्रदीप सिंगटा, कानूनी सलाहकार श्याम चौहान, महासचिव अतर तोमर ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार का आभार जताया।

पांच महीने तक राज्य सरकार केंद्रीय कानून पर कुंडली मारकर बैठी रही। कानून को लटकाने, भटकाने और अटकाने का काम किया गया, लेकिन राज्य सरकार देर आई दुरुस्त आई। उन्होंने अधिसूचना जारी करने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उनकी पूरी टीम का आभार जताया।

### राष्ट्रपति भवन तक सुनाई दी थी गूंज

हाटी मामले की गूंज राष्ट्रपति भवन तक सुनाई दी थी। मंच के पदाधिकारी ने इसकी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिमला में राष्ट्रपति निवास रिट्रीट में अप्रैल महीने में मुलाकात की थी। इसी मुलाकात का असर हुआ कि जैसे ही पिछले वर्ष 26 जुलाई को राज्यसभा से बिल पारित हुआ, राष्ट्रपति ने चार अगस्त को इस पर अपनी सहमति दी थी और इसके बाद ही उसी दिन गजट अधिसूचना जारी हुई थी।

### काम आया तीन पीढ़ियों का संघर्ष

इस मुद्दे पर तीन पीढ़ियों का संघर्ष काम आया। मंच के पदाधिकारी ने कहा कि यह संयोग ही है कि दो वर्ष पूर्व पहली जनवरी को रोनहाट में महाखुमली की शुरुआत हुई थी। तब आंदोलन का आगाज हुआ था और दो वर्ष बाद नए साल के पहले दिन यह मुद्दा तार्किक अंत तक पहुंचा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मंच के पदाधिकारी मदन, कपिल चौहान, बीएन भारद्वाज, गोपाल ठाकुर, सुरेश सिंगटा, रमेश राणा, आशु चौहान, प्रताप आदि मौजूद रहे।

# जरूरतमंद परिवारों को गर्म कपड़े व मिठाई बांटकर मनाई खुशियां

अनंत ज्ञान, कुमारसैन



जरूरतमंद परिवारों को गर्म कपड़े व मिठाई बांटकर नववर्ष की खुशियां मनाते हुए।

नए साल 2024 के पहले दिन सोमवार को थानाधार पंचायत ने जरूरतमंद मजदूरों व गरीब प्रवासी मजदूरों को गर्म कपड़े मिठाइयां और बच्चों को खिलौने बांटकर उनके साथ नववर्ष की खुशियां मनाई।

थानाधार पंचायत के प्रधान संदीप शरोल, उपप्रधान शीतल जिष्टु और वार्ड सदस्य विपिन ने सोमवार को रामपुर के नजदीक डकोलड़ और दतनगर में लगभग 35 जरूरतमंद प्रवासी मजदूर परिवारों को कपड़ा बैंक में एकत्रित गर्म कपड़े, बच्चों को खिलौने और मिठाइयां बांट कर उन्हें नववर्ष की बधाई दी। थानाधार पंचायत के प्रधान संदीप शरोल ने बताया कि कि तीन वर्ष पूर्व थानाधार पंचायत द्वारा कपड़ा बैंक की शुरुआत की गई, जिसमें थानाधार ही नहीं अन्य कई लोग ऐसे कपड़े दान करते हैं, जो प्रयोग किए जा सकें। कपड़ा बैंक में कपड़े एकत्र कर हर वर्ष एक जनवरी को गरीब व जरूरतमंद परिवारों को बांटा जाता है। प्रधान संदीप शरोल ने कपड़ा बैंक में सहयोग करने वाले दानी सज्जनों का भी आभार जताया है, जिनके सहयोग से यह पुनीत कार्य संभव होता है।



## नए साल के जश्न में डूबे लोग



**नई दिल्ली।** भारत में जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के लाल चौक से लेकर अमेरिकी शहर लॉस एंजिल्स तक लोग नए साल के जश्न में डूबे रहे। लॉस एंजेल्स अमेरिका के कैलिफोर्निया में हॉलीवुड के सितारों से जगमग इस शहर में लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। वहीं, भारत में लोगों ने सोमवार सुबह नए साल पर सबसे पहले धर्मस्थलों पर जाकर पूजा-अर्चना कर ईश्वर का आशीर्वाद लिया। इससे पहले लोगों ने रात को पटाखे फोड़कर 2024 का स्वागत किया। एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। महाकाल, वैष्णो देवी, गंगा घाट, स्वर्ण मंदिर सहित सभी देवस्थानों में साल की पहली आरती और पूजा-पाठ किया गया। वहीं, पंजाब के अमृतसर स्थित प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर में भी साल के पहले दिन संगतों का सैलाब पहुंचा।

# 72,561 नव वर्ष के पहले दिन पहुंचा सेंसेक्स

## निफ्टी ने 21,834 का स्तर छुआ

**एजेंसी, मुंबई**

नव वर्ष के पहले दिन एक जनवरी, 2024 को सेंसेक्स 72,561 और निफ्टी 21,834 के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद इसमें थोड़ी गिरावट देखने को मिली और सेंसेक्स 31 अंक की बढ़त के साथ 72,271 पर बंद हुआ।

वहीं, निफ्टी में भी 10 अंक की बढ़त रही, यह 21,741 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 13 में तेजी देखने को मिली है।



### वोडाफोन आइडिया स्टॉक में तेजी

वोडाफोन आइडिया के स्टॉक में लगातार दूसरे कारोबारी दिन तेजी देखने को मिली है। यह 5.94 प्रतिशत के तेजी के साथ 16.95 रुपए पर बंद हुआ। दो दिन में यह स्टॉक करीब 23 प्रतिशत बढ़ा है। अडाणी ग्रुप के सभी नौ शेयरों में भी तेजी रही।

### 2023 में शेयर बाजार में तेजी

2023 में शेयर बाजार में अच्छी तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 18.10 प्रतिशत और निफ्टी 19.42 प्रतिशत चढ़ा। दोनों ही इंडेक्स पर सबसे ज्यादा चढ़ने वाला शेयर टाटा मोटर्स रहा। टाटा मोटर्स ने 2023 में निवेशकों के पैसों को करीब दो गुना कर दिया। दो जनवरी को यह शेयर 394 रुपए का था, जो 2023 के आखिरी कारोबारी दिन यानी 29 दिसंबर को बढ़कर 779 रुपए का हो गया था। वहीं, मिडकैप और स्मॉल कैप इंडेक्स करीब 45 प्रतिशत चढ़े।

### 14 दिन नहीं होगा कारोबार

2024 में शनिवार और रविवार के अलावा 14 दिन शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा। शेयर बाजार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर, 8 मार्च को महा शिवरात्रि, 25 मार्च को होली, 29 मार्च गुड फ्राइडे, 11 अप्रैल ईद, 17 अप्रैल रामनवमी, एक मई महाराष्ट्र दिवस, 17 जून बकरीद, 17 जुलाई मुहर्रम, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस, 2 अक्तूबर महात्मा गांधी जयंती, एक नवंबर पर दिवाली, 15 नवंबर गुरुनानक जयंती और 25 दिसंबर को क्रिसमस पर शेयर बाजार बंद रहेगा।

## वर्ल्ड न्यूज

### अयोध्या से आए पूजित अक्षत 66 हजार परिवारों तक पहुंचाएंगे

**गोपेश्वर।** गोपेश्वर में अयोध्या से आए पूजित अक्षत और प्रभु राम के दर्शन के लिए सोमवार को निमंत्रण देने रामभक्त घर-घर पहुंचे। अक्षत अभियान के जिला अभियान प्रमुख अतुल शाह ने कहा कि अयोध्या से आये पूजित अक्षत और प्रभु राम की फोटो को 66 हजार परिवार तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। साथ ही सबको भगवान राम के दर्शन का करने का निमंत्रण देंगे। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से ही राम मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है। चमोली जनपद के लोगों ने दिल खोलकर समर्पण किया।

### गौकशी के मुकदमे में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने गो तस्करी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपियों में साबिर उर्फ टाइगर तथा साकिर का नाम शामिल है। आरोपी साबिर आलमपुर तथा साबिर धौज गांव का रहने वाला है। 20 दिसंबर की रात को पुलिस के साथ गो रक्षक दल की टीम ने गाय से भरी पिकअप में बैठे गो तस्करों को आलमपुर गांव के पास घेरा था। आरोपी फायरिंग करते हुए पिकअप को छोड़ फरार हो गए थे। इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर दो को गिरफ्तार कर लिया।

### पत्नी की हत्या कर पति ने गाजियाबाद में की आत्महत्या

**गुरुग्राम।** पति ने गुरुग्राम में पत्नी की हत्या करने के बाद गाजियाबाद में मेट्रो स्टेशन के पास आत्महत्या कर ली। गुरुग्राम के डीएलएफफेस-3 के एस ब्लॉक के मकान में एक बच्चे के लगातार रोने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंची तब महिला की हत्या का खुलासा हुआ। डीएलएफफेस-3 के एस ब्लॉक के मकान नंबर 31/15 में गौरव शर्मा पत्नी लक्ष्मी रावत व एक डेढ़ के बच्चे के साथ रहते थे। डीएलएफ क्षेत्र में महिला का शव मिला था। जांच में पता चला कि महिला की मौत कई घंटे पहले हो चुकी है। पुलिस ने पति गौरव शर्मा की खोज बीन शुरू कर की। इसी बीच गौरव शर्मा का शव सोमवार को गाजियाबाद में कौशांबी मेट्रो स्टेशन के पास मिला। हत्या और आत्महत्या के कारण अभी स्पष्ट नहीं हुए हैं।

### मान सरकार ने 1080 करोड़ में खरीदा गोइंदवाल थर्मल प्लांट

**जालंधर।** पंजाब सरकार ने गोइंदवाल थर्मल प्लांट खरीद लिया है। पावरकॉम ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पुष्टि की है। अब उपभोक्ताओं को दस रुपए की बजाय पांच रुपए यूनिट बिजली मिलेगी। सरकार ने 540 मेगावाट के निजी जीवीके गोइंदवाल थर्मल प्लांट को 1080 करोड़ रुपए में खरीदा है। प्लांट का नया नाम गुरु अमर दास थर्मल पावर प्लांट होगा।

### भाई के सामने बहन को खींच ले गए दरिंदे, किया दुष्कर्म

**रोपड़।** नूरपुरबेदी के एक गांव में दो युवकों ने एक अनाथ दलित नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। इससे आहत 15 वर्षीय किशोरी ने रविवार को आत्महत्या कर ली। आरोपियों की पहचान हर्ष राणा और दिनेश गुर्जर के रूप में हुई है। उन्हें अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। मृतका के भाई ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बहन के साथ शनिवार को गुरुद्वारे में माथा टेकने के बाद घर लौट रहा था, तभी दो युवकों हर्ष राणा और दिनेश गुर्जर ने उसे थप्पड़ मारे और उसकी बहन को झाड़ियों की ओर खींच कर ले गए, जहां दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इससे आहत बहन ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

## भू-कानून पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बड़ा फैसला

# उत्तराखंड में बाहरी व्यक्तियों को जमीन खरीदने पर रोक

**एजेंसी, देहरादून**

**उत्तराखंड** में भू-कानून को लेकर कुछ दिनों पहले जमकर विरोध हुआ था। भू-कानून के विरोध में देहरादून समेत कई जिलों में स्थानीय लोगों और कई समाज सेवी संस्थाओं ने रैली निकाली थी। अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नए साल पर भू-कानून को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। धामी ने बाहरी लोगों के उत्तराखंड में जमीन खरीदने पर रोक लगा दी है।

धामी ने आदेश दिया है कि अग्रिम आदेश तक जिलाधिकारी उत्तराखंड से बाहर के व्यक्तियों को कृषि एवं उद्यान के उद्देश्य से भूमि क्रय करने की अनुमति नहीं देंगे यानी प्रदेश में बाहरी व्यक्तियों के कृषि एवं उद्यान के उद्देश्य से जमीन खरीदने पर अंतरिम रोक लगा दी गई है।

### पहले खरीदार के सत्यापन के बाद भूमि क्रय करने के दिए थे निर्देश



इसके पहले भी मुख्यमंत्री उत्तराखंड में भूमि क्रय से पूर्व खरीदार के भूमि खरीदने के कारण पृष्ठभूमि के सत्यापन के उपरांत ही भूमि क्रय करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री धामी ने मुख्यमंत्री आवास पर भू-कानून को लेकर अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि भू-कानून के लिए बनाई गई कमेटी की ओर से बड़े पैमाने पर जन सुनवाई की जाए और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों और विशेषज्ञों की राय ली जाए। भू-कानून के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था के लिए गढ़वाल और कुमाऊं कमिश्नर को भी शामिल किया जाए।

### 2004 में किया यह संशोधन

उत्तर प्रदेश जमींदारी एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 की धारा-154 में वर्ष 2004 में किए गए संशोधन के अनुसार, ऐसे व्यक्ति जो उत्तराखंड राज्य में 12 सितंबर, 2003 से पूर्व अचल संपत्ति के धारक नहीं है, उन्हें कृषि व औद्यानिकी के उद्देश्य से भूमि क्रय करने की जिला अधिकारी की ओर से अनुमति प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

### समिति के आदेश के बाद ही लिया जाएगा अंतिम निर्णय

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश हित और जनहित में यह निर्णय लिया है कि भू-कानून समिति की आख्या प्रस्तुत किए जाने तक या अग्रिम आदेशों तक जिलाधिकारी उत्तराखंड राज्य से बाहरी व्यक्तियों को कृषि एवं उद्यान के उद्देश्य से भूमि क्रय करने की अनुमति के प्रस्ताव में अंतिम निर्णय नहीं लेंगे।

### तेजी से ड्राफ्ट बनाने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि समिति विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों के सुझावों के आधार पर तेजी से ड्राफ्ट बनाए। तब तक प्रदेश में बाहरी व्यक्तियों के कृषि एवं उद्यान के उद्देश्य से जमीन खरीदने पर रोक लगा दी गई है।

## कार से टकराया तेज रफ्तार ट्रक, चालक की गई जान

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

पठानकोट-जालंधर हाईवे चकचिमना के पास तेज रफ्तार ट्रक चालक के कट मारकर ब्रेक लगाने से पीछे आ रही कार टकरा गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि कार सवार उसकी पत्नी और तीन बच्चे जख्मी हो गए। घायलों को उपचार के लिए पठानकोट के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मृतक विश्वदीप सिंह निवासी छोटेपुर सुजानपुर का रहने वाला था, जबकि पत्नी मीनाक्षी, चार वर्षीय लड़का वीवान सिंह, 17 वर्षीय लड़की भूमि और 13 छोटी लड़की निष्ठा को भी चोटें आईं हैं।

घटना स्थल से चालक ट्रक से छलांग मारकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची नंगलभूर पुलिस ने ट्रक और क्षतिग्रस्त कार कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता नंगल निवासी कर्ण सिंह ने पुलिस को दर्ज कराए बयान में बताया कि वह 31 दिसंबर की रात मीरथल में अपने निजी काम के संबंध में अपनी कार में अड्डा मीरथल खड़ा था। उसके चाचा बलवीर सिंह का दामाद विश्वदीप सिंह निवासी छोटेपुर सुजानपुर महकमा डीएससी में हैदराबाद में नौकरी करता है। चंडीगढ़ से कार में सवार होकर उनके गांव नंगल आ रहे थे, जो उसे अपनी कार में परिवारिक सदस्यों समेत मिल गए। उन्होंने एक-दूसरे के परिवार का हालचाल पूछा और बाद में गांव नंगल की ओर चल पड़े। विश्वदीप सिंह कार में आगे था और वह अपनी कार में उसके पीछे-पीछे जा रहा था। वह जब ढाकी सैदा से चक चिमना साइड पहुंचे, तो 14 टायरी एक ट्रक बड़ी तेज रफ्तार लापरवाई के साथ चलाते हुए जा रहा था, जिसने अचानक अपने ट्रक का कट मारकर ब्रेक मार दी। इस दुर्घटना में विश्वदीप की कार ट्रक के पिछली साइड जा टकराई। हादसे में विश्वदीप सिंह की कार का इंजन और अगला हिस्सा प्रेस हो गया। ट्रक का ड्राइवर मौके से छलांग मारकर भाग गया।

### पत्नी व तीन बच्चे जख्मी

हादसे में विश्वदीप सिंह, उसकी पत्नी मीनाक्षी, चार वर्षीय लड़का वीवान सिंह, 17 वर्षीय लड़की भूमिकी और छोटी लड़की निष्ठा को चोटें आईं। जिन्हें एंबुलेंस का प्रबंध करके पठानकोट के प्राइवेट अस्पताल में पहुंचाया। जहां डाक्टर ने घायल विश्वदीप सिंह को मृत करार कर दिया। ट्रक ड्राइवर मौके से छलांग मारकर भाग गया। नंगलभूर थाने की पुलिस ने गुरदासपुर निवासी ट्रक चालक पवन कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## 25 साल बाद सलाखों के पीछे पहुंचे युवक के हत्यारे

**झज्जर।** जिले में 25 साल पहले हुए कत्ल के एक मामले में पुलिस की सीआईए-2 बहादुरगढ़ ने 25 साल से कानून की आंखों में धूल झोंकते चले आ रहे दो कातिलों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया है। एक आरोपी को पंजाब के होशियारपुर से और दूसरे को गुरुग्राम से दबोचा है। दोनों उत्तर प्रदेश के बंदायू के हैं। पुलिस उपाधीक्षक शमशेर सिंह ने बताया कि बहादुरगढ़ सीआईए दो के इंस्पेक्टर विवेक मलिक की टीम ने पंजाब के होशियारपुर क्षेत्र से वीरपाल सिंह और गुरुग्राम क्षेत्र से सुखराज निवासीगण विजय नगला बदायूं को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके बहादुरगढ़ लाया गया है और सोमवार को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शमशेर सिंह ने बताया कि उपरोक्त दोनों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर करीब 25 साल पहले 1998 में झज्जर के गांव सिलाना में अपने ही गांव के महेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति का कत्ल किया था और उसके बाद से ये लोग अंडरग्राउंड चल रहे थे।

## निवेशकों को तोहफा, फरवरी में आएगी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की अगली सीरीज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**साल 2024** में जारी होने वाले सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। इस साल फरवरी में निवेशकों को पहली बार सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करने का मौका मिलेगा। 2023-24 की अगली सीरीज 12 फरवरी को शुरू होगी और 16 फरवरी तक इसमें निवेश किया जा सकेगा।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत बैंकों के साथ ही क्लीयरिंग कार्पोरेशन ऑफइंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल) और स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल) के जरिए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश किया जा सकता है। साथ ही बीएसई और एनएसई के जरिए भी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करने की सुविधा दी गई है।

### सरकार देती है निवेश धन की सिक्योरिटी की गारंटी

इस केंद्रीय योजना के तहत निवेश किए गए धन की सिक्योरिटी की गारंटी भारत सरकार देती है। इसका संचालन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) करता है। इस स्कीम के तहत कम से कम एक ग्राम सोना खरीदा जा सकता है, वहीं इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स को अधिकतम चार किलोग्राम तक सोना खरीदने की छूट दी गई है। इस स्कीम के तहत हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली (एचयूएफ) और ट्रस्ट अधिकतम 20 किलोग्राम सोना में निवेश कर सकते हैं। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत मैच्योरिटी पीरियड आठ साल है। हालांकि पांच साल पूरा होने के बाद भी निवेशक अपना पैसा निकाल सकते हैं।

## पंजाब सीएम के विशेष मुख्य सचिव बने वरिष्ठ आईएएस वीके सिंह

**चंडीगढ़ ।** सीनियर आईएएस अधिकारी विजॉय कुमार सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री के विशेष मुख्य सचिव के तौर पर पद संभाला। पद संभालने के बाद बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री के विशेष मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की जनहितैषी और विकास प्रमुख नीतियों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाना उनकी प्रमुख प्राथमिकता है। विजॉय कुमार सिंह ने कहा कि इस नेक कार्य के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि राज्य सरकार की स्कीमों का लाभ लोगों को मिलना यकीनी बनाया जाए।



## नहर किनारे मिला अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित डीएसपी का शव

**एजेंसी, जालंधर**

पंजाब के जालंधर में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दलबीर सिंह देओल नव वर्ष के पहले दिन सोमवार को रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए। स्थानीय गुलाब देवी रोड पर एक नहर के किनारे उनका शव बरामद हुआ, जिस पर चोटों के निशान थे।

रविवार रात नए साल का जश्न मनाने गए 54 वर्षीय दलबीर सिंह देओल के घर न लौटने पर परिवार ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। देओल जालंधर में (पीएपी) मुख्यालय में तैनात थे।

### हत्या की आशंका

पुलिस को आशंका है कि देओल की हत्या हुई है, क्योंकि 16 दिसंबर को उसने जालंधर के बस्ती इब्राहिम खान गांव के निवासियों के साथ झगड़े के बाद नशे की हालत में गोलीबारी की थी, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से शराब पीने पर आपत्ति जताई थी। मामले में देओल को हिरासत में लिया गया था, लेकिन अगले दिन रिहा कर दिया था। क्योंकि दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। घटनास्थल के वायरल वीडियो में डीएसपी और सरपंच को निवासियों के साथ बहस करते हुए और देयोल को अपना हथियार लहराते हुए दिखाया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि डीएसपी ने चार राउंड फायरिंग भी की की।

## मारुति की बिक्री में गिरावट दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) की बिक्री में पिछले महीने गिरावट दर्ज हुई है। कंपनी की दिसंबर, 2023 में कुल बिक्री 1.28 फीसदी घटकर 1,37,551 इकाई रह गई।

इससे पिछले साल दिसंबर, 2022 में कंपनी ने 1,39,347 इकाइयों की बिक्री की थी। मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि दिसंबर, 2023 में कुल बिक्री 1.28 फीसदी घटकर 1,37,551 इकाई रही है। कंपनी के मुताबिक, दिसंबर 2023 में उसका निर्यात बढ़कर 26,884 हो गया, जो दिसंबर 2022 में 21,796 इकाई था। कंपनी ने बताया कि यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों और तीसरे पक्ष की आपूर्ति सहित दिसंबर में कुल घरेलू बिक्री 5.86 फीसदी घटकर 1,10,667 इकाई रही, जबकि दिसंबर, 2022 में यह 1,17,551 इकाई रही थी।

## सर्राफा बाजार में सुस्ती, सोना-चांदी में मामूली गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**साल** के पहले दिन देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सुस्ती नजर आ रही है। चेन्नई को छोड़कर देश के सभी सर्राफा बाजारों में कारोबारी सोना (24 कैरेट) 64 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे गिर कर कारोबार करता नजर आ रहा है।

हालांकि, जेवराती सोना (22 कैरेट) 58,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर बना हुआ है। इसी तरह चांदी के भाव में भी गिरावट आई है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी 78,300 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंच कर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को 24 कैरेट सोना 63,970 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 58,700 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,870 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,550 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 64,470 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 59,100 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 63,920 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 58,600 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।



## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(02 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत** 2080, **शक संवत** 1945 (शोभकृत), **मास** पौष, **शुभ मुहूर्त** अभीजित 12:04 - 12:45 दोपहर तक, **तिथि** षष्ठी 05:13 शाम तक, **नक्षत्र** पूर्वा फाल्गुनी 11:42 सुबह, **पक्ष** कृष्ण , **राहुकाल** 03:00 - 04:18 तक

### विशेष दिन

1954 को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न की शुरुआत

सूर्योदय : 07 :14
सूर्यास्त : 05 :36

**मेष :** आज अप्रत्याशित रूप से काफी खर्च हो सकता है। आप कोई ऐसी चीज खरीद सकते हैं, जिसकी आपको जरूरत नहीं है। ज्यादा तनाव महसूस कर रहे हैं, तो बच्चों के साथ अधिक समय बिताएं।

**वृषभ :** आपको आज नई वित्तीय योजनाएं पता चलेंगी। आप सोच समझकर कोई फैसला लें तो उसे कार्यान्वित करने में हिचकिचाएं नहीं। आज आपकी प्रेमी के साथ अनबन हो सकती है।

**मिथुन :** आज समय अनुकूल हैं। थोड़ी सी मेहनत से पूरा फल मिलने की संभावना हैं। आज परिजनों का सहयोग मिलेगा और घर में शांति का माहौल रहेगा। आपके वैवाहिक जीवन के लिए यह कठिन समय है।

**कर्क :** आपका अंतर्मन में झांकने का बहुत अच्छा समय है। आपको इसका उपयोग अपनी कमियां दूर करने के लिए करना चाहिए। धन लाभ होगा। जीवनसाथी से उम्मीदें रखना आपको वैवाहिक जीवन में उदासी की तरफ ले जा सकता है।

**सिंह:** आज आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। पुरानी बातों में उलझने के बजाय बदलाव पर फोकस करें। आप की सक्रियता बनी रहेगी। बेहतर होगा कि आप जिनके साथ रहते हैं उनके साथ विवाद की बजाय दूर ही रहें।

**कन्या :** आज का दिन भावनात्मक रहेगा। आपको अंतर्मन की भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति भी आ सकती है। घरेलू काम थका देने वाला होगा।

**तुला:** आपको भावनात्मक संतुष्टि मिलेगी। कोई करीबी भावनाओ में बहकर बात करेगा, लेकिन आपको जमीन से जुड़े रहकर उपयुक्त प्रतिक्रिया देनी है। शारीरिक कष्ट कम होगा। स्वास्थ्य में सुधार के योग हैं।

**वृश्चिक:** आज अकेलापन खत्म हो सकता हैं और रिश्तों में मजबूती आएगी। आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। क्रोध न करें और मन को शांत रखें। परिवार के साथ बाहर घूमने का प्लान बना सकते हैं।

**धनु:** आज आप खुद को उलझन में फंसा हुआ महसूस करेंगे। शिक्षार्थियों के लिए दिन अच्छा है। आज रोमांस आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा। बेकार की बातों और झगड़ों से बचें।

**मकर:** आज कही घूमने का प्लान बना सकते हैं। बेकार की बातों में बहस न करें। आपके वरिष्ठ अधिकारी आप पर नजर रखे हुए हैं, इसीलिए अधिक मेहनत करें। कुछ अनपेक्षित निजी मुद्दे आपके सामने आ सकते हैं।

**कुंभ :** आज आप अपने प्रति ईमानदार रहें, क्योंकि इसी से आप हरेक स्थिति में खुश रह पाएंगे। परिवार में किसी सदस्य की तबीयत बिगड़ सकती है। केवल दूसरों की परवाह करने के लिए अपनी इच्छाओं का बलिदान न करें।

**मीन :** आप आज कल्पनात्मक रहेंगे। कार्यस्थल की ओर से किसी अन्य स्थान की यात्रा का मौका मिल सकता है। आपकी रोमांटिक प्रवृति उजागर होगी। अपने आपको थोड़ी ढील देने का दिन है, लेकिन काम में व्यवहारिकता दिखानी होगी।

## खजाना

### 1.60 लाख करोड़ से अधिक संग्रह, अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में 12 फीसदी की हुई थी वृद्धि

# लगातार सातवें महीने में जीएसटी में 10 फीसदी उछाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है। दिसंबर में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह सालाना आधार पर 10 फीसदी बढ़ कर करीब 1.64 लाख करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान अवधि में यह 1.49 लाख करोड़ रुपए रहा था। लगातार सातवें महीने जीएसटी राजस्व संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है।

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि दिसंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह सलाना आधार पर 10 फीसदी बढ़कर करीब 1.64 लाख करोड़ रुपए रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपए रहा था। हालांकि, नवंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था। यह लगातार सातवां महीना है, जिसमें 1.60 लाख करोड़ रुपए से अधिक का जीएसटी राजस्व संग्रह हुआ है। मंत्रालय के मुताबिक, अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 12 फीसदी की मजबूत वृद्धि के साथ 14.97 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 13.40 लाख करोड़ रुपए रहा था।

### नौ महीने की अवधि में 1.66 लाख करोड़ मिला राजस्व



इस तरह चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने की अवधि में औसत मासिक जीएसटी राजस्व संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में दर्ज 1.49 लाख करोड़ रुपए के औसत जीएसटी संग्रह से 12 फीसदी अधिक है। मंत्रालय के मुताबिक, दिसंबर में सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 1,64,882 करोड़ रुपए में से सीजीएसटी 30,443 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 37,935 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 84,255 करोड़ रुपए (माल के आयात पर एकत्रित 41,534 करोड़ रुपए सहित) है। इसके अलावा उपकर के रूप में 12,249 करोड़ रुपए (माल के आयात पर एकत्रित 1,079 करोड़ रुपए सहित) का संग्रह हुआ है।

### एटीएफ की कीमत में चार फीसदी की कटौती, नई दरें लागू

नई दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने नव वर्ष 2024 के पहले दिन सोमवार को विमान टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत में चार फीसदी की कटौती की है। ये लगातार तीसरा महीना है, जब एटीएफ के दाम कम हुए हैं। नई दरें आज से लागू हो गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की जारी अधिसूचना के मुताबिक, एटीएफ के दाम में 4,162.5 रुपए यानी 3.9 फीसदी की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद राजधानी दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 1,01,993.17 रुपए प्रति किलोलीटर हो गई है। एटीएफकी कीमत में लगातार तीसरी बार कटौती की गई है। इससे पहले दिसंबर, 2023 में एटीएफकी कीमत में 5,189.25 यानी 4.6 फीसदी की कटौती की गई थी, जबकि नवंबर में एटीएफके दाम में लगभग छह फीसदी (6,854.25 रुपये प्रति किलोलीटर) की कटौती की गई थी। दरअसल, किसी एयरलाइंस की परिचालन लागत में एटीएफका हिस्सा करीब 40 फीसदी बैठता है। ऐसे में विमान ईंधन के दाम में कटौती होने से वित्तीय रूप से दबाव झेल रही विमानन कंपनियों को राहत मिलेगी।

# डेविड वार्नर ने टेस्ट के बाद वनडे से भी लिया संन्यास

**डेविड वार्नर**

| वनडे मैच | टेस्ट मैच |
|---|---|
| 161 | 111 |
| औसत | औसत |
| 45.30 | 44.58 |
| रन | रन |
| 6932 | 8695 |
| शतक | शतक |
| 22 | 26 |
| अर्धशतक | अर्धशतक |
| 33 | 36 |



"मैं आज इन प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला कर रहा हूं, जिससे मुझे दुनिया भर के अन्य लीग में खेलने का भी मौका मिलेगा। मैं जानता हूं कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन जल्द होगा। इन दो वर्षों में अगर मैं अच्छी क्रिकेट खेलता रहा और उन्हें मेरी जरूरत महसूस होती है तो मैं चयन के लिए उपलब्ध रहूंगा।

- ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलना जारी रखेंगे टी-20 क्रिकेट
- 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में किया था वनडे करियर का आगाज
- विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से बनाए थे सर्वाधिक रन

**एजेंसी, सिडनी**

**दिग्गज** बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भी संन्यास लेने की घोषणा की, लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी-20 क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे।

इस 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने हालांकि स्पष्ट किया है कि अगर 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम को उनकी जरूरत पड़ती है तो वह चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले वार्नर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलिया का नवंबर में भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल उनका 50 ओवर के प्रारूप में आखिरी मैच था।

वार्नर ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं निश्चित रूप से एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। यह कुछ ऐसा था, जो मैंने (50 ओवर के) विश्व कप (2023 में भारत में) के दौरान कहा था कि भारत में जीत दर्ज करो। यह वास्तव में बहुत बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि इसलिए मैं आज इन प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला कर रहा हूं, जिससे मुझे दुनिया भर के अन्य लीग में खेलने का भी मौका मिलेगा। मैं जानता हूं कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन जल्द होगा। इन दो वर्षों में अगर मैं अच्छी क्रिकेट खेलता रहा और उन्हें मेरी जरूरत महसूस होती है तो मैं चयन के लिए उपलब्ध रहूंगा।

दुनिया के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक वार्नर के नाम पर वनडे विश्व कप के दो खिताब दर्ज हैं, जिनमें विश्व कप 2023 में भारत के खिलाफ फाइनल की जीत भी शामिल है। इस टूर्नामेंट में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वार्नर ने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में अपने वनडे करियर का आगाज किया था। उन्होंने अपने करियर में 161 वनडे मैच खेले, जिनमें 45.30 की औसत से 6932 रन बनाए। उनके नाम पर इस प्रारूप में 22 शतक और 33 अर्धशतक भी दर्ज हैं। वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह रिकी पोंटिंग के बाद दूसरे स्थान पर हैं। पोंटिंग ने वार्नर की तुलना में 205 पारियां अधिक खेली। वार्नर ने अभी तक 111 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें उनके नाम पर 44.58 की औसत से 8695 रन दर्ज हैं। उनके नाम पर टेस्ट क्रिकेट में 26 शतक और 36 अर्धशतक दर्ज हैं।

वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी-20 क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्व कप में उन्हें अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

वार्नर इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेल रहे हैं तथा टेस्ट और वनडे से संन्यास लेने के बाद उनका विश्व भर की टी-20 लीग में खेलने की संभावना है।

## न्यूज ब्रीफ

### नीरज चोपड़ा के बाद किशोर जेना और डीपी मनु एआईयू के आरटीपी में शामिल

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना और डीपी मनु को भी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ वैश्विक ट्रैक एवं फील्ड की डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल कर दिया गया है। मौजूदा विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले कुछ समय से आरटीपी में शामिल हैं, लेकिन जेना और मनु को पहली बार इसमें शामिल किया गया है, जिससे भाला फेंक में विश्व स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे का पता चलता है। जेना हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व चैंपियनशिप 2023 में पांचवें, जबकि मनु छठे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। भारत के तीन खिलाड़ियों का शीर्ष छह में शामिल होना अपने आप में एक रिकॉर्ड है। भारत के अब सात खिलाड़ी एआईयू के आरटीपी में शामिल हो गए हैं। 3000 मीटर स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, महिला भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी और लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर और जेसविन एल्ड्रिन इस सूची में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं। आरटीपी में शामिल खिलाड़ियों को प्रत्येक तिमाही में अपने ठहरने के स्थान की जानकारी देनी होती है। इसमें घर का पता, ईमेल, फोन नंबर, अभ्यास स्थल, प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम और उनका आयोजन स्थल शामिल है।

### हम ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ जल्द से जल्द रोकने का प्रयास करेंगे : दीप्ति शर्मा

**मुंबई।** भारतीय महिला टीम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पिछले 16 साल से ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान पर नहीं हरा पाई है, लेकिन ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी के विजय अभियान पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया से लगातार नौ वनडे मैच गंवाए हैं, जिनमें वर्तमान श्रृंखला के पहले दो मैच भी शामिल है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को वनडे में आखिरी बार अपने मैदान पर 23 फरवरी, 2007 को चेन्नई में हराया था। दीप्ति ने तीसरे और अंतिम वनडे मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन एक टीम के रूप में हमने काफी सुधार किया है, फिर चाहे वह गेंदबाजी हो या बल्लेबाजी। हम जल्द से जल्द उनका विजय अभियान थामने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी टीम में बहुत सुधार हुआ है। इससे पहले जब भी हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते थे, तो मैच इतने करीबी नहीं होते थे। पिछले मैच में यह हमारे लिए सकारात्मक पहलू रहा कि हम मैच को आखिर तक ले गए। दीप्ति ने कहा कि टीम पिछले मैच के सकारात्मक पहलुओं के साथ अगले मैच में उतरेगी। उन्होंने कहा कि हमने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया।

### भारत के खिलाफ दबदबा हमारे प्रदर्शन में निरंतरता का साक्ष्य : अनाबेल

**मुंबई।** भारत के खिलाफ सीरीज में 3-0 से सूपड़ा साफ करने का इरादा रखने वाली ऑलराउंडर अनाबेल सदरलैंड ने सोमवार को यहां कहा कि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के खिलाफ दबदबा उनकी टीम के प्रदर्शन में निरंतरता का साक्ष्य है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ 52 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में से 42 में जीत दर्ज की है और तीन मैच की मौजूदा एकदिवसीय सीरीज में 2-0 की विजयी बढ़त बना चुका है।
अनाबेल ने स्पष्ट किया कि ऑस्ट्रेलिया डीवाई पाटिल स्टेडियम में पांच जनवरी से शुरू हो रही तीन मैच की टी-20 सीरीज से पहले मंगलवार को तीसरे एकदिवसीय में भी मेजबान टीम को हराना चाहता है।

### भारत में शीर्ष फुटबाल लीगों में रैफरिंग में जवाबदेही की जरूरत

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने सोमवार को आईएसएल और आईलीग में रैफरिंग के स्तर पर बरसते हुए कहा कि जवाबदेही की सख्त जरूरत है। चौबे ने रविवार को एक वर्चुअल बैठक में रैफरिंग का स्तर बेहतर करने के तरीकों पर बात की । रैफरिंग से जुड़े मसलों पर चिंता जताते हुए चौबे ने कहा कि इससे जुड़े लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए। आईएसएल के सात मैचों में 24 और आई लीग में चार मैचों में विवादित फैसले देखने को मिले। चौबे ने कहा कि इस सत्र में रैफरी के फैसलों को लेकर काफी चिंताएं जताई गई हैं। क्लबों ने अपने दावों की पुष्टि के लिए वीडियो साक्ष्य जमा किए हैं। रैफरियों की गलती से कई मैच प्रभावित हुए और अब इसमें जवाबदेही तय होनी चाहिए ।

# कोहली ने नेट सत्र में जमकर पसीना बहाया

## अय्यर ने किया शॉर्ट गेंदबाजी का सामना



**एजेंसी, केपटाउन**

**भारत** के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर की शैली की गेंदबाजी का सामना करते हुए काफी आश्वस्त दिखे, जबकि सोमवार को यहां नेट्स पर शॉर्ट गेंद के खिलाफ श्रेयस अय्यर एक बार फिर मुश्किल में नजर आए।

नए साल के दिन कोहली ने नेट सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया और लगभग एक घंटे तक अभ्यास किया। नेट पर गेंदबाजों का सामना करने के बाद कोहली ने लगभग 20 से 25 मिनट तक थ्रोडाउन का सामना किया।

कोहली को नेट्स पर विशेष तरह का अभ्यास करने के उद्देश्य के साथ उतरने के लिए जाना जाता है और सोमवार को वह बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी के खिलाफ बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे थे। भारतीय टीम में बाएं हाथ का कोई तेज गेंदबाज नहीं है, इसलिए एक नेट गेंदबाज को बुलाया गया और कोहली ने उसकी 25 से 30 गेंदों का सामना किया, जबकि बीच में उन्होंने जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, रविचंद्रन अश्विन और आवेश खान के खिलाफ भी अभ्यास किया। शॉर्ट गेंद के खिलाफ अय्यर की कमजोरी जगजाहिर है। सेंचुरियन टेस्ट में उछाल लेती गेंदों के खिलाफ एक बार फिर उनकी कमियां उजागर हुईं।

कमर से थोड़ी ऊपर आती गेंदों का सामना करते समय अय्यर मुश्किल में नजर आते हैं। ट्रेनिंग सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते समय वह असहज दिख रहे थे और जब श्रीलंका के बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनाविरत्ने ने 18 गज की दूरी से गेंद फेंकी तो अय्यर ने पुल करने की कोशिश में देर से प्रतिक्रिया की और गेंद उनके पेट में लगी।

### स्टीव वॉ टेस्ट क्रिकेट को तवज्जो न देने पर नाराज

# आईसीसी और शीर्ष क्रिकेट बोर्ड को लगाई फटकार



**एजेंसी, सिडनी**

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता नहीं देने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सहित दुनिया के शीर्ष क्रिकेट बोर्डों की कड़ी आलोचना की है।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपनी टी20 लीग को प्राथमिकता देते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए कमजोर टीम का चयन किया है। उसने नया कप्तान चुना है और उसकी टीम में सात ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। वॉ ने दक्षिण अफ्रीका के इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए अन्य क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी पर भी निशाना साधा।

वॉ ने सिडनी मार्निंग हेराल्ड से कहा,''निश्चित तौर पर उन्हें (टेस्ट क्रिकेट की) कोई परवाह नहीं है। अगर दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्वदेश में रखकर भविष्य के लिए कोई संकेत दे रहा है तो फिर ऐसा होने वाला है।'' उन्होंने कहा,''अगर मैं न्यूजीलैंड की जगह होता तो मैं श्रृंखला में नहीं खेलता। मैं नहीं जानता कि वह क्यों खेल रहे हैं। अगर आप न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रति सम्मान नहीं दिखाते तो फिर खेलने का क्या मतलब।'' वॉ ने कहा,''क्या यह टेस्ट क्रिकेट के समाप्त होने का निर्णायक क्षण है। निश्चित तौर पर आईसीसी तथा भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट बोर्ड को खेल के इस विशुद्ध प्रारूप को बचाने के लिए प्रयास करने चाहिए।

### इतिहास और परंपरा का भी अपना महत्व

**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान ने कहा कि इतिहास और परंपरा भी अपना महत्व रखती हैं। अगर हमने कोई कदम नहीं उठाया और मुनाफा हासिल करने को ही अपना मानदंड माना, तो (सर डॉन) ब्रैडमैन, (डब्ल्यूजी) ग्रेस और (सर गारफील्ड) सोबर्स की विरासत अप्रासंगिक हो जाएगी। यह पहला अवसर नहीं है, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बजाय अपनी घरेलू टी-20 लीग को प्राथमिकता दी। पिछले साल उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए कमजोर टीम का चयन किया था, क्योंकि उसके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी लीग में खेल रहे थे। वॉ ने कहा कि अगर आईसीसी या किसी अन्य ने जल्द ही कोई कदम नहीं उठाया तो टेस्ट क्रिकेट वैसा नहीं रहेगा, जैसा उसे होना चाहिए, क्योंकि आप सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के सामने खुद को नहीं परख रहे हैं।

# पहले मैच में जम्मू और हिमाचल में होगी भिड़ंत

## रणजी ट्रॉफी चैंपियनशिप में सात लीग मैच खेलेगी हिमाचल की टीम

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

**बीसीसीआई** की रणजी ट्राफी-2024 की चैंपियनशिप में हिमाचल की टीम देशभर के विभिन्न राज्यों की टीमों के साथ सात मुकाबले खेलेगी। सीनियर पुरुष टीम के पहले मुकाबले के लिए हिमाचल की टीम का चयन कर लिया गया है। चार दिवसीय रणजी मुकाबलों में पहले मैच में एचपीसीए टीम की कमान अंकित कलशी संभालेंगे। टीम का कैंप धर्मशाला में आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को जम्मू के लिए हिमाचल की टीम रवाना होगी। हिमाचल की टीम का पहला रणजी मुकाबला 5 से 8 जनवरी को जम्मू-कश्मीर की टीम के साथ जम्मू में खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला 12 से 15 को उत्तराखंड के साथ धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। तीसरा मुकाबला 19 से 22 को बड़ौदा के साथ धर्मशाला में, चौथा मुकाबला 26 से 29 को उड़ीसा के साथ कटक में, पाचवां मैच 2 से 5 फरवरी को मध्यप्रदेश के साथ धर्मशाला स्टेडियम, छठा मुकाबला 9 से 12 फरवरी को दिल्ली के साथ धर्मशाला में ही खेला जाएगा। वहीं टूर्नामेंट का अंतिम लीग मुकाबला हिमाचल की टीम 16 से 19 फरवरी को पुडुचेरी के साथ पुडुचेरी के मैदान पर खेला जाएगा।

### रणजी टूर्नामेंट के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम

**अंकित** कलशी (कप्तान) ऊना, एकांत सेन हमीरपुर, प्रशांत चौपड़ा सोलन, अमित कुमार ऊना, सुमित वर्मा शिमला, निखिल गांगटा शिमला, अक्ष विशिष्ठ कांगड़ा, ऋषि धवन मंडी, अंकुश बैंस ऊना, मंयक डागर शिमला, गुरविंद्र सिंह सिरमौर, अभिनव अरोड़ा किन्नौर, अर्पित गुलेरिया कांगड़ा, विनय गुलेटिया हमीरपुर, अविकेश कांगड़ा, शुभम अरोड़ा हमीरपुर व नवीन कंवर शिमला को शामिल किया गया है। टीम में राजीव कुमार कोच, असीम नारंग अस्सिटैंट कोच व विक्रमजीत मलिक गेंदबाजी के कोच के रूप में शामिल रहेंगे।



# शानदार तकनीक रबाड़ा को बनाती है विशेष गेंदबाज : डोनाल्ड

## साक्षात्कार में बोले- पूर्व तेज गेंदबाज और अब दक्षिण अफ्रीका के कोच

**एजेंसी, केपटाउन**


**पूर्व** महान तेज गेंदबाज एलेन डोनाल्ड का मानना है कि कागिसो रबाड़ा की भूख और गेंद को फेंकने की उनकी बेजोड़ तकनीक उन्हें दक्षिण अफ्रीका का आधुनिक युग का महान गेंदबाज बनाती है। रबाड़ा क्यों विशेष गेंदबाज हैं, इसके बारे में विस्तार से बताते हुए डोनाल्ड ने कहा कि रबाड़ा का कूल्हा भाला फेंक के खिलाड़ी की तरह घूमता है, जिससे उन्हें अतिरिक्त गति मिलती है। डोनाल्ड ने कहा कि रबादा की गेंदबाजी शैली अतीत के महान गेंदबाजों की तरह है। दक्षिण अफ्रीका के लिए 61 मैच खेलने वाले 28 साल के रबादा 300 टेस्ट विकेट के आंकड़े से सिर्फ 13 विकेट दूर हैं। पूर्व तेज गेंदबाज और अब कोच डोनाल्ड ने साक्षात्कार में कहा कि कौशल एक चीज है, लेकिन उसमें गेंद को बल्लेबाज से दूर ले जाने की शानदार क्षमता है। उसने पहले टेस्ट मैच में बेहतरीन गेंदों पर कुछ शानदार विकेट हासिल किए।

डोनाल्ड ने कहा कि उसे गेंदबाजी करते हुए देखना हमेशा की तरह शानदार था। मुझे लगता है कि सफलता के लिए उसकी प्यास प्रदर्शन में निरंतरता को प्रेरित करती है। जिस किसी को भी सफलता मिलती है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह कौन सा खेल खेलता है, उसकी सफलता का मूल्यांकन उसके प्रदर्शन की निरंतरता से किया जाता है।

'व्हाइट लाइटनिंग' के नाम से मशहूर डोनाल्ड ने कहा कि तेज गेंदबाजी करने के लिए कूल्हे और कंधे का सुचारू मूवमेंट जरूरी होता है और रबाड़ा इस मामले में तकनीकी रूप से बाकियों से काफी आगे हैं। उन्होंने कहा कि सभी अच्छे तेज गेंदबाजों के कूल्हे और कंधे का घुमाव शानदार होता है और यदि आप उसे तकनीकी रूप से देखें तो वह हवा में बेहतरीन स्थिति में आ जाता है। डोनाल्ड ने कहा कि कर्टली एम्ब्रोस, कर्टनी वॉल्श, इयान बिशप, माइकल होल्डिंग जैसे अन्य महान खिलाड़ियों को देखें, ये सभी जब गेंदबाजी के लिए छलांग लगाते थे, तो उन्हें गेंद को तेज गति से फेंकने के लिए काफी समय मिलता था।

**यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट** | एकल मैच में झांग झिझेन को दी शिकस्त, झेंग ने डेनिलोविच को हराकर चीन को दिलाई थी बराबरी

# जोकोविच ने दिलाई सर्बिया को चीन पर दो-एक से जीत



**एजेंसी, पर्थ (ऑस्ट्रेलिया)**

**नोवाक** जोकोविच ने पर्थ में एक दशक के बाद पहला मैच खेलते हुए यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट में सर्बिया को चीन पर 2-1 से जीत दिलाई।

जोकोविच ने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के इस शहर में इससे पहले अपना अंतिम मैच 2013 में होपमैन कप में खेला था।

जोकोविच ने एकल मैच में झांग झिझेन को 6-3, 6-2 से हराया और फिर ओल्गा डेनिलोविच के साथ मिलकर निर्णायक मिश्रित युगल में झेंग क्विनवेन और झांग के खिलाफ 6-4, 1-6, 10-6 से जीत दर्ज की। झेंग ने इस बीच डेनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराकर चीन को बराबरी दिलाई थी। चीन ने अपने पहले मुकाबले में चेक गणराज्य को 3-0 से हराया था, लेकिन अब सर्बिया भी ग्रुप ई से आगे बढ़ने की दौड़ में शामिल हो गया है।

## नाओमी ओसाका ने जीत के साथ वापसी की



**एजेंसी, ब्रिस्बेन**

**विश्व** की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने मां बनने के बाद टेनिस कोर्ट पर सफल वापसी करते हुए ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत दर्ज की।

जर्मनी की तमारा कोरपात्श के खिलाफ ओसाका दूसरे सेट में 5-3 पर मैच के लिए सर्विस कर रही थी, लेकिन उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी। यह सेट आखिर में टाइब्रेकर तक खिंचा, जिसमें ओसाका ने 6-3, 7-6 (9) ने जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन की पूर्व विजेता ओसाका गर्भवती होने के कारण पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई थी। जुलाई में उन्होंने बिटिया को जन्म दिया था। ओसाका ने मैच के बाद कहा कि पूरे मैच के दौरान में वास्तव में काफी नर्वस थी। मैं सभी दर्शकों का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने मेरा हौसला बढ़ाया।

# पोलैंड यूनाइटेड कप के क्वार्टर फाइनल में नार्वे ने क्रोएशिया को किया चित

**एजेंसी, सिडनी**

**विश्व** की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने दबाव में अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए पोलैंड को सोमवार को यहां स्पेन पर 2-1 से जीत दिलाकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह दिलाई।

एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने ह्यूबर्ट हर्काज को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर स्पेन को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। इसके बाद स्वियातेक ने महिला एकल में सारा सोरिबेस टोर्मो को 6-2, 6-1 से पराजित करके मुकाबला बराबरी पर ला दिया। स्वियातेक और हर्काज इसके बाद मिश्रित युगल में 6-0, 6-0 से आसान जीत दर्ज करके पोलैंड की अंतिम आठ में जगह सुरक्षित की। इस बीच कैस्पर रूड ने क्रोएशिया के खिलाफ एकल और मिश्रित युगल में जीत दर्ज करके नॉर्वे की क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा। डोना वेकिच ने मैलेन हेल्गो को 7-5, 3-6, 6-3 से हराकर क्रोएशिया को 1-0 की बढ़त दिला दी। रूड ने फिर बोर्ना कोरिच को 6-4, 6-1 से हराकर मुकाबले को निर्णायक मिश्रित युगल मैच में पहुंचा दिया, जिसे नॉर्वे ने टाइब्रेकर में जीता।

# मोढेरा मंदिर में सूर्य नमस्कार का बना वर्ल्ड रिकॉर्ड



**अहमदाबाद।** नए साल 2024 की पहली सुबह गुजरात के महेसाणा में स्थित मोढेरा सूर्य मंदिर में सूर्य नमस्कार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। कार्यक्रम में 4000 लोगों ने 108 स्थानों पर एक साथ सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृह मंत्री हर्ष सांघवी भी मौजूद रहे। मोढेरा सूर्य मंदिर में गुजरात के गृह मंत्री

## 4000 लोगों ने 108 स्थानों पर एक साथ किया सूर्य नमस्कार

हर्ष सांघवी ने कहा कि आज 4000 से अधिक लोगों ने सूर्य नमस्कार में हिस्सा लिया। योग को दुनिया भर में अपनाया जा रहा है। आज गुजरात ने सबसे ज्यादा लोगों के एक साथ सूर्य नमस्कार करने का नया रिकॉर्ड बनाया है। हर्ष सांघवी ने कहा कि जहां दुनिया परंपरागत रूप से 31 तारीख की आधी रात का जश्न मनाती है, वहीं गुजरात के युवा एक अनोखी परंपरा के साथ नए साल की शुरुआत करते हैं और सूर्य नमस्कार के साथ सूर्योदय का स्वागत करते हैं। यह प्रतीकात्मक इशारा न केवल ऊर्जा का संचार करता है बल्कि एक स्वस्थ, अधिक जीवंत जीवन के प्रति प्रतिबद्धता को भी बढ़ावा देता है।

## राहतः कमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** नए साल-2024 के पहले दिन कमर्शियल गैस सिलेंडर के मूल्य में कटौती की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं विपणन कंपनियों ने बड़ी राहत देते हुए 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 1.50 रुपए से लेकर 4.50 रुपए तक कटौती की है। नई दरें आज (सोमवार) से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की वेबसाइट के मुताबिक, अब दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर की कीमत 1.50 रुपए घटकर 1755.50 रुपए हो गई है। मुंबई में इसका दाम 1.50 रुपए सस्ता होकर 1708.50 रुपए हो गया है।

### बालिका सैनिक स्कूल के उद्घाटन अवसर पर बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

# नारी शक्ति को भी देश की सुरक्षा का अधिकार

**एजेंसी, मथुरा**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को वात्सल्य ग्राम वृंदावन में समविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, योग गुरु बाबा रामदेव और साध्वी ऋतंभरा प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने कहा कि साधु-संतों ने मानव जाति को सुसंस्कृत बनाने के लिए दुर्गम यात्राएं की। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, जब हमारी सरकार ने, सैनिक स्कूल में बालिकाओं के दाखिले को मंजूरी दी तो वह समय नारी उत्थान के इतिहास के स्वर्णिम क्षणों में से एक था। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा करने का अधिकार जितना पुरुषों को है, उतना ही इस देश की नारी शक्ति को भी है। आज यहां पर बालिका सैनिक स्कूल की शुरुआत हो रही है। यह बालिका सैनिक स्कूल निश्चित रूप से आसपास के क्षेत्र में सेना में शामिल होने की इच्छा रखने वाली यहां की बालिकाओं के लिए प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करेगा।।



वृंदावन में समविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन करते रक्षामंत्री।

## वर्ल्ड न्यूज

### देश में कोरोना के 636 नए मामले, तीन लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 636 नए मामले सामने आए और तीन लोगों की मृत्यु हुई है। अभी कोरोना के कुल सक्रिय मामले 4,394 हैं। दिल्ली में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन 1 का एक रोगी पाया गया है। इसके चलते अब दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। एलएनजेपी अस्पताल में मरीजों के लिए 20 बेड आरक्षित किए गए हैं। अभी तक अस्पताल में एक भी मरीज की पुष्टि नहीं हुई है। कोरोना के मरीजों के लिए अस्पताल में अलग हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है।

### असम सरकार ने 31 दिसंबर तक 112 कैबिनेट में लिए 1,513 फैसले

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में 31 दिसंबर तक असम सरकार की कुल 112 कैबिनेट बैठकें आयोजित की गई। इन कैबिनेट बैठकों में 1513 फैसले लिए गए। यह जानकारी सोमवार सुबह एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने दी। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर, 2023 तक असम सरकार ने 112 कैबिनेट बैठकें की हैं। इस बैठक में कुल 1,513 फैसले लिए गए हैं। इनमें से 1,370 फैसलों को लागू कर दिया गया है। 2023 में गुवाहाटी के बाहर कुल 4 कैबिनेट बैठकें आयोजित की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने दो साल आठ महीने पूरे कर लिए हैं। इस अवधि के दौरान उनकी सरकार ने गुवाहाटी के बाहर 13 कैबिनेट बैठकें की है। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने अब तक 28 जिलों का दौरा किया है और जिला मुख्यालयों में 31 दिन बिताए हैं।

### भारत और पाकिस्तान ने साझा की परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने आज नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से दोनों देशों के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के खिलाफ हमले को रोकने के समझौते के तहत शामिल परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची का आदान-प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि इस समझौते पर 31 दिसंबर, 1988 को हस्ताक्षर किए गए थे और 27 जनवरी, 1991 को लागू हुआ था। अन्य बातों के साथ-साथ इसमें प्रावधान है कि भारत और पाकिस्तान पहली जनवरी को समझौते के तहत शामिल किए जाने वाले परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के बारे में एक-दूसरे को सूचित करेंगे। यह दोनों देशों के बीच ऐसी सूचियों का लगातार 33वां आदान-प्रदान है। पहला आदान-प्रदान 01 जनवरी, 1992 को हुआ था।

### 92 आतंकियों की तलाश में सुरक्षा एजेंसियां, मारे गए 72

**नई दिल्ली।** जम्मू और कश्मीर में तैनात सुरक्षा एजेंसियों को घाटी में सक्रिय 91 आतंकियों की तलाश है। इन आतंकियों की तलाश में भारतीय सेना, सीआरपीएफ सहित जम्मू और कश्मीर पुलिस की एसओजी लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। वहीं, बीते 60 दिनों की बात करें तो सुरक्षाबलों ने घाटी में 72 आतंकियों को मार गिराया है, जिसमें 22 स्थानीय और 50 विदेशी आतंकी हैं। आतंकियों के मारे जाने की ज्यादातर घटनाएं दक्षिण कश्मीर की हैं।

### सीडीएस अनिल चौहान ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को उपराष्ट्रपति निवास में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी।

### देश में आठ करोड़ 18 लाख आईटीआर हुए फाइल

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि टैक्स असेसमेंट ईयर 2023-24 के लिए अब तक आठ करोड़ 18 लाख से अधिक आयकर रिटर्न जमा किए जा चुके हैं। इससे पहले कर निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए करदाताओं ने कुल 7,51,60,817 आईटीआर जमा किए थे। यानी जितने आईटीआर पिछले पूरे असेसमेंट ईयर (2022-23) में फाइल किए गए थे, उससे ज्यादा आईटीआर तो इस बार साल 2023 खत्म होने से तीन महीने पहले ही फाइल किए जा चुके हैं।

# नए हिट एंड रन कानून का विरोध आठ राज्यों में ड्राइवर्स की हड़ताल

## मध्य प्रदेश में ट्रक खड़े, राजस्थान-छत्तीसगढ़ में नहीं चली प्राइवेट गाड़ियां

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर सात लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है।

इसके विरोध में सोमवार को देश के आठ राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात में बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर रहे। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में बसें नहीं चल रही हैं। राजस्थान में आधा दिन तक प्राइवेट गाड़ियां नहीं चलाई गईं। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ट्रक ड्राइवरों ने सड़क पर वाहन खड़े कर टायरों में आग लगा दी। इसके चलते रास्ता जाम हो गया है। बिहार की राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में प्रदर्शन हो रहा है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया है। संगठन ने चक्काजाम का आह्वान किया। इसके बाद से देशभर में हड़ताल शुरू हो गई है। अब अगली बैठक 10 जनवरी को होगी। इसमें फैसला लिया जाएगा कि अगर सरकार उनकी मांगे नहीं मानती, तो किस तरह से सरकार के सामने अपना पक्ष रखा जाए। नए प्रावधान को लेकर अपनी चिंता जाहिर करते हुए यूनियन के अध्यक्ष अमृत मदान ने कहा कि हिट एंड रन के मामलों में कड़े कदम उठाने की जरूरत जरूर है। इस नए कानून के पीछे सरकार का इरादा अच्छा है, लेकिन प्रस्तावित कानून में कई खामियां हैं। इन पर दोबारा सोचने की जरूरत है।

### हड़ताल से जरूरी चीजों के दाम बढ़ेंगे

इस हड़ताल का आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिलेगा। ट्रकों की हड़ताल होने से दूध, सब्जी और फलों की आवक नहीं होगी और कीमतों पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। वहीं, पेट्रोल-डीजल की सप्लाई रुक जाएगी, जिससे लोकल ट्रांसपोर्ट और आम लोगों को आवाजाही में दिक्कत होगी। हड़ताल के कारण ट्रकों के रुकने से जरूरी चीजों की किल्लत हो सकती है। मध्यप्रदेश में बस ड्राइवर हड़ताल पर हैं। अधिकतर जिलों में बसों के पहिए थमे हुए हैं।

### बिहार में ट्रक ड्राइवर्स बोले- 10 हजार कमाते हैं, सात लाख कहां से देंगे

बिहार में भी ट्रक ड्राइवर्स प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन में शामिल ट्रक ड्राइवर मुन्ना ने बताया कि 10 हजार रुपए की तनख्वाह मिलती है। ऐसे में नए कानून के मुताबिक कहां से जमानत के लिए 7 लाख रुपए लाएंगे। 9-10 हजार की तनख्वाह मिलती है। दूसरी जिल्लत भरी जिंदगी है हम लोगों की।




# नए साल की पहली सुबह हमास ने इसराइल पर दागे 20 रॉकेट



**एजेंसी, तेल अवीव**

गाजा पट्टी पर छिड़े इसराइल-हमास युद्ध पर विराम के कोई आसार फिलहाल नजर नहीं आ रहे। इस बीच, सोमवार सुबह फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के आतंकवादियों ने इसराइल पर करीब 20 रॉकेट दागे। इस हवाई आक्रमण में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इसराइल के अनुसार, हमास ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। हमास ने टेलीग्राम पोस्ट में कहा है कि उसकी अल-कसम ब्रिगेड जायोनी नरसंहार के जवाब में तेल अवीव शहर और उसके बाहरी इलाके में एम90 रॉकेटों से बमबारी कर रही है। इस युद्ध की शुरुआत पिछले साल सात अक्तूबर को हुई थी। हमास के सैकड़ों आतंकवादियों ने इजराइल में घुसकर नरसंहार करने के बाद 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था। इस दौरान लगभग 1200 इसराइली मारे गए थे। इसके प्रतिशोध में इजराइल ने गाजा पट्टी में ताबड़तोड़ हमले शुरू किए। सोमवार को युद्ध का 87वां दिन है। इस युद्ध में अब तक लगभग 21,822 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इनमें हमास के खूंखार कमांडर भी शामिल हैं। हमास के खिलाफ इसराइल की जमीनी और हवाई कार्रवाई जारी है।

### इसराइल-हमास युद्ध पर विराम के कोई आसार फिलहाल नजर नहीं आ रहे

# हाथ से फिसल रही चीन की इकॉनमी राष्ट्रपति जिनपिंग ने भी आखिर माना

## नए साल की पूर्व संध्या पर बोले-देश में कंपनियों को संघर्ष करना पड़ रहा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी चीन पिछले कुछ समय से आर्थिक मोर्चे पर दिक्कतों का सामना कर रही है लेकिन वहां की सरकार इसे मानने को तैयार नहीं थी। अब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी मान लिया है कि उनके देश में सब कुछ ठीक नहीं है। नए साल की पूर्व संध्या पर उन्होंने कहा कि देश में कंपनियों को संघर्ष करना पड़ रहा है और लोगों को नौकरी नहीं मिल पा रही है। यह पहला मौका है जब चीनी राष्ट्रपति ने इस बात को सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है। चीन की इकॉनमी कमजोर मांग, बढ़ती बेरोजगारी और रियल एस्टेट संकट से जूझ रही है। विदेशी कंपनियां और निवेशक भी उससे मुंह मोड़ रहे हैं।

शी ने कहा कि कुछ कंपनियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। कुछ लोगों को नौकरी मिलने और अपना गुजारा करने में मुश्किल हो रही है। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि ये सब बातें उनके ध्यान में हैं और सरकार इकनॉमिक रिकवरी को तेज करने की दिशा में काम करेगी। शी के भाषण से कुछ घंटे पहले नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स ने पीएमआई सर्वे जारी किया। इसके मुताबिक देश में फैक्ट्री एक्टिविटी दिसंबर में गिरकर छह महीने के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। पिछले महीने आधिकारिक मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई 49 पर आ गया जो नवंबर में 49.4 था। 50 से ऊपर इसका विस्तार माना जाता है जबकि उससे नीचे गिरावट मानी जाती है। दिसंबर में लगातार तीसरे महीने इसमें गिरावट आई है।

चीन की इकॉनमी को इस साल कई तरह की दिक्कतों के सामना करना पड़ रहा है। देश का रियल एस्टेट सेक्टर गंभीर संकट से जूझ रहा है। देश की इकॉनमी में इसकी एक तिहाई हिस्सेदारी है। धीरे-धीरे इसने दूसरे सेक्टर्स को भी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। साथ ही देश में बेरोजगारी दर चरम पर है, डिफ्लेशन की स्थिति है और स्थानीय सरकारों पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। सरकार ने ग्रोथ और रोजगार को पटरी पर लाने के लिए कई उपाय किए हैं लेकिन अब तक उनका कोई नतीजा नहीं दिखा है। राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर विदेशी कंपनियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इस कारण कई कंपनियों ने चीन से बोरिया बिस्तर समेटना शुरू कर दिया है। अमेरिका के साथ तनाव भी चरम पर है। पिछले साल दुनिया के अधिकांश देशों में शेयर बाजारों में तेजी रही लेकिन चीन में गिरावट आई।

# तृप्ति डिमरी ने शेयर किया सरप्राइज वीडियो, फैंस को भा गई पहाड़ी गर्ल

**एजेंसी, मुंबई**



साल 2024 की शुरुआत हो चुकी है और लोग नए साल का जश्न मना रहे हैं। दिसंबर में रणबीर कपूर ने बॉलीवुड को फिल्म 'एनिमल' के जरिए सौगात दी। संदीप रेडी वांगा की इस फिल्म को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। फिल्म में यूं तो लीड एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना थीं लेकिन 'भाभी 2' यानी तृप्ति डिमरी ने खूब सुर्खियां बटोरीं। हाल ही न्यू ईयर के मौके पर तृप्ति ने सोशल मीडिया पर एक सरप्राइज वीडिया शेयर किया, जो अब वायरल हो रहा है। वीडियो में तृप्ति ने बीते साल की अपनी खास जर्नी को शेयर किया है। वीडियो में शूटिंग लोकेशंस, मेकअप से लेकर पहाड़ों पर परिवार संग मस्ती को शामिल किया गया है। एक मिनट के इस वीडियो में तृप्ति के अलग अलग रंग नजर आ रहे हैं। 'भाभी 2' यानी तृप्ति का दिलकश अंदाज फैंस को काफी भा रहा है। वीडियो को देख एक यूजर का कहना था, 'हमारा न्यू ईयर तो दिसंबर से शुरू हो गया था।' एक फैन ने लिखा, 'क्यूटेस्ट गर्ल' वहीं, एक यूजर ने लिखा, 'फाइनली आपने लंबे इंतजार के बाद कुछ पोस्ट किया।'

### यूं बढ़ा करियर ग्राफ

तृप्ति के फिल्मी करियर की बात करें तो उन्होंने करियर की शुरुआत 2017 में रिलीज हुई 'मॉम' से की थी। श्रीदेवी स्टारर इस फिल्म में तृप्ति बेहद छोटे से रोल में थीं। इसके बाद वह बॉबी देओल, सनी देओल और श्रेयस तलपड़े स्टारर 'पोस्टर बॉयज' में नजर आईं। लेकिन, तृप्ति को पहचान मिली इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी 'लैला-मजनू' से, जिसमें वो लीड रोल में दिखाई दीं। हालांकि, जिस फिल्म ने उन्हें सबसे ज्यादा लोकप्रियता दिलाई, वह थी 'बुलबुल'। 2020 में रिलीज हुई बुलबुल की कहानी तृप्ति के ही इर्द-गिर्द घूमती है।

### कराची में नए साल की खुशी में गोलीबारी, 30 घायल, 65 गिरफ्तार

**कराची।** पाकिस्तान की सांस्कृतिक, आर्थिक और शैक्षणिक राजधानी कराची में नए साल पर हिंसा को रोकने के पुलिस के तमाम इंतजाम और प्रतिबंध धरे रह गए। आधीरात को घड़ी की टिक-टिक के साथ कराची की गलियां गोलियों की आवाज से दहल उठीं। इस गोलीबारी में कम से कम 30 लोग हो गए। पुलिस ने 65 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार समूचे महानगर में नए साल की रात को जमकर हवाई फायरिंग हुई। इसमें 30 से अधिक लोग घायल हो गए। हत्या के प्रयास के आरोप में 65 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सबसे ज्यादा गोलीबारी उत्तरी नाजिमाबाद, लियाकताबाद सी-आई एरिया, रिजविया सोसाइटी, हुसैनाबाद, बहादराबाद, शाह फैसल कॉलोनी, केमारी, नेटिव जेट्टी ब्रिज, ल्यारी, रैंचोर लाइन, क्लिफ्टन बाल्डिया टाउन, उत्तरी कराची, सी व्यू, कोरंगी, डालमिया, गुलशन-ए-इकबाल 13-डी, लाइंस एरिया, महमूदाबाद, पीआईबी कॉलोनी और मालिर में हुई है।

**रिपोर्ट्स** पाकिस्तान के रिटर्निंग अधिकारियों ने राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर पर की कार्रवाई

# पाक में 3,000 से ज्यादा उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान के रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) ने राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर पर चुनाव लड़ने के इच्छुक कम से कम 3,240 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने पुष्टि की है कि 1,024 उम्मीदवारों (934 पुरुष और 90 महिला) को नेशनल असेंबली चुनाव लड़ने की पात्रता से वंचित कर दिया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि 2,216 व्यक्ति, 2,081 पुरुष और 135 महिलाएं, नेशनल असेंबली चुनाव के लिए अप्रूवल प्राप्त करने में विफल रहे। कुल मिलाकर, 3,015 पुरुष और 225 महिलाएं आरओ की मंजूरी प्राप्त नहीं कर सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि 25,951 सबमिशन (24,698 पुरुष और 1,253 महिलाएं) में से, आरओ ने 22,711 उम्मीदवारों को हरी झंडी दी, जिनमें 21,684 पुरुष और 1,027 महिलाएं शामिल थी। नेशनल असेंबली के लिए, 6,449 उम्मीदवारों को मंजूरी मिली, जिनमें 6,094 पुरुष और 355 महिलाएं शामिल थी। आरओ ने अलग-अलग नेशनल असेंबली सीटों के लिए 16,262 नामांकन स्वीकार किए, जिनमें 15,590 पुरुष और 672 महिलाएं शामिल थी। पंजाब में नेशनल असेंबली नामांकनों के लिए सबसे अधिक संख्या में अस्वीकृतियां (521) देखी गईं, इसके बाद सिंध (166), खैबर-पख्तूनख्वा (152), ब्लूचिस्तान (92) और इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी (93) हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि नेशनल असेंबली सीटों के लिए, आरओ ने पंजाब में 943, सिंध में 520, ब्लूचिस्तान में 386 और के-पी में 367 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज किए, कुल मिलाकर 2,216। नेशनल असेंबली चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वालों की कुल संख्या 18,478 थी।



### कल तक फैसलों के खिलाफ अपील करने की अनुमति

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि जांच के बाद का चरण उम्मीदवारों को 3 जनवरी, 2024 तक अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष आरओ के फैसलों के खिलाफ अपील करने की अनुमति देता है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इन अपीलों पर 10 जनवरी, 2024 तक निर्णय लिया जाएगा, जिसके बाद 11 जनवरी, 2024 को उम्मीदवारों की एक संशोधित सूची प्रकाशित की जाएगी।

# एनआईए ने 2023 में 56 करोड़ की संपत्ति की कुर्क, 625 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) लगभग शत प्रतिशत कार्रवाई करने में सफल रही। एजेंसी से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक एनआईए ने 2023 में 94.70 प्रतिशत दोष सिद्धि दर दर्ज की और 56 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की। इस दौरान 625 लोगों को गिरफ्तार किया।

आईएसआईएस मामलों में अब तक एनआईए ने 65 आरोपित, जिहादी आतंकी मामलों में 114, मानव तस्करी के मामलों के 45, आतंकवादी और संगठित आपराधिक गतिविधि के 28 आरोपित और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) मामलों के 76 आरोपितों को गिरफ्तार किया। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने 2023 में कुल 68 मामले दर्ज किए। 2023 के दौरान दोषी ठहराए गए 74 आरोपितों को सजा के रूप में कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई। एनआईए 2023 में 47 आरोपितों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने में कामयाब रही। एनआईए ने अमृतपाल सिंह उर्फ अम्मी, अमरीक सिंह, मनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह को फिलीपींस से निर्वासित किया था। विक्रम बरार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से निर्वासन के बाद गिरफ्तार किया था। निर्वासन और प्रत्यर्पण पर की गई गिरफ्तारियां अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार अपराधियों का पीछा करने के लिए एनआईए की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

